सच, सिर्फ सच
**
वॉयस ऑफ लखनऊ
सोमवार, 25 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 229, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

ब्याज दर पर फैसले से तय होगी बाजार की चाल
अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना से घरेलू शेयर बाजार में आशावाद बढ़ सकता है। } 14

संसद सत्र में व्यवधान ठीक नहीं : शाह
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद या विधानसभाएं चर्चाओं और परिचर्चाओं के स्थान हैं, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सत्र को चलने नहीं देना ठीक नहीं है। } 16

पहला एयर-ड्रॉप परीक्षण सफल
इसरो ने गगनयान मिशन के लिए किया कमाल

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आगामी गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित गति धीमी करने से संबंधित प्रणाली को परखने के लिए रविवार को पहला एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-01) सफलतापूर्वक किया। इसरो के एक अधिकारी ने बताया कि यह परीक्षण आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के निकट किया गया।

यह अभ्यास इसरो, भारतीय वायु सेना, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। गगनयान परियोजना का उद्देश्य भारत की यह क्षमता प्रदर्शित करना है कि वह मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस ला सकता है। देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के रूप में योजनाबद्ध यह परियोजना, चालक दल की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रणालियों की जांच के लिए पूर्ववर्ती मानवरहित मिशनों को भी शामिल करेगी। पैराशूट-आधारित गति धीमी करने की प्रणाली धरती पर लौटने और लैंडिंग के दौरान चालक दल के मॉड्यूल की सुरक्षित रूप से वापसी सुनिश्चित करने के संबंध में एक प्रमुख घटक है।

आत्मनिर्भर भारत की यात्रा का प्रतीक है गगनयान मिशन
भारतीय वायुसेना के कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया चार गगनयात्रियों को सम्मानित

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और अन्य तीन चुने गए गगनयात्रियों को देश के रत्न एवं राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अग्रदूत करार देते हुए रविवार को कहा कि गगनयान मिशन आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में एक नए अध्याय का प्रतीक है। सिंह ने यहां सुब्रतो पार्क में भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में चार गगनयात्रियों को सम्मानित किया।

यह समारोह एक्सिओम 4 मिशन की सफलता के बाद आयोजित किया गया है जिसमें शुक्ला भी शामिल थे और उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। सिंह ने कहा, हम अंतरिक्ष को केवल अनुसंधान के क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि कल की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, ऊर्जा एवं मानवता के भविष्य के रूप में भी देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत पृथ्वी की सतह से आगे बढ़कर अंतरिक्ष के नए क्षेत्रों की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है।रक्षा मंत्री ने कहा, हम चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं और आज देश गगनयान जैसे अभियानों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने इस उपलब्धि को न केवल प्रौद्योगिकी की दृष्टि से मील का पत्थर बताया, बल्कि ऐसे समय में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक नया अध्याय बताया, जब हम दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों के बीच गर्व से खड़े हैं। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल प्रयोगशालाओं और प्रक्षेपण यानों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हमारी राष्ट्रीय आकांक्षाओं एवं वैश्विक दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, चंद्रयान से लेकर मंगलयान तक हमने यह दिखाया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी असीमित इच्छाशक्ति सबसे चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को उल्लेखनीय उपलब्धियों में बदल सकती है। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला चार चुने गए गगनयात्री हैं। ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

झारखंडः पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन नजरबंद

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता चंपई सोरेन को सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आदिवासी संगठनों के विरोध प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था की समस्याओं से बचने के लिए रविवार को नजरबंद कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उनके बेटे बाबूलाल सोरेन और रांची जा रहे उनके समर्थकों को भी एक थाने में हिरासत में ले लिया गया है। रांची (शहर) के पुलिस उपाधीक्षक के. वी. रमन ने बताया, आदिवासी संगठनों के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर चंपई सोरेन को नजरबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार को विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और महत्वपूर्ण स्थानों पर अवरोधक लगाये गये हैं। हालांकि, चंपई सोरेन ने इस कदम को अलोकतांत्रिक करार दिया और कहा कि आदिवासियों एवं उनके विरोध का समर्थन करने के कारण उन्हें नजरबंद ...शेष पृष्ठ 14 पर

थलसेनाध्यक्ष अल्जीरिया रवाना

नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी चार दिवसीय यात्रा पर रविवार को अल्जीरिया रवाना हुए ताकि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों का विस्तार करने के तरीकों का पता लगाया जा सके। इस यात्रा से 10 महीने पहले भारत ने इस उत्तर अफ्रीकी राष्ट्र के साथ रक्षा सहयोग संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। अधिकारियों ने बताया कि जनरल द्विवेदी अल्जीरिया के शीर्ष रक्षा एवं सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे और इस दौरान विशेष रूप से दोनों थल सेनाओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अपनी सामरिक ताकत बढ़ाने के चीन के लगातार ...शेष पृष्ठ 14 पर

सिख गुरुओं ने की सनातन की रक्षा : योगी
गुरुद्वारा भवन में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार कार्यों का लोकार्पण किया

जिला संवाददाता

गोरखपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सिख गुरुओं ने अपना बलिदान देकर सनातन की रक्षा की। योगी ने रविवार को यहां पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास में वही जाति और कौम जीवित रहती है, जो अपने पूर्वजों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को जीवन का हिस्सा बनाती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा, सिख गुरुओं ने सदैव सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

उनकी वीरता, त्याग और बलिदान देश की आत्मा में आज भी जीवित है। इस अवसर पर उन्होंने पर्यटन विकास कार्यों, गुरुद्वारा भवन के नए स्वरूप और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार कार्यों का लोकार्पण किया। पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर आयोजित समागम में मुख्यमंत्री ने गुरुवाणी सुनी और संगत में शामिल हुए। गुरुद्वारा समिति की ओर से उन्हें प्रतीक चिह्न और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं की परंपरा अनुपम और अटूट रही है। गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह जी महाराज तक, हर गुरु ने सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि जब भी भारतीय संस्कृति पर संकट आया, सिख गुरुओं ने आगे बढ़कर अपने बलिदान से उसे बचाया। योगी ने विशेष रूप से गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को याद किया। उन्होंने कहा कि उनके बलिदान के 350वें वर्ष में देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास से नगर कीर्तन और ...शेष पृष्ठ 14 पर

संवेदनशीलता से करें जन समस्याओं का निस्तारण : सीएम

गोरखपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने ध्यान से उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता और संवेदनशीलता से किया जाए।योगी आदित्यनाथ ने कहा, समस्याओं के निस्तारण में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। बयान के अनुसार, गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मिले और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की और सभी को आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले या कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा न जाए। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्वाई की जाए। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

बिहारः आयोग को मिले 98 फीसद मतदाताओं के दस्तावेज

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने रविवार को कहा कि 98.2 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज प्राप्त हो चुके हैं और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित बिहार की मसौदा मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए अब आठ दिन बचे हैं। आयोग ने कहा कि दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि में मतदाताओं को न केवल मसौदा सूची में हुईं गलतियों को सुधारने बल्कि अपने आवश्यक दस्तावेज जमा कराने का भी अवसर मिलता है, जो उन्होंने अपने गणना प्रपत्र जमा करते समय उपलब्ध नहीं कराए होंगे।

आयोग ने कहा, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक 98.2 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज प्राप्त हो चुके हैं। आयोग ने कहा कि 24 जून से 24 अगस्त तक 60 दिन में 98.2 प्रतिशत लोगों ने अपने दस्तावेज जमा कर दिए हैं। आयोग ने कहा, इसका मतलब है कि प्रतिदिन औसतन लगभग 1.64 प्रतिशत लोगों ने दस्तावेज जमा कराए। एक सितंबर तक आने में आठ दिन बाकी हैं और 1.8 प्रतिशत मतदाताओं ने दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। उच्चतम न्यायालय ने अब चुनाव अधिकारियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के इच्छुक लोगों से आधार या सूचीबद्ध 11 दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज स्वीकार करने को कहा है। निर्वाचन आयोग ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह बिहार में चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए उस पर भरोसा जताए।

धामी ने चमोली आपदा पीड़ितों का सुना दुख-दर्द
सीएम ने आपदा प्रभावितों को राहत राशि के चेक बांटे

प्रमुख संवाददाता

थराली (चमोली)। चमोली जिले में बादल फटने से मची तबाही के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को आपदा प्रभावित थराली क्षेत्र पहुंचे। सीएम ने राहत शिविरों का निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने जैसे ही आपदा प्रभावित लोगों को देखा, उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और प्रोटोकॉल तोड़कर पीड़ितों के बीच पहुँचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में सरकार हर पल पीड़ितों के साथ खड़ी है और किसी को भी अकेला महसूस नहीं होने दिया जाएगा। सीएम धामी ने प्रभावितों को राहत राशि के चेक सौंपे। पूर्णतः क्षतिग्रस्त मकान के स्वामियों व मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की तत्काल सहायता दी गई। सीएम धामी ने बेघर परिवारों के पुनर्वास की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिये।कुलसारी, चेपड़ो और थराली में राहत शिविरों में भोजन, चिकित्सा और बिजली-पानी की व्यवस्था पर सख्त निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को अलर्ट मोड में रहकर काम करने और किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। कुलसारी राहत शिविर में ठहरे आपदा प्रभावितों से मुख्यमंत्री ने व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पीड़ितों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और पूरी ...शेष पृष्ठ 14 पर

पंजाबः एलपीजी टैंकर में लगी आग, सात मरे
हादसे में जलीं 15 दुकानें और मकान, अस्पताल पहुंचे मान सरकार के कई मंत्री

एजेंसी

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में एलपीजी टैंकर में आग लगने की घटना में चार और लोगों की झुलसने से मौत हो गई, जिससे मृतक संख्या बढ़कर सात हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। होशियारपुर की उपायुक्त आशिका जैन ने कहा कि मंजीत सिंह (60), विजय (17), जसविंदर कौर (65) और आराधना वर्मा (30) ने रात में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि ये सभी मंडियाला से थे।

सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार ने बताया कि चारों लोग 90 प्रतिशत से अधिक झुलस चुके थे और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। पंजाब के होशियारपुर-जालंधर मार्ग पर मंडियाला अड्डे के पास रात 10 बजे एक वाहन की टक्कर के बाद एलपीजी टैंकर में विस्फोट हुआ और आग लग गई थी। पुलिस ने बताया कि आग तेजी से फैली और इसने आसपास की लगभग 15 दुकानों तथा कम से कम चार घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी जबकि 21 व्यक्ति घायल हो गए। वहीं, शनिवार को एक और व्यक्ति की झुलसने से मौत हो गई। पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, टैंकर राम नगर ढेहा लिंक रोड की ओर मुड़ रहा था, तभी उसकी टक्कर सब्जी से लदे एक अन्य वाहन से हो गई। दोनों वाहनों में आग लग गई। डॉ. पवन कुमार ने बताया कि घटना के तुरंत बाद एक व्यक्ति को होशियारपुर के सरकारी अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं, एक तीसरे व्यक्ति ने अमृतसर के सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। मंडियाला और आसपास के गांवों के कई निवासियों ने शनिवार सुबह इस घटना के खिलाफ धरना दिया और होशियारपुर-जालंधर सड़क के दोनों ओर साढ़े तीन घंटे से अधिक समय तक वाहनों की आवाजाही बाधित रखी। प्रदर्शनकारियों ने मुआवजे और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्वाई की मांग की। उपायुक्त जैन ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि घायलों को पंजाब सरकार की फरिश्ता योजना के तहत मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। पंजाब के कई मंत्रियों और सांसदों सहित विभिन्न नेताओं ने अस्पतालों में जाकर घायलों से मुलाकात की। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को होशियारपुर एलपीजी टैंकर विस्फोट में ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	31.06 डिसे.
न्यूनतम	:	27.04 डिसे.

भीतर पढ़ें
- लखनऊ में आदि कर्मयोगी अभियान का स्टेट प्रोसेस लैब शुरू (पृष्ठ-02)
- रूस और यूएई में भारतीय श्रमिकों की डिमांड बढ़ी (पृष्ठ-02)
- कंपनियों की बाजार पूंजीकरण 1.72 लाख करोड़ बढ़ी (पृष्ठ-14)
- खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों की संख्या नहीं घटी (पृष्ठ-14)
- सरकार कर रही 25,000 करोड़ की सहायता योजना पर विचार (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

आवारा कुत्तों को लेकर राज्य सरकारों को दिया अल्टीमेटम
सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एक्शन में केंद्र सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। आवारा कुत्तों की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के बाद केंद्र सरकार भी हरकत में आ गई है। अब राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है कि उन्हें कम से कम 70 प्रतिशत कुत्तों की नसबंदी और एंटी-रैबिज टीकाकरण करना अनिवार्य होगा। पहले केंद्र की भूमिका केवल सुझाव तक सीमित थी, अब इसे बाध्यकारी बनाकर राज्यों की जवाबदेही तय कर दी गई है। प्रत्येक राज्य को हर महीने अपनी प्रगति रिपोर्ट भेजनी होगी, ताकि कार्रवाई केवल कागजों में बंद न रह जाए।

सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कहा है कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उनकी मूल जगह पर ही छोड़ा जाए। इसी निर्देश के अनुरूप केंद्र ने भी अपनी नीति बदली है। पशुपालन मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि यदि कोई राज्य पीछे रहा तो उसकी जवाबदेही तय होगी। केंद्र की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पत्र की प्राप्ति की पुष्टि और तत्काल कदमों का ब्यौरा भी मांगा गया है। नसबंदी और टीकाकरण पर प्रति कुत्ता 800 रुपये तथा प्रति बिल्ली 600 रुपये का अनुदान का प्रबंध किया जाएगा। बड़े नगरों में फीडिंग जोन, रैबिज नियंत्रण इकाइयां बनाने एवं आश्रय स्थलों के उन्नयन के लिए अलग से फंड दिया जाएगा। छोटे आश्रयों को 15 लाख रुपये और बड़े आश्रयों को 27 लाख रुपये तक सहायता मिलेगी। पशु अस्पतालों एवं आश्रयों के लिए दो करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा।

केंद्र ने राज्यों को लिखे पत्र में संशोधित पशु जन्म नियंत्रण मॉडल को मानक संचालन प्रक्रिया के रूप में अपनाने को कहा है। बड़े नगरों में भोजन क्षेत्र, चोबीसों घंटे हेल्पलाइन एवं रैबिज नियंत्रण इकाइयों की स्थापना पर विशेष जोर है, ताकि नसबंदी एवं टीकाकरण का काम बिना रुकावट चलता रहे। इससे अनियंत्रित प्रजनन पर अंकुश लगेगा और नागरिक सुरक्षा में ठोस सुधार होगा। योजना को जमीन पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

एकीकृत हवाई रक्षा प्रणाली का उड़ान परीक्षण सफल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने उभरते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर अपनी बढ़ती सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए ओडिशा तट से एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली (आईएडीडब्ल्यूएस) का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार आईएडीडब्ल्यूएस एक बहुस्तरीय हवाई रक्षा प्रणाली है जिसमें त्वरित प्रतिक्रिया वाली सतह से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल (क्यूआरएसएएम), बहुत कम दूरी की हवाई रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) मिसाइल और उच्च शक्ति वाली लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) प्रणाली शामिल हैं। स्वदेशी हवाई रक्षा प्रणाली का शनिवार 12:30 बजे ओडिशा तट से उड़ान परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उड़ान परीक्षणों के लिए आईएडीडब्ल्यूएस को विकसित करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

हर प्रोजेक्ट के लिए तय होगी अफसरों की जवाबदेही : मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने गोरखपुर में की विकास परियोजनाओं की समीक्षा, किसी परियोजना में खामी मिली तो संबंधित लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि हर विकास परियोजना को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

हर परियोजना के लिए एक नोडल अधिकारी बनाया जाए जो कार्य की नियमित निगरानी करें। यदि किसी परियोजना में ठेकेदार की लापरवाही मिले तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। किसी विकास परियोजना में कोई खामी मिली, गुणवत्ता से समझौता किया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई तय है। हर परियोजना के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

- **विकास परियोजनाओं की नियमित निगरानी करें नोडल अधिकारी : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री, रविवार को दोपहर बाद गोरखपुर के एनेक्सी भवन में जिले में जारी विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। गोरखपुर में चल रही विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि विकास कार्यों से गोरखपुर के प्रति पूरे देश में मजबूत सकारात्मक धारणा बनी है। विकास कार्यों में किसी भी तरह का व्यवधान नहीं आना चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वह हर विकास परियोजना की प्रगति की जानकारी उस प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी से खुद लेते रहें। सीएम ने पीएसी महिला बटालियन, खजांची बाजार, पादरी बाजार, बरगदवा, गोरखनाथ, पैडलेगंज-नौसढ़ फ्लाईओवर, भोपा बाजार ओवरब्रिज सहित सभी बड़ी विकास परियोजनाओं में तेजी लाते हुए निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।



बीमारियों से बचाव को चलायें जागरूकता अभियान : समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूर्वांचल के लिए अभिशाप रहे इंसेफेलाइटिस (जेई और एईएस) को नियंत्रित कर लिया गया है। पर, सतत सावधानी की जरूरत है। इसी तरह डेंगू और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जनता को जागरूक करते रहना होगा। इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता और स्वच्छता से जुड़े अभियान चलाए जाएं। जागरूकता को लेकर प्रचार-प्रसार को बढ़ाया जाए। यह कार्य सभी नगर निकायों में हो।

पनपने न दें मेडिकल माफिया : मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर सहित पूरे प्रदेश में माफियाराज को ध्वस्त कर दिया गया है। मेडिकल पेशे में कभी-कभी एम्बुलेंस माफिया या मरीजों को भर्ती कराने में बिचौलियों के खेल की शिकायतें आती हैं। इस पर सतत सख्ती जरूरी है। ऐसी कार्रवाई की जाए जिससे मेडिकल फील्ड में कोई माफिया पनपने न पाए।

न लगने पाए जाम, स्ट्रीट वेंडर्स का करें व्यवस्थित पुनर्वास : सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर की प्रतिस्पर्धा बड़े स्मार्ट शहरों से हो रही है। ऐसे में सुगम यातायात अपरिहार्य है। यातायात पुलिस और नगर निगम मिलकर ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे शहर में कहीं जाम न लगने पाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि सड़क पर ठेले-खोमचे न लगें। इसके लिए स्ट्रीट वेंडर्स का व्यवस्थित पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए।

यूनिफॉर्म में ही आएं सरकारी स्कूलों के बच्चे : मुख्यमंत्री ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के यूनिफॉर्म, बैग, जूता-मोजा आदि के लिए सरकार उनके अभिभावकों के बैंक खातों में धनराशि भेजती है। ऐसे में इस बात का ध्यान रखा जाए कि यह धनराशि इसी के लिए खर्च हो। विद्यालयों की जांच कर यह व्यवस्था बनाई जाए कि बच्चे यूनिफॉर्म में ही स्कूल आएं। इससे बच्चों के बीच समन्वय और सकारात्मक, अनुशासित माहौल बनेगा।

जनप्रतिनिधियों को करायें बाल वाटिका का भ्रमण : मुख्यमंत्री ने जिले में बच्चों के लिए प्री स्कूलिंग से पहले खोले गए बाल वाटिका की जानकारी ली। बताया कि यह एक शानदार पहल है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनप्रतिनिधियों को भी बाल वाटिका का भ्रमण कराएं और जरूरत पड़ने पर बाल वाटिका के लिए उनका सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों के लिए संचालित प्रोजेक्ट अलंकार की भी समीक्षा की और कहा कि इसके तहत हो रहे निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए।

गोड़धोइया नाला प्रोजेक्ट में तेजी से हो काम : सीएम योगी ने शहर में जलजमाव दूर करने के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट गोड़धोइया नाला की भी समीक्षा की। कहा कि इसके निर्माण में और तेजी लाने की आवश्यकता है। बरसात से अगर काम प्रभावित हो रहा हो तो वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर काम को सुचारू तरीके से आगे बढ़ाया जाए।

एसटीपी बनाने वाली फर्म ही करे दस साल अनुरक्षण : मुख्यमंत्री ने शहर में अमृत योजना के तहत एसटीपी निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण के बाद मेंटीनेंस भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि निर्माण कराने वाली फर्म से अगले दस साल के अनुरक्षण के लिए भी एग्रीमेंट होना चाहिए।

कहीं पेड़ काटना पड़े तो नया पौधा लगाना भी सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी विकास परियोजना को आगे बढ़ाने में यदि कहीं पेड़ काटना पड़े तो उसके एवज में नया पौधा लगाना भी सुनिश्चित किया जाए। पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी जरूर लगाया जाए। समीक्षा बैठक में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सीपी चंद और प्रशासन व विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

रूस और यूएई में भारतीय श्रमिकों की डिमांड बढ़ी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा में आयोजित रोजगार मिशन इन्डस्ट्री कनेक्ट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सरकार का लक्ष्य 25 हजार युवाओं को विदेशों में तथा 3 लाख युवाओं को देश के भीतर रोजगार से आच्छादित करना है।

- **रोजगार मिशन कार्यक्रम में मंत्री अनिल राजभर ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया**
- **सरकार का लक्ष्य इस वर्ष 25 हजार युवाओं को विदेश और 3 लाख को देश में रोजगार देना**

श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी ने कहा कि शिक्षा एवं रोजगार एक-दूसरे के पूरक हैं। युवाओं को शिक्षित और प्रशिक्षित कर ही रोजगार से जोड़ा जा सकता है। ब्रिक्स चौम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष हरवंश चावला ने कहा कि रूस को इस वर्ष भारत से एक लाख कुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमिकों की आवश्यकता है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात में भी बड़ी संख्या में श्रमशक्ति की मांग है और उत्तर प्रदेश इस पूर्ति में सक्षम है।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एम.के.एस. सुन्दरम ने बताया कि सरकार की विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं से बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय कमी आई है। सेवायोजन निदेशक नेहा प्रकाश ने स्वागत संबोधन में कार्यक्रम की महत्ता व विभागीय गतिविधियों का विवरण दिया। अपर निदेशक पी.के. पुंडीर ने रोजगार संगम पोर्टल और विभागीय योजनाओं का पीपीटी प्रस्तुतीकरण किया। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की संयुक्त निदेशक शैलजा सिंह ने एनसीएस पोर्टल की विशेषताओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी, प्रमुख सचिव डॉ. एम.के.एस. सुद्रम, निदेशक नेहा प्रकाश ने किया। इस अवसर पर मंत्री अनिल राजभर ने विभागीय कार्यक्रमों से संबंधित बुकलेट का विमोचन भी किया। विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों, शैक्षिक एवं व्यवसायिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

ग्राम चौपालों में निपट रही जन समस्याएं

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेर्शों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

लखनऊ में आदि कर्मयोगी अभियान का स्टेट प्रोसेस लैब शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित स्टेट प्रोसेस लैब का शुभारंभ रविवार हो गया। यह कार्यक्रम 24 से 27 अगस्त तक चलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर आधारित यह अभियान जनजातीय समाज तक शासन की योजनाओं को पहुंचने और अधिकारों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। प्रदेश में इस अभियान का नोडल विभाग जनजाति कल्याण विभाग है। विभाग विभिन्न विभागों टीआरआई, ग्राम्य विकास, वन, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जलापूर्ति के साथ मिलकर योजनाओं के लाभ को जनजातीय समाज तक पहुंचाने का समन्वय कर रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय समाज को शासन की मुख्यधारा से जोड़ने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पारदर्शी रूप से और सामुदायिक भागीदारी से संपन्न होगा, जो हमारे अधिकारियों और सहयोगियों को जनजातीय समाज को सशक्त बनाने के लिए दक्षता प्रदान करेगा। कार्यक्रम में समाज कल्याण अपर मुख्य सचिव वेंकटेश्वर लू, निदेशक जनजाति विकास उत्तर प्रदेश शिव प्रसाद, जनजातीय कार्य मंत्रालय, निदेशक अरविंद कुमार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, उप निदेशक शिल्पा तनेजा तथा जनजाति विकास उत्तर प्रदेश की उप निदेशक डॉ प्रियंका वर्मा उपस्थित रहीं। इस चार दिवसीय स्टेट प्रोसेस लैब में स्वास्थ्य, वन विभाग, आईसीडीएस और ग्राम्य विकास विभाग के 4 मास्टर ट्रेनर तथा उत्तर प्रदेश के 7 जनपदों (सोनभद्र, लखीमपुर खीरी, बहराइच, मिजार्पुर, चंदौली, गोंडा और ललितपुर) से 45 डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण किया जाएगा, जिन्हें आगे ब्लॉक और गांव स्तर तक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी। यह पहल गांव -गांव तक पहुंचकर न केवल शासन की योजनाओं को सुलभ बनाएगी, बल्कि जनजातीय समाज को सशक्त, आत्मनिर्भर और सहभागी बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। एक लाख से अधिक जनजातीय गांवों में संचालित होकर यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करेगा। इसमें 550 से अधिक जिलों और लगभग 3000 ब्लॉकों को शामिल किया गया है।

- **जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की नई पहल...**
- **जनजाति कल्याण विभाग बना नोडल – विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर रहा कार्यान्वयन**
- **जनजातीय समाज को आत्मनिर्भर और सहभागी बनाने की दिशा में बड़ा कदम**

शिक्षक राजनैतिक दृष्टिकोण की दिशा और दशा बदल सकते हैं : अविनाश पाण्डेय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों/कार्यकताओं की एक दिवसीय शिक्षक प्रकोष्ठ प्रतिनिधि चिंतन कार्यशाला अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यशाला में प्रो. प्रदीप सिंह प्रदेश महामंत्री फुपुक्टा एवं डॉ. रविकांत प्रोफेसर लखनऊ विश्वविद्यालय मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यशाला का संयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर डॉ अमित राय ने एवं संचालन को-कोऑर्डिनेटर डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता ने किया।

- **सभी विश्वविद्यालयों में आर.एस.एस का कब्जा होता जा रहा है : अजय राय**
- **कांग्रेस मुख्यालय में एक दिवसीय शिक्षक प्रकोष्ठ प्रतिनिधि चिंतन कार्यशाला आयोजित**

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उप अविनाश पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता हैं। प्रदेश में चल रहे संगठन सृजन कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रकोष्ठ समय-समय पर बड़ी भूमिका का निर्वहन करता रहा है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रदेश में नई क्रांति का संचार होगा। एक प्रभारी के रूप में मेरी बहुत सारी उम्मीदें इस प्रकोष्ठ से जुड़ी हुई हैं। क्योंकि मैं एक छात्र आंदोलन से चलकर यहां तक पहुंचा हूं। लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई जो आज राहुल गांधी सड़कों पर उतरकर लड़ रहे हैं उसे सफल बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि शिक्षक राजनैतिक दृष्टिकोण की दिशा और दशा दोनों बदल सकते हैं। श्री पाण्डेय ने बताया कि संगठन सृजन के तहत प्रदेश भर के सभी जनपदों एवं स्कूल और कॉलेज में शिक्षक प्रकोष्ठ की यूनिट का गठन किया जाएगा। शिक्षक प्रकोष्ठ जिलों और मंडलों में गोष्ठियों का आयोजन करेगा जिसमें शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा होगी। शिक्षकों की समस्याओं को लेकर दिसंबर माह में प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ उतरेगी और शिक्षक प्रकोष्ठ वोटर बनवाने के साथ-साथ एनएसयूआई और यूथ को भी मजबूती प्रदान करेगा।

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि शिक्षक समाज के अगुवा हैं वह समाज को दिशा दिखाने का काम करते हैं। आज जिस तरह की तानाशाही सरकार सत्ता में काबिज है उसे उखाड़ फेंकने में शिक्षक वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। आज केंद्रीय हिंदू विश्वविद्यालय सहित सभी विश्वविद्यालयों में आर.एस.एस का कब्जा होता जा रहा है। शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। इससे लड़ने का कार्य शिक्षक प्रकोष्ठ को करना है। प्रो. रविकांत ने कहा कि गांधी और अम्बेड़कर का लक्ष्य एक था। गांधी जी ने संविधान निर्माण का कार्य बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को सौंपकर सामाजिक न्याय की जो अलख जलाई थी उसे आज जननायक राहुल गांधी आगे ले जा रहे हैं। आज के दौर में शिक्षकों की भूमिका बढ़ गई है जिस तरह समाज के हर वर्ग प्रताड़ित हो रहा है उसमें समाज को संघर्ष करने का जज्बा शिक्षक समाज ही भर सकता है। जिस तरह भर्तियों में आरक्षण का पालन नहीं हो रहा है उसके लिए कांग्रेसजनों को ही सड़क पर उतरकर भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष करना होगा।

खाद संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में खाद का संकट है। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। पूरे प्रदेश का किसान खाद के लिए लाइनों में लगा है। कई जगह खाद में लाइन में लगे-लगे बुजुर्ग किसानों की जान चली गयी लेकिन तब भी खाद नहीं मिली।

प्रदेश में खाद संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। सरकार बताए कि खाद कहां है? इस सरकार में किसान पर चौतरफा संकट हैं एक तरफ फसलों के लिए खाद नहीं है, दूसरी तरफ जंगल से सटे जिलों में जंगली जानवर के हमलों में किसानों की जानें चली जा रही है। कहीं गुलदार हमले कर रहे है तो कहीं भेड़िया और बाघ के हमले में जान जा रही है। बिजनौर, पीलीभीत, लखीमपुर, सीतापुर, बलरामपुर जिलों में जंगली जानवरों के हमले में कई किसानों और बच्चों की मौत हो चुकी है। समाजवादी पार्टी लगातार सदन से सड़क तक किसानों की आवाज उठा रही है लेकिन भाजपा सरकार को नहीं सुनाई दे रहा है। ऐसा लगता है कि प्रदेश में सरकार ही नहीं है। प्रदेश में न खाद है और न किसान सुरक्षित है। समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में रविवार को आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार झूठ बोलती है। यह सरकार झूठी है। झूठ बोलना इसकी आदत है। प्रदेश में इस सरकार ने जिन स्कूलों को बंद किया था या जिनका मर्जर किया था उन्हें फिर नहीं शुरू किया गया। सरकार ने विधान सभा में, सदन में भी झूठ बोला कि स्कूलों को बंद नहीं किया जाएगा जिससे लोग भरोसा कर लें। समाजवादी पार्टी से निष्कासित विधायक पूजा पाल के आरोपों पर अखिलेश यादव ने कहा कि बात समझ में नहीं आयी कि जो मुख्यमंत्री से मिल रहा हो उसे दूसरे दल के नेता और पार्टी से कैसे खतरा है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने केन्द्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखा है। सरकार इसकी जांच करें। हमें राज्य सरकार पर भरोसा नहीं है, केन्द्र सरकार इसकी जांच कर सच्चाई सामने लाये। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया है। उसके कार्यकर्ता फ्रस्टेट है।

- **सपा निष्कासित विधायक पूजा पाल के आरोपों पर सपा केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर जांच की मांग की**

योगी सरकार में बढ़ा सिख गौरव का सम्मान, सनातन परंपरा से जुड़ा नया आयाम

गोरखपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में एक बार फिर सिखों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को याद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटन विकास कार्यों, गुरुद्वारा भवन के नए स्वरूप और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार कार्यों का भी शुभारंभ किया। विगत साढ़े 8 वर्षों में सिखों के धार्मिक स्थलों के विकास से लेकर उनके सम्मान के लिए जो काम सीएम योगी ने कर दिखाया है, उसकी कल्पना दशकों तक किसी ने नहीं की थी। जिस सिख परंपरा ने सनातन और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने नन्हें साहिबजादों तक का बलिदान दिया, वही परंपरा पिछली सरकारों की उपेक्षा का शिकार रही। न तो उनके बलिदान को पाठ्यक्रमों में स्थान मिला, न ही सार्वजनिक जीवन में वह सम्मान, जिसके वे अधिकारी थे। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपेक्षित धरोहर को नया जीवन दिया। सत्ता संभालने के बाद उन्होंने न केवल सिख समुदाय के गौरव को पुनर्जीवित किया, बल्कि स्पष्ट किया कि सिख परंपरा सनातन संस्कृति की उस महान धारा का हिस्सा है, जिसमें बलिदान और धर्म रक्षा सर्वोपरि हैं। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास पहली बार सिख श्रद्धा का केंद्र बना–जहां गुरुवाणी गूंजी, साहिबजादों के बलिदान की गाथा सुनाई गई और नई परंपराओं की शुरूआत हुई। स्वयं मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारों में शीश नवाकर और सिख प्रतिनिधिमंडलों से सतत संवाद करके यह संदेश दिया कि सिखों का गौरव सनातन और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का अविभाज्य हिस्सा है।

- **पाठ्यक्रम में पहली बार सिख गुरुओं के गौरवशाली इतिहास को किया गया शामिल**
- **मुख्यमंत्री की पहल पर राजधानी लखनऊ में खालसा चौक की हुई स्थापना**
- **सीएम योगी ने साहिबजादा दिवस को सरकारी मान्यता देकर सिख परंपरा को दिलाया सम्मान**
- **पंच तख्त यात्रा योजना के जरिए सिख श्रद्धालुओं को 10,000 तक की दी जा रही सहायता**

सिखों की विरासत का हुआ विकास : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिख समुदाय के सम्मान और उत्थान के लिए ऐसे कदम उठाए हैं, जो न केवल ऐतिहासिक हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेंगे। दिसंबर 2020 में उनकी पहल पर पहली बार सिख गुरुओं के गौरवशाली इतिहास को उत्तर प्रदेश के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। राजधानी लखनऊ के आलमबाग में ₹खालसा चौक₹ का उद्घाटन किया गया, जिससे सिख परंपरा का गौरव आम जनजीवन के बीच स्थापित हुआ। वहीं, ₹साहिबजादा दिवस₹ को सरकारी स्तर पर मनाने की शुरूआत कर योगी सरकार ने यह संदेश दिया कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों का बलिदान उतना ही पवित्र और अनुकरणीय है, जितना रामायण में लक्ष्मण का त्याग और महाभारत में अभिमन्यु का शौर्य। यह भी उल्लेखनीय है कि इस घोषणा से पहले ही मुख्यमंत्री आवास सिख श्रद्धा का केंद्र बन चुका था, जहां गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व का भव्य आयोजन हुआ, गुरुवाणी गूंजी और साहिबजादों के बलिदान को याद करने वाले आयोजन हुए। इस प्रकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल परंपराओं को जीवित किया, बल्कि सिख गौरव को सनातन संस्कृति की उस धारा से फिर जोड़ा, जिसमें बलिदान और धर्म रक्षा सर्वोपरि हैं।

पंच तख्त यात्रा योजना की ऐतिहासिक पहल : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन की सबसे बड़ी मिसाल हाल ही में शुरू की गई ह्लपंच तख्त यात्रा योजनाह्व है। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सिख श्रद्धा और सनातन संस्कृति के बीच जीवंत सेतु का प्रतीक है। पहली बार उत्तर प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सिख श्रद्धालु पंथ के पांचों पवित्र तख्त साहिबों- श्री आनंदपुर साहिब और श्री अकाल तख्त साहिब (पंजाब), श्री दमदमा साहिब (पंजाब), श्री तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब (नांदेड़, महाराष्ट्र), श्री हरमंदिर जी साहिब (पटना, बिहार) की यात्रा कर सकें। इस योजना के तहत श्रद्धालुओं को न केवल इन पवित्र स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे, बल्कि प्रति श्रद्धालु न्यूनतम 10,000 की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि योगी सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सिख परंपरा के गौरव को वास्तविक स्वरूप में समाज के बीच प्रतिष्ठित कर रही है।

सिख-नाथ परंपरा: राष्ट्रभक्ति और बलिदान की साझा धारा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर सिख गुरुओं के अमर बलिदान को स्मरण करते हैं। उनका मानना है कि सिख और नाथ परंपरा, दोनों ही राष्ट्रभक्ति और बलिदान की साझा धारा हैं। जब वे गुरुद्वारों में जाकर मत्था टेकते हैं, तो वह केवल औपचारिकता नहीं होती, बल्कि उस ऐतिहासिक रिश्ते को जीवित करने का प्रयास होता है, जिसे गुरु नानक देव जी और गोरखनाथ संप्रदाय ने सदियों पहले स्थापित किया था। उनकी सरकार ने प्रदेश में सिख तीर्थ स्थलों के विकास को प्राथमिकता दी है। गुरुद्वारों के आसपास बुनियादी ढांचे का सुधार, श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाएं और धार्मिक आयोजनों को सहज बनाने की दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर सिख परंपरा को सम्मान दिलाने के प्रयास किए हैं, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण करतारपुर कॉरिडोर है। उसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी प्रयागराज महाकुंभ जैसे आयोजनों में सिख अखाड़ों और गुरुद्वारों को विशेष स्थान देकर ठोस पहल की है।

तुष्टिकरण से परे, विरासत को सम्मान : यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारें केवल तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी रहीं। न सिख गुरुओं के बलिदान को स्थान मिला, न उनकी पहचान को उचित सम्मान। उन्हें सनातन से अलग करने के प्रयास हुए। परंतु, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह साबित कर दिया है कि जब नेतृत्व में आस्था और राष्ट्रभक्ति का संकल्प होता है, तो परंपराएं केवल जीवित नहीं रहतीं।

लखनऊ में शुभांशु का आज होगा भव्य स्वागत और सम्मान

शुभांशु शुक्ला का नागरिक अभिनंदन करेंगे सीएम योगी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग करेगा सम्मान समारोह का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ के बेटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नागरिक अभिनंदन करेंगे। शुभांशु शुक्ला हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सफल मिशन पूरा कर लौटे हैं। मिशन पूरा कर वह हाल ही में भारत आए हैं और अब पहली बार वह सोमवार को लखनऊ आ रहे हैं। इसी क्रम में योगी सरकार ने देश के नायक को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है।

मिशन पूरा कर वापस लौटे हैं शुभांशु

- लखनऊ में जन्मे शुभांशु भारतीय वायुसेना के अनुभवी पायलट हैं। वे एक्सिओम-4 मिशन में शामिल होकर पहले भारतीय बने जिन्होंने अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखा। मिशन के दौरान उन्होंने 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग किए और दुनिया भर के छात्रों से जुड़े। भारत लौटने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को अंतरिक्ष से लाया हुआ तिरंगा और मिशन पैच भेंट किया था, जो पूरे देश के लिए भावुक क्षण था। अब इसी क्रम में सोमवार को शुभांशु लखनऊ पहुंच रहे हैं और योगी सरकार ने इस अवसर पर उनके सम्मान का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभांशु शुक्ला को उत्तर प्रदेश और पूरे भारत का गौरव बताया है। मिशन पूरा कर वापस धरती पर लौटने पर उन्होंने कहा था कि अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराना हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है। आपकी उपलब्धि साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है। आज हर भारतीय, विशेषकर उत्तर प्रदेश वासी गौरवान्वित है। सीएम ने यह भी कहा कि शुभांशु की सफलता यह साबित करती है कि अब उत्तर प्रदेश का युवा हर क्षेत्र में, चाहे वह विज्ञान हो या तकनीक, दुनिया के मंच पर अपनी छाप छोड़ रहा है। ऐसे में शुभांशु का स्वागत कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन्हें सच करने की प्रेरणा देगा।

एयरपोर्ट से जनेश्वर मिश्र पुल तक सात स्थानों पर भाजपा करेगी स्वागत

लखनऊ। अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष यात्रा से वापसी के बाद पहली बार अपने घर लखनऊ आगमन पर भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से भव्य स्वागत किया जाएगा। स्वागत तैयारी के लिए पार्टी कार्यालय पर बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता महानगर आनन्द द्विवेदी ने की। साथ ही महापौर सुषमा खर्कवाल भी उपस्थित रहीं। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि उनका अंतरिक्ष मिशन देश और हम सब लखनऊ वासियों के लिए गौरव का विषय है। शुभांशु शुक्ला का ये मिशन सिर्फ अंतरिक्ष यात्रा नहीं है। ये भारत की आकांक्षाओं, वैज्ञानिक उपलब्धियों और आत्मविश्वास की कहानी है, जो भारत को वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। सोमवार को लखनऊ आगमन पर जनता, जनप्रतिधियों, पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की ओर से पुष्प वर्षा के साथ स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि एयरपोर्ट, लक्ष्मण मूर्ति चौराहा, रमाबाई पुलिस चौकी, सुल्तानपुर मोड जनता ढाबा, डी पी एस स्कूल के बाहर लूलू मॉल के सामने, जी 20 मोड पर जनेश्वर मिश्रा पुल के समीप सात स्थानों पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तिरंगे के साथ स्वागत के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ उपस्थित रहेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि पूरे देश में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने भारत और लखनऊ का नाम रौशन किया है। लखनऊ आगमन पर उनका भव्य स्वागत जगह जगह किया जाएगा। इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई हैं।

शुभांशु के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी

■ शुभांशु शुक्ला सोमवार को सुबह 8.15 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। ■ एयरपोर्ट पर स्पेशल बैंड बाजे के साथ उनका स्वागत किया जाएगा। ■ सीएमएस स्कूल के बच्चे एयरपोर्ट पर शुभांशु का स्वागत करेंगे। ■ सुबह लगभग 8.45 बजे एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा में कार से शहीद पथ के रास्ते जी-20 चौराहे पर पहुंचेंगे। ■ जी-20 चौराहे पर सीएमएस की तरफ से एक ट्रक को रथ की तरह तैयार रखा जाएगा। ■ जी-20 चौराहे पर सीएमएस के बच्चे सलामी देते हुए शुभांशु का स्वागत करेंगे। ■ स्पेशल रथ पर शुभांशु सवार होकर लगभग 6 किलोमीटर दूर स्थित सीएमएस गोमती नगर विस्तार पहुंचेंगे। ■ सीएमएस स्कूल में बच्चों की मौजूदगी में शुभांशु का अभिनंदन किया जाएगा। ■ दोपहर 12 बजे शुभांशु मीडिया के कुछ चुनिंदा सवालों के जवाब देंगे। ■ दोपहर 3 बजे शुभांशु शुक्ला सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने उनके सरकारी आवास पर जायेंगे। ■ सीएम से मुलाकात के बाद लोकभवन जायेंगे। ■ लोकभवन के कार्यक्रम के बाद शुभांशु अपने त्रिवेणी नगर स्थित घर पर चले जायेंगे।

शुभांशु का घर बंदनवार से सजाया गया

त्रिवेणी नगर स्थित उनके अवास के सामने सीमेंटेड सड़क बना दी गई है। उनका पूरा घर सजाया गया है। शुभांशु का घर बंदनवार से सजाया गया है। नगर निगम की ओर से एक रोड शुभांशु शुक्ला के नाम पर रखने का एलान किया गया है। हालांकि, तीन दिन के लखनऊ प्रवास में शुभांशु विशेष सुरक्षा में नैमिष गेस्ट हाउस में ही रुकेंगे।

व्यापारियों ने बाजारों में केक काटकर मनाया स्थापना दिवस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का 21वा स्थापना दिवस राजधानी की विभिन्न बाजारों में धूमधाम से मनाया गया। व्यापारियों ने केक काटे, गोष्ठिद्यां की और क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किए। संगठन की तकरोही बाजार इकाई में कुलदीप यादव के नेतृत्व में, संजय गांधी पुरम में व्यापारी नेता श्याम सुंदर अग्रवाल के नेतृत्व में, बादशाहनगर में अध्यक्ष मुहम्मद फुरकान, रिंग रोड पर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा एवं महामंत्री पंकज अरोड़ा, मटियारी बाजार में ट्रांस गोमती चेयरमैन अशोक यादव, अमीनाबाद गुइन रोड पर अमीनाबाद प्रभारी हिमांशु गुप्ता, गोमती नगर में व्यापारी नेता देवेन्द्र अग्रवाल, हर्ष श्रीवास्तव, अयोध्या रोड पर कार्यवाहक अध्यक्ष सोनू अग्रवाल एवं योगेन्द्र योगेन्द वर्मा, मुंशीपुलिया मार्केट में विवेक यादव ,मुहम्मद ताहिर के नेतृत्व में व्यापारियों ने केक काटे एवं धूमधाम से संगठन का इक्कीसवां स्थापना दिवस मनाया।

चांद दिखा, पांच को मनाया जायेगा बारावफात

लखनऊ। बारावफात के महीने का आगाज हो गया है। मरकजी चांद कमेटी महल के सदर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने ऐलान किया कि रविवार को रबीउल अव्वल का चांद हो गया है। इसलिए रबीउल अव्वल की पहली तारीख सोमवार को होगी और मीलादुन्नबी पांच सितम्बर को होगा। वहीं मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने भी रबीउल अव्वल का चांद दिखने की सूचना दी। मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि अय्यामे अजा का आखिरी दिन एक सितम्बर और ईदे जहरा दो सितम्बर को होगी। चांद दिखने से तय हो गया है कि बारावफात का पर्व पांच सितम्बर को मनाया जाएगा। इस दिन शहर में दो बड़े जुलूस निकलेंगे। जुलूस मदहे सहाबा और जुलूस ए मोहम्मदी दोनो ही तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

गोमती पार आने-जाने के लिए उपलब्ध करायी नाव

लखनऊ। गोमतीनगर नदी मे आई बाढ़ को देखते हुए पीपे का पुल हटा देने से पुराने लखनऊ के लोगों को फैजुल्लागंज एंव ऊस पार के अन्य क्षेत्रों में आने जाने मे काफी परेशानी हो रही है। लोगों को काफी धूम कर आना जाना पड़ता था। उक्त समस्या के अस्थाई समाधान के लिए एक नई नाव समाजिक कार्यकर्ता अजय त्रिपाठी मुन्ना, होरी लाल लोधी, अमर सिंह पटेल, डाक्टर मुश्ताक और अन्य क्षेत्र वासियो के सहयोग से उपलब्ध कराई गई है। आम जनता को गोमतीनगर नदी के गऊ धाट पीपे वाले के पास समर्पित की जिससे बरसात में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र मे पुराने लखनऊ से फैजुल्लागंज क्षेत्र मे आने जाने वालों को असुविधा न हो। गऊ धाट पर बने पीपे वाले पुल की जगह पर पक्का पुल बनाए जाने का निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। जो अगले वर्ष तक बन कर तैयार हो जाएगा। उक्त पुल के बनने से पुराने लखनऊ के लोग बहुत आसानी से फैजुल्लागंज और सीतापुर रोड इस तरफ से आ जा सकेंगे।

महानगर और गोल मार्केट क्षेत्र में सीएम ग्रिड के कामों का निरीक्षण

लखनऊ। राजधानी में विकास कार्यों को गति देने और समयबद्ध रूप से पूरा कराने की दिशा में नगर निगम लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में रविवार को नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने सीएम ग्रिड योजना के तहत महानगर एवं गोल मार्केट क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा और अभियंत्रण विभाग के अन्य अभियंता भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी नगर आयुक्त को दी।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मौके पर अधिकारियों के साथ सड़कों की गुणवत्ता, इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने की प्रक्रिया तथा अन्य विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को हिदायत दी कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता न हो और उपयोग की जा रही सामग्री की नियमित जांच की जाए। साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि सड़क और टाइल्स बिछाने के कार्य इस तरह किए जाएं कि नागरिकों को आने वाले वर्षों तक किसी प्रकार की समस्या न हो। इस मौके पर नगर आयुक्त ने अभियंताओं को यह

भी निर्देश दिया कि कार्य पूर्ण होने के बाद स्थल की साफ-सफाई और लेवलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आसपास के लोगों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सीएम ग्रिड योजना का उद्देश्य जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए इसमें तेजी और पारदर्शिता दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन दर्ज की जाए और समय-समय पर उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। यदि कहीं तकनीकी या संसाधन संबंधी समस्या आती है, तो उसे तुरंत नगर निगम मुख्यालय को सूचित किया जाए ताकि समाधान कराया जा सके।

काली पट्टी बांधकर काम करेंगे दलित-पिछड़े अभियंता

लखनऊ। बलिया में अधीक्षण अभियंता के साथ मारपीट के मामले में विभाग के दलित और पिछड़े वर्ग के अभियंता आज काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। शनिवार को बिजली उपभोक्ता मुन्ना बहादुर सिंह ने अधीक्षण अभियंता लाल सिंह को कार्यालय में घुसकर मारपीट किये थे। जिसका वीडियों वायरल हो गया था। इस मामले में शनिवार को ही एफआईआर दर्ज हो गई थी। मामले की गंम्भीरता को देखते हुए पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की केंद्रीय कार्य समिति ने फैसला लिया गया कि घटना के विरोध में एक दिन काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी केन ने कहा कि घटना बेहद आपत्तिजनक है।

आदर्श विद्यालय के प्रबंध कार्यकारिणी ने अध्यक्ष समेत 15 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी के अहिमामऊ स्थित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रबंधन समिति का चुनाव रविवार को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा राजकीय जुबली ईटर कॉलेज लखनऊ के प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष कुमार सिंह की देख रेख में सम्प्पन हुआ। जिसमे निम्न पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित किये गए। अध्यक्ष पद पर अजय कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष चंद्र कुमार द्विवेदी, प्रबंधक राजेश प्रकाश अवस्थी, उप प्रबंधक कमलेश त्रिवेदी कोषाध्यक्ष नरेश शंकर श्रीवास्तव एवं दस अन्य सदस्य निरविरोध निर्वाचित किये गए।

जैमर लगी गाड़ी 5 जी सिम भी कर देगी जाम

लखनऊ। शहर में दस गाड़ी ऐसी आयी है जो किसी भी समय अचानक दस किलोमीटर के दायरे में आने वाले 5जी सिम मोबाईल को बंद कर देगी। इसके साथ ही गाड़ी में अन्दर सात लोग बैठ सकते है। इसके साथ ही शस्त्र भी इसके अन्दर रखने की व्यवस्था होगी। गाड़ी को बूलेट प्रुफ बनाया गया है। सात सीट वाली यह गाड़ी किसी भी वीवीआईपी के साथ भी चल सकती है। गाड़ी लाने वाले चालक ने बताया कि इस गाड़ी में जो जैमर लगाया गया है वह किसी भी सिम को तत्काल बंद कर देगा। इसके साथ ही टावर पर लगे सभी सिस्टम को भी बंद कर देगा। चालक ने बताया कि इस गाड़ी को कही भी ले जाया जा सकता है। यह गाड़ी पेट्रोल और इलेक्ट्रिक से भी चार्ज कर चलाया जा सकता है।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के प्रबंधन, संचालन और सुरक्षा की बनेगी समिति

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनेश्वर मिश्र पार्क की तर्ज पर वसंतकुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के प्रबंधन, संचालन और सुरक्षा के लिए एक विशेष समिति बनेगी। प्रदेश सरकार ने इसके लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर लिया है। कुल 160 करोड़ रुपये का कार्पस फंड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिसमें से 25 करोड़ रुपये एलडीए और शेष 135 करोड़ शासन स्तर से उपलब्ध कराए जाएंगे। राष्ट्र नायकों की मूर्तियां और प्रेरणा का केंद्र वसंतकुंज स्थित इस स्थल को विशेष रूप से भारत के महान नेताओं की स्मृति और प्रेरणा को जीवित रखने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यहां अटल बिहारी वाजपेई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विशाल प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन मूर्तियों के आसपास बना वातावरण न सिर्फ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है बल्कि यह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्थायी स्रोत बनने जा रहा है।

रैली स्थल, हेलीपैड और आधुनिक सुविधाएं राष्ट्र प्रेरणा स्थल को बहुउद्देश्यीय स्थल के तौर पर विकसित किया गया है। यहां विशाल रैली स्थल तैयार किया गया है। सुरक्षा और वीआईपी कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए एक साथ तीन हैलीकॉप्टर उतरने लायक हैलीपैड भी बनाए गए हैं। इसके अलावा हरियाली और सौंदर्य बढ़ाने के लिए आकर्षक गार्डन और बगीचों का विकास किया गया है। समिति करेगी संचालन और अनुश्रवण प्रबंधन को सुव्यवस्थित और दीर्घकालिक बनाने के लिए राष्ट्र प्रेरणा स्थल प्रबंधन, संचालन, सुरक्षा एवं अनुश्रवण समिति गठित की जाएगी।

जानकीपुरम में डायरिया के 6 नये मरीज मिले, दो भर्ती

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रविवसर को जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 7 में जिलाधिकारी ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नगर आयुक्त ने अपर जिलाधिकारी (एफ आर), अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला सर्विलेंस अधिकारी के साथ क्षेत्र का दौरा किया। जानकीपुरम विस्तार से0-7 लखनऊ में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जानकीपुरम, लखनऊ की टीम द्वारा क्षेत्र में 246 घरों का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र में स्थापित कैम्प में 31 मरीजों को देखा गया है, जिसमें डायरिया के सामान्य लक्षण वाले 06 मरीज पाये गये जिन्हें आवश्यक दवायें एवं स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करते हुए उपचारित किया गया। आज क्षेत्र से 2 मरीज को भर्ती किया गया। क्षेत्र में चिकित्सा कैम्प एवं एमएमयू के माध्यम से रोगियों को उपचारित किया गया तथा आवश्यक औषधियां वितरित की गयी। क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव एवं जनसामान्य को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। नगर मलेरिया इकाई की टीम की ओर से क्षेत्र में एण्टी लार्वा रसायन का छिड़काव भी किया गया। क्षेत्र की स्थिति नियंत्रण में है।

डायरिया के मरीजों के मामलों पर प्रशासन अलर्ट

लखनऊ। जानकीपुरम सेक्टर-7 विस्तार क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से डायरिया के मरीज सामने आ रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्वास्थ्य एवं नगर निगम की टीमों के साथ मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ), अपर जिलाधिकारी (एडीएम) फाइनेंस, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम जलकल कुलदीप सिंह समेत नगर निगम की पूरी सफाई टीम भी मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने पाइपलाइन की गहन जांच कराई ताकि कहीं से भी लीकेज या दूषित जल की आपूर्ति न हो। पेयजल की शुद्धता बनाए रखने के लिए हर घर तक क्लोरीन की टैबलेट पहुंचाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराते हुए नालियों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता नागरिकों का स्वास्थ्य है। इसीलिए डायरिया जैसे मौसमी रोगों पर रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाए और यदि किसी को डायरिया या अन्य संक्रमण की शिकायत हो तो तुरंत चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जाए।

30 डग्गामार बसों को परिवहन विभाग ने किया बंद

लखनऊ। शहर में अवैध रूप से संचालित हो रही बसों और निजी वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की। विभिन्न मार्गों पर परमिट शर्तों का उल्लंघन कर चल रही 31 गाड़ियां (30 बसें और एक अर्टिगा कार) को सीज कर दिया गया, वहीं 3 बसों का चालान किया गया। इनमें से 13 बसें अलीगंज क्षेत्र से, 12 बसें सीतापुर मार्ग पर, जबकि 6 बसें आगरा एक्सप्रेसवे से पकड़ी गईं। वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 207 के तहत कार्रवाई करते हुए कई बसों को सीज किया गया। इस दौरान कई थानों की पुलिस और प्रवर्तन टीम ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाया। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रभात पांडेय ने बताया कि बिना परमिट बसों का संचालन न केवल अवैध है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान अलीगंज चौराहा, अवध चौराहा, कमता चौराहा सहित शहर के कई स्थानों पर बिना अनुमति चल रही अनियमित बसों को पकड़ा गया।

शहर में सफाई का बुरा हाल, पार्क में कूड़ा डंपिंग का कॉलोनीवासियों ने किया विरोध

आईआईएम रोड स्थित बालाजी एंक्लेव कॉलोनी में प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में स्वच्छता के दावे हवाई साबित हो रहे हैं। सफाई सर्वेक्षण में तीसरी रैंकिंग मिलने के बाद एक बार फिर सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। शहर के कई इलाकों में गदंगी के ढेर व खुले में कूड़ा देखा जा सकता है। सफाई एजेंसियां मलाई काट रहीं हैं वहीं जिम्मेदार सिर्फ नोटिस और जुर्माना लगाकर रहे हैं। आईआईएम रोड पर स्थित बालाजी एंक्लेव कॉलोनी के निवासी कूड़ा डंपिंग से परेशान हैं। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि कूड़ा उठाने वाली कंपनी एलएसए ने कॉलोनी के पार्क को अस्थायी डंपिंग यार्ड बना दिया है।

कॉलोनीवासियों ने बताया कि कई बार आपत्ति जताने और चेतावनी देने के बावजूद कंपनी ने पार्क से कूड़ा उठाने की व्यवस्था नहीं की। नाराज कॉलोनीवासियों ने रविवार को पार्क में एकजुट होकर इसका जोरदार विरोध किया और रामकी कंपनी से तुरंत अपना सेटअप हटाने की मांग की। रवि द्विवेदी, निवासी बालाजी एंक्लेव ने कहा कि कॉलोनी में कूड़ा फेंका जाना सरासर गलत है, इससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ रहा है। वहीं नरेंद्र सिंह ने कहा कि ₹एक तरफ स्वच्छता अभियान चल रहा है, दूसरी ओर पार्क में कूड़ा इकट्ठा करके हमें संकट में डाल दिया गया है। यहां की हवा जहरीली होती जा रही है, जिसका असर बच्चों और बुजुर्गों पर खासतौर से दिख रहा है। कंपनी के कर्मचारी राकेश कुमार का कहना है कि उन्हें यहां डंपिंग ग्राउंड बनाए जाने की जानकारी नहीं है। बालाजी एंक्लेव रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अंशू अवस्थी ने कहा, यह पार्क हमारी कॉलोनी का है। यहां कूड़ा फेंका जाना मंजूर नहीं है।

कूड़ा डंपिंग के लिए नगर निगम की ओर से शिवरी प्लांट निर्धारित है, न कि आवासीय इलाका। कॉलोनीवासी इस मामले में चुप नहीं बैठेंगे और लगातार विरोध जारी रहेगा। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

साफ-सफाई व्यवस्था बेपटरी एजेंसियों पर जुर्माना

चित्रगुप्त नगर वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। निरीक्षण के दौरान यहां हार्टिकल्चर वेस्ट कई स्थानों पर पाया गया। कई दिनों से इसका उठान न किए जाने से जगह-जगह कचरे के ढेर लगते जा रहे हैं। इस क्षेत्र में सफाई करने वाली एजेंसी लॉयन सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज के निदेशक रणधीर सिंह को कई बार नोटिस दी गई मगर संस्था की ओर से तैनात बीट इंचार्ज व सफाई कर्मी सफाई में लापरवाही बरत रहे हैं। बीट इंचार्ज की ओर से निरीक्षण भी नहीं किया जाता है। निरीक्षण में यह भी सामने आया है कि डोर टू डोर कूड़ा उठान करने वाली रिक्शा ट्राली के श्रमिक कूड़े को जगह-जगह खुले में डम्प कर रहे हैं। सफाई खाद्य निरीक्षक जोन पांच ने निरीक्षण के दौरान जीपीएस युक्त फोटो के साथ अपनी रिपोर्ट अपर नगर आयुक्त को भेजी है। एसएफआई की ओर से सफाई असंतोषजनक मिलने पर लॉयन सिक्योरिटी पर 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। इसी के साथ ही जोनल अधिकारी जोन पांच नंद किशोर ने 16 अगस्त को सरोजनी नगर वार्ड के चिल्लावां आजाद नगर में निरीक्षण किया। इस दौरान नालियों की सफाई नहीं मिली। यहां डोर टू डोर कूड़े के कलेक्शन की व्यवस्था पर सही से नहीं मिली। सफाई में लापरवाही बरतने पर लॉयन सिक्योरिटी पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

जोन चार व सात में मिली गंदगी, एजेंसी पर जुर्माना

जोन चार के सफाई निरीक्षक ने तीन दिन पहले शहीद पथ और वरदान खंड सेक्टर 5 की सर्विस लेन का निरीक्षण किया। रिपोर्ट में कहा है कि क्षेत्र में कई दिनों से झाड़ू तक नहीं लगी। सड़क किनारे घास-फूस उग आई और नालियां कचरे से पट गईं। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे थे जिनका निस्तारण नहीं हुआ। इस पर निगम ने ठेका कंपनी लखनऊ स्वच्छता अभियान को चेतावनी नोटिस थमा दिया कि सफाई न हुई तो कार्रवाई होगी। जोन 7 में जोनल सेनेटरी अफसर ने निरीक्षण किया। टेढ़ी पुलिया से गुड़ंबा कुर्सी रोड, लेखराज से शालीमार चौराहा तक नालियों के किनारे गंदगी और कूड़े के ढेर मिले। मिनी स्टेडियम से तो दो दिन तक कूड़ा नहीं उठाया गया। निगम ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए ठेका कंपनी लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने की संस्तुति की। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने कहा कि सुधार की दिशा में काम चल रहा है। शहर की छवि भी धूमिल हो रही है। नागरिकों का आरोप है कि निगम केवल कागजों पर कार्रवाई कर रहा है।

गोमती नदी की सफाई कर निकाला तीन कुंतल कचरा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नदी की सफाई का अभियान रविवार को 379वें दिन भी चला। झूलेलाल पार्क स्थित गोमती तट पर सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित इस श्रमदान में लगभग पांच दर्जन स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। अभियान के दौरान करीब तीन कुंतल कचरा और सैकड़ों देवी-देवताओं की प्रतिमाएं गोमती नदी से बाहर निकालकर नगर निगम लखनऊ को सौंपा गया। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में चले अभियान में स्वयंसेवकों ने नदी तट को स्वच्छ करने के साथ ही शहरवासियों से गणेश चतुर्थी पर्व पर गोमती नदी को प्रदूषित न करने की अपील की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि प्रतिमाओं का विसर्जन नदी के बजाय निर्धारित कृत्रिम कुंडों में ही करें, ताकि गोमती का जल सुरक्षित रह सके। अभियान में अर्चना सिंह, प्रार्थना वर्मा, प्रीति जैन, बबिता यादव, शिखा सिंह, शक्ति तिवारी, शगुन तिवारी, पलक, विष्णु तिवारी, मनोज सिंह, कृपा शंकर वर्मा, राम कुमार बाल्मीकि, संजय वर्मा, आनंद वर्मा, विवेक जोशी, परमेश जोशी, पवन कुमार, परवेश यादव, जय सिंह, जे.पी. गुप्ता, कमल दुबे, राजेश जोशी, उदय सिंह, कमलेश कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, प्रेम नारायण द्विवेदी, नाथ शरण त्रिपाठी, जय प्रकाश यादव, जितेंद्र शर्मा, प्रदीप सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने गोमती आरती में भाग लिया और लोगों को नदियों की महत्ता व संरक्षण का संदेश दिया। रणजीत सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल नदी की सफाई नहीं, बल्कि समाज को जागरूक कर नदियों के संरक्षण की प्रेरणा देना है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

रवीन्द्रपल्ली : कमरे में मिला मां-बेटे का शव, मचा हड़कंप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गाजीपुर इलाके में रवीन्द्रपल्ली में बुजुर्ग मां-बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। उनका शव कमरे में बेड पर पड़ा था जबकि कमरे में 10-12 बोतल शराब की पड़ी हुई थी। आशंका जतायी जा रही है कि अधिक शराब के सेवन से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

बताया जा रहा है कि रवीन्द्रपल्ली में 65 वर्षीय असीम चक्रवर्ती अपनी मां 90 वर्षीय मां बेला चक्रवर्ती के साथ रहता था। रविवार की दोपहर तक किसी के मकान के बाहर न आने पर लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। जिसके बाद लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जब किसी तरह से कमरे में दाखिल हुई तो अंदर बेड पर बेटे व सोफे पर मां का शव पड़ा था। दोनों के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं थे। जबकि कमरे में दस से 12 बोतल शराब की पड़ी थी। फिलहाल जानकारी होती ही एडीसीपी पूर्वी पंकज सिंह भी पहुंचे। वहीं आसपास के लोग किसी अनहोनी होने की आंशका जता रहे हैं, जबकि मौके पर पहुंची पुलिस अधिक शराब का सेवन करने से मौत होने की बात कह रही है। पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद घर में किसी बाहरी के आने की आशंका नकार दी है। हालांकि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस फिलहाल इसे अधिक शराब पीने से मौत होने की बात मानकर छानबीन कर रही है। पड़ोसियों ने बताया कि अब इनके परिवार में कोई नहीं बचा है। दो भाइयों की पहले मौत हो चुकी है। दोनों मां-बेटे की मौत के बाद घर में सिर्फ एक कुत्ता जर्मन शेफर्ड बचा था। वह किसी को देखने पर भौंक रहा था। उसे एनजीओ ने रेस्क्यू किया।

परिवार में अब कोई नहीं बचा: चारबाग से मौके पर पहुंचे अनिल बनर्जी नाम के एक शख्स ने परिवार का करीबी बताया। उसने कहा कि बेला के पति पीसी चक्रवर्ती रेलवे में अकाउंटेंट थे, जिनकी पेंशन आती थी। दोनों मां-बेटे कुत्ते पालकर बेचने का काम करते थे। दो भाइयों अमित और रंजीत की पहले मौत हो चुकी है। अमित ब्रिज कॉर्पोरेशन में जेई था। अमित की पत्नी चंद्ररानी सैनिक निदेशालय में स्टेनो थीं। उनकी भी मौत हो चुकी है। वहीं दयाल रेजीडेंसी में बेला के भाई रहते हैं। उनका लड़का जॉय आया था लेकिन शव लेने से मना कर दिया। वहीं अनिल ने बेला के सबसे बड़े बेटे की पत्नी चंद्ररानी के भाई होने का दावा किया। हालांकि, पुलिस ने अनिल से पूछताछ कर जांच कर रही है।

बुजुर्ग मां-बेटे की मौत के बाद मौके पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्काएड को भी बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से मिली शराब के बोतलों से फिंगर प्रिंट लिए और कमरे से अन्य साक्ष्य जुटाये। जबकि डॉग स्काएड से कोई अहम जानकारी हासिल नहीं हुई।

> अधिक शराब के सेवन से मौत का होना प्रतीत हो रहा है लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत की सही जानकारी होगी। दोनों के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। कमरे से भले ही शराब की बोतलें मिली हैं, लेकिन इसके बावजूद इस मामले में कई बिंदुओं पर गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।
>
> **पंकज सिंह**
> **एडीसीपी पूर्वी**

शोहदे से परेशान छात्रा ने मौत को गले लगाया

- अश्लील वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल
- तहरीर मिलने पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में छेड़छाड़ व अश्लीलता की घटना नहीं थम रही है। हुसैनगंज में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जहां छेड़छाड़ से परेशान एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा की मां ने पड़ोसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। आरोप है कि वह छात्रा की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

हुसैनगंज क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा ने छेड़खानी से परेशान होकर रविवार को खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घरवालों ने पड़ोस में रहने वाले मोहित तिवारी पर आरोप लगाते हुए पुलिस से कहा कि आए दिन मोहित परेशान कर रहा था और अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। पीड़ित परिवार ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाला मोहित तिवारी उसे राह चलते परेशान करता था। जिससे वह तंग आ चुकी थी, कई बार उसके परिवार के सदस्यों से शिकायत भी की थी लेकिन उसकी मां व बहन उल्टा उन्हीं के साथ गाली-गलौज कर धमकाने लगती। उनकी बेटी ने इसी से तंग आकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के मुताबिक मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है लिहाजा दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिसिया लापरवाही से 28 घंटे तक नहीं हुआ पोस्टमॉर्टम

पीड़ित का गंभीर आरोप, बीकेटी पुलिस ने नहीं भेजा पंचनामा

- रविवार देर शाम तक शव के लिए परेशान रहे परिजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीकेटी में लिव-इन-रिलेशन में करीब तीन माह से रह रही शादीशुदा युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों ने युवती के साथ रह रहे युवक पर हत्या कर शव टांग देने का आरोप लगाया है। वहीं युवती के शव का पंचनामा न होने से परिजन शव के लिए काफी परेशान है। वह शनिवार से पोस्टमॉर्टम हाउस पर पुलिसिया कार्रवाई का इंतजार कर रहे है।

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर 12 बजे लगभग एक मृत महिला का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना पर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम मृतक महिला के परिजन बीकेटी थाना पहुंचे। रेनू पत्नी लोटन निवासी बॉसखेर थाना अटरिया सीतापुर ने थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसके अनुसार उनकी विवाहित पुत्री मानसी को गांव के अजीत पुत्र दुकन्ने लगभग तीन माह पूर्व बहला-फुसला कर भगा लाया था और बीकेटी में किराये का कमरा लेकर रहने लगा था। कुछ दिनों बाद अजीत उसकी पुत्री से मारपीट करने लगा था।

शनिवार को उसने पुत्री की गला दबा कर हत्या कर दी थी और खुद को बचाने के लिए उसने मृत पुत्री को फांसी पर लटका दिया था। जानकारी पर हम लोग शिकायती पत्र लेकर थाने गए। जहां पुलिस ने कोई सुनवाई न करते हुए थाने से भगा दिया। बेटी का शव पोस्टमार्टम हॉउस भेज दिया गया था। घटना के बाद से ही पीड़ित की माँ और परिजन पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद है। जिनके अनुसार पोस्टमार्टम हॉउस में अभी तक बीकेटी पुलिस द्वारा कागज नहीं भेजे गये, लिहाजा अभी तक पोस्टमॉर्टम नहीं किया जा सका है। पीड़िता का आरोप है कि उसने कई बार प्रभारी निरीक्षक को फोन मिलाया लेकिन उनका फोन कई बार बंद बता रहा है। वही अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे से बात करने पर बताया गया कि थाने से कागज व कर्मी भेजा जा चुका है किंतु अब वह किस मार्ग या किस वाहन से गया, ये जानकारी नहीं है। वहीं पोस्टमार्टम हॉउस पर परिजनों के अनुसार रविवार की देर शाम 6.30 बजे के लगभग बीकेटी थाना के कर्मी पहुंचे है खबर लिखें जाने तक कागजी औपचारिकता पूर्ण हो रही थी, जिसे देख यह प्रतीत होता है कि देर रात ही पोस्टमार्टम हो पायेगा।

रेलवे लाइन पर मिले शव की हुई शिनाख्त

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गत 22 अगस्त को गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के अनूपगंज रेलवे ट्रैक पर मिले शव की रविवार को शिनाख्त हो गई। पोते अमित ने शव की शिनाख्त की। जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पोते अमित के अनुसार मृतक भाऊ साल पटेल (70) निवासी खंडवा मध्यप्रदेश के रूप में की है। वह 21 अगस्त को आगरा से मरुधर एक्सप्रेस से पत्नी व पोते के साथ बनारस जा रहे थे। रात के वक्त वह पेशाब करने के लिए उठे थे। चलती ट्रेन में अचानक उनका संतुलन विगड़ा वह ट्रेन से नीचे गिर गए। काफी देर तक जब वापस नही आये तो खोजबीन शुरू की। अगले दिन सोशल मीडिया के माध्यम से गोसाईंगंज में शव मिलने की सूचना मिली तो रविवार को पोते अमित ने लखनऊ आकर शव की शिनाख्त की।

दबंगों ने मां-बेटी को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में युवक ने पड़ोसी पर बेटी और पत्नी से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के तीन नंबर बाग, बदाली खेड़ा निकट मानव जागृति स्कूल निवासी आजाद अली ने अपने मोहल्ले के कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि अयान अली, रेहान और इम्तियाज अली पुत्र मुस्ताक अली और मोहम्मद अहमद ने 14 अगस्त की रात्ति लगभग 9:00 बजे बेटियों और पत्नी से बदतमीजी और गाली-गलौज करने लगे। जब वह उनको बचाने गया तो वह लोग मिलकर लाठी डंडों से मारने लगे। पीड़ित का कहना है कि बीच-बचाव करने आयी उनकी बेटी आशीफा बानो से अभ्रद्रता करते हुए बाल पड़कर खींच कर पटक दिया। पीडित का कहना है कि सभी लोग लोहे की सरिया और लाठी-डंडों से उनकी पुत्री को बहुत मारा। जिससे उसके सिर और नाक में गंभीर चोटे आयी। जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गयी। पीड़ित का कहना है कि आसपास के लोग जब बीच-बचाव करने आए तो वह लोग धमकी देते हुए कहा कि अभी यह मरी नहीं है, जेल से छूटकर आने के बाद इसको और इसके पूरे परिवार को जान से मार डालेंगे। पीड़ित का कहना है कि आशीफा बानो का इलाज एक निजी अस्पताल में हो रहा है। मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

प्रॉपर्टी डीलर ने कोठरी को जेसीबी से ढहाया

लखनऊ। नगराम के नबीनगर निवासी विजय प्रकाश व अनूप कुमार ने नगराम थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि बंजर खाता बनी कोठरी को प्रापट्री डीलर ने जेसीबी से ढहा दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपों से इंकार कर रही है लेकिन तहरीर मिलने पर जांच शुरू कर दी है।

बीते 23 अगस्त की रात को प्रापर्टी डीलर के प्रोप्राइटर गोमती डेवलपर्स सचिन पांडेय व आजमगढ़ निवासी संतोष सिंह द्वारा अपने दस अन्य साथियों के साथ मिलकर जेसीबी से ढहा दिया गया। रविवार सुबह हुई जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे तो वहां सब कुछ गिराकर बर्बाद हो चुका था। इस बाबत थानाध्यक्ष नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि इस जमीन को गोमती डेवलपर्स द्वारा खरीदी गई है। यहां पहले भट्ठा बना था और मुंशी कार्यालय के लिए कोठरी बनाई गयी थी। अब भट्ठा खत्म हो चुका है, कंपनी द्वारा क्रय की गयी जमीन को समतल कराया गया है। कोठरी उसी नंबर की सीमा में है। विजय प्रकाश का आरोप है कि कोठरी वाली जमीन बंजर खाते में दर्ज है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि कोठरी गिराने की बाबत तहरीर की जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

प्राप्ट्री डीलर पर जेसीबी से कोठरी ढहाने का आरोप

पुलिस में सिपाही परीक्षा में नौकरी का झांसा देकर ठगे चार लाख

लखनऊ। पुलिस में सिपाही के पद पर नियुक्ति कराने का झांसा देकर खुद को सचिवालय कर्मी बताने वाले जालसाज ने बेरोजगार से चार लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पारा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। वर्ष 2024 में उसके घर गया तो उसने बताया कि वह सचिवालय में कर्मचारी है। सरकारी नौकरी उसकी लग गई है। इस कारण उसकी बड़े अफसरों में अच्छी पैठ है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश कुमार सिंह के मुताबिक पीड़िता हाथरस के सिकंदरा राऊ का रहने वाला संटू है। संटू ने बताया कि सलेमपुर पतौरा के लक्ष्मीनगर निवासी सरोज कुमार से उसकी जान पहचान है। उसने बताया कि यूपी पुलिस की भर्ती चल रही है। वह नियुक्त करा सकता है। प्रति व्यक्ति भर्ती का 10 लाख रुपया मांगा। दो लाख रुपये एडवांस में। बाकी बचे हुए रुपयों में एक किस्त परीक्षा और दूसरी भर्ती के बाद मांगी थी। संटू ने बताया कि उसका ममेरा भाई सौरभ एटा और दोस्त जय के लिए बता की। दोनों के चार लाख रुपये सरोज को दे दिए। इसके बाद पता चला कि कुछ दिन बात भर्ती निरस्त हो गई है। रुपयों की मांग की तो वह टाल मटोल करने लगा। इसके बाद उसके घर पहुंचा। वहां ताला बंद मिला। फोन कर रुपयों की मांग की तो सरोज ने धमकी दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच की जा रही है।

हुक्का बार संचालक के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

- जिम संचालिका ने धमकाने का लगाया था आरोप
- पुलिस कमिश्नर के हस्तक्षेप पर हुई कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महानगर क्षेत्र के में गोल मार्केट के पास धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार और शराब परोसे जाने की शिकायत जिम संचालिका हिमांशी वाजपेई ने पुलिस से की थी। पुलिसिया कार्रवाई के बाद अब हुक्का बार संचालक जिम संचालिका को धमकाने लगा है। वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस मामले की शिकायत जिम संचालिका हिमांशी वाजपेई ने पुलिस से की। लेकिन पुलिस लापरवाह बनी रही। आरिखकार पुलिस कमिश्नर के हस्ताक्षेप के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की है। जिम संचालिका हिमांशी बाजपेई के मुताबिक बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर चल रहे कान्सेप्ट हेडक्वार्टर कैफे में देर रात तक हुक्का और शराब परोसी जाती है। इससे जिम में आने वाली युवतियों को परेशानी होती है। विरोध करने पर कई बार जान से मारने की धमकी देते हैं। इस मामले में तीन-चार दिन से हुक्का बार संचालक व उसके साथी जान से मारने की धमकी दे रहे है। जब इसकी शिकायत स्थानीय कोतवाली पर की थी तो पुलिस टाल-मटोल करती रही। आखिरकार इस मामले में पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर से शिकायत की। जिनके निर्देश पर महानगर कोतवाली में पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गयी है। इस मामले में इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया और हमलावरों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

मजदूरी पर गया युवक लापता

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के सिसेंडी गांव के मजरा केसरीखेड़ा निवासी 30 वर्षीय मजदूर उमेश गत 12 जुलाई से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। घर से निकले युवक का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है, जिससे परिजन गहरी चिंता और परेशानियों में हैं।

परिजनों के अनुसार उमेश 12 जुलाई की सुबह अपने पिता रजऊ को यह कहकर घर से निकला था कि वह मजदूरी पर जा रहा है लेकिन देर रात तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो पिता ने उसकी खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों से पूछताछ करने और आसपास काफी तलाशने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। थक-हार कर शनिवार को उमेश के पिता रजऊ ने मोहनलालगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। गांव के लोगों का कहना है कि उमेश अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए मजदूरी करता था। अचानक इस तरह लापता हो जाने से परिवार की चिंता और बढ़ गई है। परिजन उम्मीद लगाए बैठे हैं कि पुलिस जल्द ही उनके लापता बेटे का पता लगाएगी। थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि गुमशुदा युवक की तलाश की जा रही है गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी और पुलिस टीम लगातार काम कर रही है हालांकि अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है, लेकिन प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द से जल्द युवक को सही-सलामत बरामद कर लिया जाए।

के सत्यनारायण ने वीआरएस मांगा

लखनऊ। यूपी के एक और पुलिस अफसर ने वीआरएस की मांग कर दी है। बताया जा रहा है कि वर्ष 1998 बैच के आईपीएस एडीजी के सत्यनारायण ने करीब दो माह पहले वीआरएस के लिए अप्लाई किया था। जिसे डीजी मुख्यालय से अब शासन को भेज दिया गया है।

साक्षात्कार देकर लौट रही युवती को दबंग ने छेड़ा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में साक्षात्कार देकर लौट रही युवती को एक युवक ने रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। युवती के विरोध करने पर अभद्रता करते हुए मारपीट की। युवती के शोर मचाने पर युवक भाग निकला। जिसके बाद युवती घर पहुंच कर परिजनों को सूचना दी। पीड़िता ने बताया कि वह मस्तेमऊ में नौकरी के लिए साक्षात्कार देने गई थी। वहां से वापस लौट रही थी। इसी दौरान निजामपुर मझिगवां के रहने वाले कुलदीप पाल ने उसका रास्ता रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने युवती को जातिसूचक गालियां दीं और मारपीट करने लगा। जिस पर युवती ने शोर मचाया तो वह जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। किसी तरह युवती वहां से बचकर घर पहुंची और अपने भाई को घटना की जानकारी दी। पीड़िता के भाई ने जब आरोपी के घर जाकर शिकायत की, तो कुलदीप ने उसके साथ भी मारपीट की और उसे भी धमकी दी। इस पर पीड़िता के भाई ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पीड़िता ने बताया कि वह इस घटना से डरी है और उसे अपनी जान का खतरा है। पीड़िता की नामजद शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

हिंसक जानवर ने बछिया को बनाया निवाला

लखनऊ। मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के रहमतनगर गांव में इन दिनों तेंदुआ और बाघ जैसे जंगली जानवरों के दिखने की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। खासकर बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर लोग बेहद चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही वे घरों से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। रहमतनगर गांव के खिलाड़ी, हरेंद्र आदि लोगों ने दावा किया है कि उन्होंने भूरे रंग का बाघनुमा जानवर खेतों और बाग के आसपास कई बार देखा है। शुक्रवार की शाम जब वह पशु चराकर लौट रहे थे, तभी अचानक गुर्राहट सुनाई दी और एक जानवर भट्टियों की ओर भाग गया। वहीं, गांव की महिलाओं ने भी घरों के पास उस जानवर के देखे जाने की पुष्टि की है। इसी बीच सहिलामऊ गांव के निवासी आशीष यादव ने बताया कि बीते गुरुवार को जंगल किनारे उसकी बछिया पर तेंदुए ने हमला कर दिया था। कुछ देर बाद बछिया मृत अवस्था में मिली। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने भी तेंदुए को देखने का दावा किया। इस घटना के बाद से गांव में दहशत और बढ़ गई है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और पगमार्क की जांच की, हालांकि अब तक किसी जंगली जानवर की पुष्टि नहीं हो सकी है।

> ग्रामीणों को सतर्क रहने, अकेले जंगल या सुनसान क्षेत्रों में न जाने और रात के समय सावधानी बरतने की अपील की गयी है।
>
> **सोनम दीक्षित**
> **क्षेत्रीय रेंजर**

पत्नी को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। कैसरबाग में पत्नी को गोली मारने के आरोपी पति इस्लाम को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से असलहा, कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किया है। कैसरबाग थाना क्षेत्र के जंबूरखाना की रशीदा का आरोप था कि हरदोई के हरियांवा गुलरिया निवासी इस्लाम एक फैक्टरी में काम करता है। करीब तीन माह पहले उसने राशिदा से निकाह किया था। शुक्रवार शाम करीब आठ बजे इस्लाम घर पर था। राशिदा लोगों के घरों से काम कर पहुंची ही थी। तभी दोनों में रुपये को लेकर दोनों में विवाद हो गया था।

हाफ डाला ने बुलेट में मारी टक्कर, घायल

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डाला चालक ने बुलेट बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के कानपुर रोड स्थित शांतिनगर निवासी रेखा रावत का कहना है कि उनका छोटा भाई बालेंद्र कुमार अपने बुलेट से 9:30 बजे ट्रांसपोर्ट नगर से अपने घर आ रहा था। पीडिता का कहना है कि आरटीओ ऑफिस पेट्रोल टंकी के पास गलत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे छोटा हाथी डाला ने बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनका भाई बेहोश होकर गिर गया। पीडिता का कहना है कि राहगीरों ने उनके भाई को लोकबंधु अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टर ने उसको टांके लगाकर और उनके बड़े भाई योगेंद्र को इसकी सूचना फोन पर दिया। पीडिता का कहना है कि योगेंद्र ने गंभीर अवस्था में उसको सर्जिकल अस्पताल बंथरा में भर्ती कराया। जहां पर बालेंद्र का इलाज चल रहा है।

मुनाफे का झांसा देकर व्यापारी दंपति ने 22 लाख ठगे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। व्यापार में निवेश पर प्रतिमाह दो प्रतिशत फायदे का झांसा देकर जालसाज व्यापारी दंपति ने 22 लाख रुपए हड़प लिए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कानपुर रोड हिंद नगर अंजू अरविंद के मुताबिक एलडीए कॉलोनी सेक्टर- एफ निवासी मनीष गुलाटी व उनकी पत्नी रश्मि गुलाटी उनके पूर्व परिचित थे। मनीष गुलाटी ने वर्ष 2021 में व्यापार में निवेश की बात कहकर उनसे 10 लाख रुपए लिए थे। यह आरोप लगा पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली आरोपी व्यापारी दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिसके बदले में उन्हें दो प्रतिशत प्रतिमाह मुनाफा देने की बात कही। आरोपी दंपति ने उन्हें भरोसे में लेने के लिए पहले कुछ माह तक फायदे के रूप मे रुपए दिए। वर्ष 2023 में 12 लाख रुपए फिर निवेश के नाम पर उनसे लिए। रुपए लेने के बाद वह व्यापार में घाटा आने की बात कहकर रुपए देने में टाल मटोल करने लगे। रुपए देने के लिए दबाव बनाने पर वह धमकाने लगे। इसपर अंजू ने एसीपी कृष्णानगर से शिकायत की। एसीपी के निर्देश पर कृष्णानगर पुलिस आरोपी दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

जालसाज ने तंत्र-मंत्र का झांसा देकर 3.91 लाख हड़पे: आशियाना में सैन्य अधिकारी के पिता को तंत्र-मंत्र से अपाहिज कर देने की धमकी दे राजमिस्त्री ने 3.91 लाख रुपए ऐंठ लिए। रुपए लौटाने के नाम पर आरोपी धमकाने लगा। पीड़ित की तहरीर पर आशियाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

आशियाना सेक्टर- एच निवासी रवीन्द्र कुमार दीक्षित पत्नी उमा दीक्षित के साथ रहते हैं। बेटा अश्विनी दीक्षित सैन्य अधिकारी है। अश्विनी इस समय सिक्किम बार्डर पर तैनात हैं। उमा दीक्षित के मुताबिक वर्ष 2024 में उन्होंने अपने पीजीआई स्थित प्लॉट का निर्माण कार्य पारा के सदरौना निवासी राजमिस्त्री हुतेन्द्र सिंह से कराया था। काम करने के दौरान वह उनसे और पति रवीन्द्र से घुल मिल गया। कुछ समय बाद वह भी पोते की देखभाल के लिए बहू के पास चली गई। घर में पति रवीन्द्र अकेले थे। इस बीच पहले राजमिस्त्री हुतेन्द्र सिंह ने मजबूरी बताकर रवीन्द्र से दो लाख रुपए उधार ले लिए। कुछ दिन बाद अपनी पत्नी मीनाक्षी के खाते में एक लाख रुपए ट्रांसपर करवा लिए। इसके बाद भी उसकी मांग बढ़ती गई तो रवीन्द्र ने रुपए देने से मना कर दिया। इसके बाद तंत्र- मंत्र से अपाहिज कर देने की धमकी दे 86 हजार रुपए और ले लिए। कुछ समय बाद रवीन्द्र ने अपने रुपए मांगे तो वह धमकाने लगा। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक राजमिस्त्री हुतेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

जनसेवा केन्द्र संचालक पर रकम हड़पने का आरोप

लखनऊ। थाना इटौंजा के उसरना चौराहे पर स्थित जनसेवा केंद्र संचालक पर धोखाधड़ी करके कई लोगों के खाते से रकम हड़प ली। जब महिलायें शिकायत लेकर जनसेवा केंद्र पहुंची तो संचालक ने गाली-गलौज कर धमकी दी। जिसके बाद पीड़ितों ने थाना में शिकायती पत्र दिया है। थाना इटौंजा ग्राम उसरना निवासी अतीक अहमद पर ग्रामीण महिलाओं ने धोखाधडी कर खाते से हजारों रुपए निकाले जाने का आरोप लगाया है। महिलाओं का आरोप है कि जन सेवा केंद्र संचालक अतीक ने उनके आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक करने के बहाने उनके खाते से रूपए निकाले है। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी उन्हें तब हुई जब मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़िता को खाते से पैसे निकलने बैंक पहुंची। जिसके बाद कुछ पीड़ित महिला जनसेवा केन्द्र पहुंची।

सूचना

मेरे पासपोर्ट नं.- E7892704 में त्रुटिवश नाम MUJEEB AHMAD RAINI अंकित है। सही नाम MUJEEB AHMAD है। भविष्य में सही नाम से जाना पहचाना जाए। MUJEEB AHMAD S/o ABDUL MAJEED, नि.-210/46 बावर्ची टोला, J.N. रोड चौक, लखनऊ।

गणेश उत्सव : शहर में बन रहे भव्य पूजा पंडाल बने आकर्षण का केन्द्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में जल्द ही गणेश चतुर्थी की धूम शुरू होने वाली है। जगह-जगह पर पंडाल बनाने की तैयारी जोरों पर है। इस बार शहर के सबसे बड़े गणपति पंडालों में से एक झूलेलाल वाटिका में अक्षरधाम मंदिर की तरह गणपति पूजा का पंडाल बनाया जा रहा है। इस भव्य पंडाल का ढांचा बनकर तैयार हो गया है। बता दें कि 27 अगस्त से गणपति पूजा शुरू होनी है। इस साल श्रीगणेश प्राकट्य कमिटी की ओर से हनुमान सेतु के पास स्थित श्री झूलेलाल वाटिका में 14,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में महल तैयार करवाया जा रहा है। पंडाल का ढांचा बनकर लगभग तैयार हो गया है। अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर दरबार सजाया जा रहा है।

वातानुकूलित और वॉटरप्रूफ होगा पंडाल : गणेश चतुर्थी का त्योहार 27 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। इसी दिन से पंडाल में पूजा आरंभ होगी। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि पंडाल अक्षरधाम मन्दिर की थीम पर तैयार हो रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं व पुरुषों की बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। पूरा पंडाल वाटरप्रूफ और वातानुकूलित रहेगा। पंडाल 100 फीट चौड़ा और 150 फीट लंबा होगा। इसकी ऊंचाई करीब 80 फीट रहेगी। कमिटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता के अनुसार यह महलनुमा पंडाल लगभग 10 फुट ऊंचा और पूरी तरह वातानुकूलित व वॉटरप्रूफ रहेगा। कोलकाता से आए लगभग 30 कारीगर इसे तैयार कर रहे हैं।

गोमती नदी के किनारे झूलेलाल वाटिका में स्थित यह भव्य पंडाल लखनऊ का एक प्रसिद्ध आकर्षण है। यह त्योहार और विसर्जन समारोह के दौरान 10 दिनों तक भारी भीड़ खींचता है, जिससे यह शहर का सबसे लोकप्रिय पंडाल बन जाता है। इसकी सबसे खास बात यह है कि आप पास में ही हनुमान सेतु और हनुमंत धाम मंदिर भी जा सकते हैं, जो यहाँ से कुछ ही दूरी पर हैं! पंडाल में मूर्ति को हर साल की तरह ही आकर्षक आभूषणों और सजावट से सजाया जाता है। इसके अलावा, पंडाल के आस-पास लगने वाले मेले में सभी के लिए खाने-पीने की कई तरह की चीजें, राइड्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बहुत कुछ होता है।

मनौतियों की चिट्ठी के लिए अलग से पंडाल: कमिटी के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि मनौतियों के राजा गणपति को चिट्ठी लिखने के लिए इस बार चार हजार वर्ग फुट में अलग से एक भव्य पंडाल बनाया जाएगा। इस बार लोगों को चिट्ठी लिखने के लिए विशेष कागज मिलेगा। झूलेलाल वाटिका में तैयार हो रहे पंडाल में मुंबई के श्रीसिद्धि विनायक मंदिर की प्रतिमा की तरह मूर्ति स्थापित की जाएगी। शहर के ही मूर्तिकार श्रवण प्रजापति साढ़े पांच फुट ऊंची गणेश जी की प्रतिमा बना रहे हैं।

बप्पा के दरबार में भव्य ऑपरेशन सिन्दूर का शौर्य : राजधानी में श्री गणेश जन्मोत्सव की झांकी निकाली गई। शहर में अलग-अलग थीम पर ग्राहकों और मंच के निर्माण के साथ ही भगवान गणेश की आकर्षक आतिशबाजी को तैयार किया जा रहा है। कहीं-कहीं पर बप्पा के मंदिर की वकालत की जा रही है तो कहीं पर भी अक्षरधाम मंदिर की वकालत की जा रही है। इसके लिए, कोलकाता सहित अन्य स्थानों से कलाकारों को बुलाया गया है। 27 अगस्त से गणेश उत्सव की शुरुआत होगी। पांच महोत्सव तो कहीं अन्यत्र दस दिवसीय दिव्य आयोजन की धार्मिक तैयारी की गई है। राजा गणेश पूजा सेवा समिति की ओर से 13वें श्री गणेश जन्म का समारोह 27 से 31 अगस्त तक अलीगंज में नेहरू बाल वाटिका पार्क के पास गुलाब वाटिका अपार्टमेंट अलीगंज में आयोजित किया जाएगा। यहां इस बार की थीम ऑपरेशन सिंदुर रची गई है। बच्चों के लिए बच्चों के लिए कई स्टॉल लगाने और झूले लगाने जाएंगे।

बप्पा के लिए तैयार हो रहे विशेष आभूषण: मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि कोलकाता से बप्पा का दरबार बनाने के लिए 20 दिनों से एक आभूषण तैयार किया जा रहा है। सड़क पर दो मुख्य द्वार भी तैयार किये जा रहे हैं। भक्तों को प्रसाद दिया जाएगा। निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में भी गणेशोत्सव की धूम मची हुई है। यहां 27 अगस्त से पांच सितंबर तक आयोजन होगा। यहां पर नाउनल के राजा का दरबार और अंत्येष्टि स्थापित की जा रही है। आयोजनकर्ता अक्षय समिति की ओर से भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ ही 51 फीट ऊंची मूर्ति के आकार का निर्माण किया जा रहा है।

राजधानी में सजेंगे 100 से अधिक पंडाल: राजधानी में गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। राजधानी में छोटे-बड़े मिलाकर करीब 100 से अधिक पंडालों में गणेश प्रतिमा विराजित की जायेगी। जहां बप्पा न केवल अपने भक्तों को दर्शन देंगे बल्कि उनके विघ्नों को भी दूर करेंगे। इसबार गजानन जहां धर्म ध्वज पताका लिए धर्म की रक्षा का संदेश देंगे, तो वहीं तिरंगा थीम पर भी पंडाल सजाया जा रहा है। वहीं, मनौतियों के राजा अपने भक्तों के दुखों को दूर करेंगे। इसबार ईको फ्रेंडली मूर्तियों पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही, सड़क पर कोई आयोजन नहीं किया जायेगा।

मनौतियों के राजा पूरी करेंगे मनोकामना: श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के संरक्षक भारत भूषण ने बताया कि इसबार 20 हजार स्क्वायर फीट एरिया में जर्मन हैंगर, वॉटर प्रूफ और वातानुकूलित पंडाल बनाया जा रहा है। इसबार आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित कार्यक्रम होंगे। साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप, वैक्सीनेशन कैंप और नशा मुक्ति का अभियान चलेगा। इसके अलावा झूले, सीसीटीवी कैमरा से सुरक्षा, महिला-पुरुष अलग बैठने और लाइन की व्यवस्था रहेगी। दर्शनों के लिए आने वाले भक्तों को बतौर प्रसाद मोदक वितरित किए जाएंगे। भक्त सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक अपने आराध्य के दर्शन कर सकेंगे।

108 लड्डुओं से होगा श्रृंगार : गणेश युवा मंडल के ऋद्धि गौण ने बताया कि इसबार गजानन धर्म और संस्कृति की रक्षा का संदेश देंगे। इसके लिए वह धर्म ध्वज हाथों में लेकर विराजेंगे। उनका विधि विधान से पूजन होगा। एक प्रमुख मूर्ति के अलावा रोजाना 10 पंडित और 10 परिवार भी पूजन के लिए बैठेंगे। इसके अलावा भजन और आरती का आयोजन किया जायेगा। रोज विशेष श्रृंगार किया जायेगा। साथ ही, 108 लड्डू से श्रृंगार किया जायेगा।

पारंपरिक तरीके से होगा पूजन: श्रीगणेश उत्सव मंडल चौक के संयोजक उमेश पाटिल ने बताया कि महाराष्ट्र से पांच फुट की मूर्ति आयेगी। जिसे कालीजी राम मंदिर में बने पंडाल में स्थापित किया जायेगा। इसबार शिवाजी चरित्र पर आधारित कार्यक्रम होगा। वहीं, क्रिकेट और डांस प्रतियोगिता के अलावा भजन, भंडारा होगा। पूजन के दौरान कई मंत्री भी शामिल होने आएंगे। वहीं, महाराष्ट्र समाज के कार्यवाहक सेक्रेट्री दिनेश जोशी ने बताया कि 100 वर्ष पूरे हुए है। सैद्धांतिक और पुराने तरीके से करता है। कोई दिखावा नहीं होता है। इसबार बुजुर्ग नागरिकों का सम्मान किया जायेगा। ईको फ्रेंडली मूर्ति और भंडारा होगा, जिसमें महाराष्ट्रीयन भोजन परोसा जाएगा।

फिर से गुलजार होने लगे हैं गणपति पूजा पंडाल

फोटो–अमित वर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। साल का वो समय फिर आ रहा है बप्पा लौट आए हैं और शहर पूजा पंडाल फिर से गुलजार होने वाले है। गणेश उत्सव को लेकर शहर में पूजा पंडाल को सजाने का काम अपने आखिरी चरण में है।

झूलेलाल वाटिका गणेश उत्सव : गोमती नदी के तट पर झूलेलाल वाटिका में स्थित यह भव्य पंडाल लखनऊ का एक प्रसिद्ध आकर्षण है। उत्सव और विसर्जन समारोह के दौरान दस दिनों तक यहाँ भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे यह शहर का सबसे लोकप्रिय पंडाल बन जाता है। इसकी सबसे खास बात यह है कि आप पास ही स्थित हनुमान सेतु और हनुमंत धाम मंदिर भी जा सकते हैं, जो बस कुछ ही दूरी पर हैं! पंडाल में स्थापित मूर्ति को हर साल की तरह, आकर्षक आभूषणों और सजावट से सजाया जाता है। इसके अलावा, पंडाल के आसपास लगने वाले मेले में तरह-तरह के खाने-पीने, सैर-सपाटे, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भी बहुत कुछ होता है, जिसका आनंद हर कोई उठा सकता है!

पेपर मिल कॉलोनी के बप्पा : पेपर मिल कॉलोनी के बीचों-बीच अक्षय समिति के लोगों द्वारा तैयार किया गया यह पंडाल वाकई लाजवाब है। यह कोई साधारण पंडाल नहीं है; यह अपने आप में एक छोटा सा कार्निवल है। यहाँ आपको लजीज खाने के स्टॉल से लेकर ट्रेंडी कपड़ों की दुकानें, बच्चों के लिए झूले और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। लाल और नीले रंग के मनमोहक रंगों में लिपटी यह मूर्ति वाकई देखने लायक है। हालाँकि, पेपर मिल कॉलोनी का पंडाल पूरे 10 दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन के लिए उपलब्ध नहीं होगा। यह सीमित समय के लिए है, इसलिए अगर आप इसकी खूबसूरती में खो जाना चाहते हैं, तो जल्दी कीजिए और तुरंत दर्शन कीजिए!

महानगर सेक्टर-सी, रामलीला मैदान गणेश उत्सव: महानगर में भगवान गणेश की यह विशाल मूर्ति पूरे शहर में सबसे विशिष्ट मूर्तियों में से एक है। यह कई सिरों वाले भगवान ब्रह्मा की मूर्ति जैसी है, क्योंकि इसमें भगवान शिव और देवी पार्वती दोनों के चेहरे गर्व से दर्शाए गए हैं। दूसरे पंडालों की तरह, यहाँ भी देखने और करने के लिए चीजों की कोई कमी नहीं है। हालाँकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि यह जगह ज्यादा समय तक सजी-धजी नहीं रहेगी। इसलिए, अगर आप इसके अनोखे आकर्षण का अनुभव करना चाहते हैं, तो कल जरूर आएँ!

अलीगंज के राजा, गणेश पंडाल, चन्द्रशेखर आजाद पार्क: अलीगंज सेक्टर बी के मनोरम चंद्रशेखर आजाद पार्क में स्थापित यह पंडाल इस साल अपने पुराने स्थान, गुलाब वाटिका, से हटकर बनाया गया है। यह उत्साही दर्शकों से गुलजार है और इसमें भगवान गणेश की एक भव्य, नारंगी रंग की मूर्ति स्थापित है। यहाँ की एक अनोखी विशेषता यह है कि यहाँ प्रसिद्ध हस्तियों और भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारीपूर्ण स्टैंडीज मौजूद हैं। ये स्टैंडीज जिज्ञासु मन, खासकर बच्चों को बहुमूल्य ज्ञान प्रदान करेंगी। अगर आप इस अनमोल रत्न को देखना चाहते हैं, तो देर न करें क्योंकि यह कल तक ही उपलब्ध है।

पत्रकारपुरम गोमती नगर गणेश उत्सव पंडाल : जैसे ही हमारी नजर इस बहुप्रशंसित पंडाल पर पड़ी , सबसे पहले जो चीज हमारी नजर पड़ी, वह थी वहाँ की जीवंत भीड़, नाचती हुई और चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लेती हुई। चहल-पहल वाले पत्रकारपुरम चौराहे के पास स्थित, यह एक और 10-दिवसीय पंडाल है जो शहर के निवासियों के बीच अपार लोकप्रियता और उत्कृष्ट प्रतिष्ठा प्राप्त करता है। यह पंडाल अपने आप में एक राजसी आकर्षण बिखेरता है, मानो किसी भव्य महल जैसा हो और दिव्य शिव परिवार के बीच स्थापित मूर्ति , एक अद्भुत नजारा है। उत्सव के दौरान इस अद्भुत पंडाल को देखने का मौका न चूकें।

शहर की विभूतियों को मिला कवि पुष्पेन्दु जैन साहित्य सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जैन मिलन लखनऊ द्वारा यूपी प्रेस क्लब में कवि 'पुष्पेन्दु जैन जी की 112 वीं जयंती के सुअवसर पर आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता वीर शैलेन्द्र जैन (संरक्षक भारतीय जैन मिलन), मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि राघवेन्द्र शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि-वीरांगना राजकुमारी पुष्पेन्दु जैन के रूप में मंच पर शोभायमान रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे एवं कवि पुष्पेन्दु जैन के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पेन्दु जी द्वारा रचित सरस्वती वंदना उनकी बेटियों द्वारा सस्वर पढ़ी गई। सभी के प्रति संस्था के अध्यक्ष वीर डा. ए.के. जैन ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर कवि पुष्पेन्दु जैन का पूरा परिवार उपस्थित रहा।

इस अवसर पर डॉ. अमिता दुबे, डॉ. रश्मिशील शुक्ला एवं भारती अग्रवाल पायल को को कवि पुष्पेन्दु जैन साहित्य सम्मान से अंगवस्त्र, मोती माला, सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न एवं प्रतीकात्मक धनराशि जैन मिलन लखनऊ की ओर से प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मा. मुकेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कवि पुष्पेन्दु जैन में उच्चकोटि की नैसर्गिक काव्य-प्रतिभा विद्यमान थी। यद्यपि उन्होंने स्वांतरू सुखाय ही कविताई की परन्तु विषय-वस्तु की सहजता एवं सरसता और प्रस्तुतीकरण की विलक्षणता के कारण जन-जन को मोहित करने में सक्षम हैं। अतिविशिष्ट अतिथि श्री राघवेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कवि पुष्पेन्दु जैन की रचनाएं आम आदमी के जीवन मूल्यों से जुड़ती दिखाई पड़ती हैं तभी उनकी कविताएं जन-मानस की कंठहार बनी हैं। आज सम्मानित हुई उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की प्रधान सम्पादक डॉ. अमिता दुबे ने कहा कि कवि पुष्पेन्दु जैन ऐसे महान संत स्वभाव वाले इस नश्वर संसार से असमय ही विदा हो गए। परन्तु उनके विचार, आशावादी दृष्टिकोण, कार्य-व्यवहार और प्रेरणास्पद साहित्य के माध्यम से वे हमेशा हम सबके बीच रहेंगे। डॉ. रश्मिशील शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि- 'कवि पुष्पेन्दु जैन का सम्पूर्ण जीवन ही अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा परन्तु उन्होंने की हार नहीं मानी और दुखों व कष्टों का सामना बड़े धैर्य व साहस के साथ किया। सुखे-दुखे समे कृत्वा उनके जीवन का मूलमंत्र था। शब्दब्रह्म के सच्चे आराधक कवि पुष्पेन्दु जी की पावन-स्मृति को हम सब मिलकर शत-शत नमन करें।

लखनऊ फूड आइकॉन अवार्ड 18 सितंबर को

● 21 मशहूर लजीज व्यंजनकार होंगे सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। तहजीब, अदब, नजाकत-नफासत के शहर के खान-पान की पूरी दुनिया में धूम है, इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाने और इसकी खुशबु को बरकरार रखने की दिशा में राजधानी की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जे.पी.एस.स्टार 11 ने एक नई पहल शुरू की है, जिसके तहत लखनऊ के लजीज व्यंजनकारों और उनकी रेसिपी को सम्मान देगी। कार्यक्रम संयोजक अरविन्द सक्सेना ने बताया कि राजधानी के 21 मशहूर और लजीज व्यंजनकारों को आगामी 18 सितंबर 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह गोमती नगर में लखनऊ फूड आइकॉन अवार्ड-2025 में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समारोह में लखनऊ के मशहूर कबाब, चाट, कचौड़ी, खस्ता, मलाई गिलोरी, मिष्ठान, बाटी- चोखा, कुल्फी, लड्डू, चाय, मक्खन-मलाई और अवधी-मुगलई जैसे अन्य व्यंजनों के व्यंजनकार मौजूद होंगे।

महिला सशक्तीकरण पर हुई चर्चा

लखनऊ। समाज में महिलाओं की भूमिका सिर्फ परिवार और नौकरी तक सीमित नहीं है। वे सामाजिक बदलाव की भी वाहक हैं। जब कोई महिला खुद आत्मनिर्भर बनती है, तो वह दूसरों को भी प्रेरित करती है। समाज में महिलाओं की स्थिति और उनके अधिकारों को लेकर समय-समय पर बदलाव होते रहे हैं। एक जागरूक समाज ही महिलाओं को आगे बढ़ने का सही अवसर दे सकता है, जिससे वे अपने और समाज के विकास में योगदान दे सकें।

सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से अदीरा वेलफेयर क्लब द्वारा रविवार को विराजखंड गोमतीनगर में सामाजिक किटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। अदीरा वेलफेयर क्लब की संस्थापिका व सीईओ रितिका चौधरी ने कहा कि अदीरा का अर्थ है शक्तिशाली और महान। बिना रुके तमाम अड़चनों को पार करके भी जो महिलाएं अपने उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रहीं है, निसंदेह वह शक्तिशाली है।

उन्होंने बताया कि सामाजिक कार्यों के नौ क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। जिसमें चाइल्ड एजुकेशन, एनिमल वेलफेयर, महिला सशक्तिकरण, ओल्ड ऐज होम, सैनिटेशन, संस्कृति, पर्यावरण, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, पर्यावरण, महिला स्वास्थ्य शामिल है। अदीरा वेलफेयर किटी में भी नौ दुर्गा के रूप में नौ वर्टीकल बनाये गए हैं, ताकि सभी के काम को एक नयी उड़ान और पहचान मिल सके। महिलाओं की 9 टीमें बनाई जाएंगी, जो अलग अलग सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करेंगी। मुख्य अतिथि रिकी ग्रांड मास्टर वास्तु एक्सपर्ट सोहानी पाण्डेय ने कहा कि अध्यात्म हमें जीवन जीना सिखाता है। अध्यात्म की सबसे बड़ी पावर है संयम और जिंदगी में संयम और मन की शांति जरूरी है।

महिलाओं ने मनाया हरियाली उत्सव, रोली बनीं क्वीन

● राष्ट्रीय सनातन संघ के बैनर तले आयोजित हुआ हरियाली उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी रविवार शाम को तब हरियाली तीज के पहले ही माहौल में डूब गयी जब गोमतीनगर में राष्ट्रीय सनातन संघ के बैनर तले आयोजित हरियाली उत्सव में महिलाओं व बालिकाओं ने झूमकर नृत्य किया और मेंहदी, रंगोली, आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में सहकारी अधिकारी आवास, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की दीपांजलि गब्बर रहीं।

राजधानी के गोमती नगर स्थित एल्डिको ग्रीन्स स्थित आयफिल क्लब में रविवार शाम को राष्ट्रीय सनातन संघ ने शाम 4 बजे से हरियाली उत्सव का आयोजन किया । जिसमें आयोजक प्रमिला श्रीवास्तव ने महिलाओं के लिए तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस अवसर पर गायन, वादन, मेंहदी प्रतियोगिता और कैटवाक का भी आयोजन किया गया। महिलाओं ने अपने हाथों में खूबसूरत मेंहदी रचायी तो बालिकओं ने रंगोली सजाकर भी सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता के साथ ही महिलाओं ने अंताक्षरी, गायन और वादन में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में रोली श्रीवास्तव को क्ववीन का खिताब दिया गया। दीपांजलि गब्बर ने विजेताओं को ताज पहनाकर सम्मानित किया। संस्था के अयक्ष दिनेश खरे ने प्रतिभागियों व विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।

'आजाद लेखक कवि सभा' के संस्थापकों की स्मृति में लगायी गयी प्रदर्शनी

● स्मृतिशेष गुरुमुखी रचनाकारों के परिजनों ने किया पिता की कविताओं का पाठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर की प्रख्यात संस्था 'आजाद लेखक कवि सभा' उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से सभा संस्थापकों का स्मृति समारोह मनाया गया। समारोह 'आजाद लेखक कवि सभा' के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मोंगा की अध्यक्षता में रविवार को श्री गुरु तेग बहादुर भवन चंदर नगर मार्केट आलमबाग के सभागार में हुआ। इस अवसर पर स्मृतिशेष रचनाकारों की लिखी पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मोंगा ने कहा कि लखनऊ में प्रख्यात गुरुमुखी साहित्य की त्रयी कवि स्व. नरेंद्र सिंह 'गुलशन', स्व. त्रिलोचन सिंह 'चन' और स्व. हरमिंदर सिंह 'दीवाना' की त्रयी ने देश में अपने मौलिक कृतित्व-व्यक्तित्व से प्रदेश को गौरव दिलाया। कार्यक्रम संयोजक त्रिलोक सिंह बहल ने कहा कि 'आजाद लेखक कवि सभा' की स्थापना इन्हीं तीन युवा रचनाकारों ने चार दशक पहले की थी। चन जी संस्थापक महासचिव, अध्यक्ष गुलशन जी और दीवाना जी संस्थापक सदस्य थे। समारोह में 'आजाद लेखक कवि सभा' स्मृतिशेष संस्थापकों के परिजन गुलशन जी की पत्नी हरभजन कौर, चन जी की पत्नी सुरिंदर कौर और दीवाना जी के सुपुत्र जसपिंदर सिंह को सभा की ओर से नरेंद्र सिंह मोंगा और त्रिलोक सिंह बहल ने सम्मानित किया। समारोह में हरपाल सिंह गुलाटी, निर्मल सिंह ने तीनों कवियों के कृतित्व-व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अजीत सिंह, त्रिलोक सिंह बहल ने हरमिंदर सिंह 'दीवाना' जी के पौत्र हरगुन सिंह और अन्य ने तीनों कवियों की हिंदी, उर्दू कविताओं का सस्वर कविता पाठ किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सरबजीत सिंह बख्शीश ने किया।

भोजपुरी फिल्म 'रेशम की डोर' का ट्रेलर रिलीज

लखनऊ। भोजपुरी फिल्मों में पारिवारिक कहानियों का अपना अलग ही मजा होता है। ऐसी ही एक नई भोजपुरी फिल्म का नाम है 'रेशम की डोर'। इसका ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है और इसे देखकर लगता है कि फिल्म में इमोशन, ड्रामा और रिश्तों का गहरा संगम देखने को मिलेगा। फिल्म में जय यादव और रिंकू घोष की जोड़ी नजर आ रही है, जो शुरूआत से ही ध्यान खींच लेती है। ट्रेलर की शुरूआत में ही पारिवारिक रिश्तों की गर्माहट और मजबूती महसूस होती है। कहानी में उतार-चढ़ाव, खुशियां और दर्द- सब कुछ एक साथ दिखाया गया है। ये साफ है कि फिल्म रिश्तों के महत्व और उन्हें निभाने की ताकत पर आधारित है। जय यादव और रिंकू घोष अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं और इस ट्रेलर में भी दोनों ने बेहतरीन काम किया है। उनकी एक्टिंग में प्यार, दर्द और संघर्ष- तीनों का मेल देखने को मिलता है। बाकी कलाकार भी कहानी में अच्छा रंग भरते नजर आते हैं।

श्रद्धा व सत्कार से मनाया गया श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जुगो-जुग अटल साहिब श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व सिख सेवक जत्थे एवं श्री गुरु सिंह सभा की ओर से ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला सहित लखनऊ के सभी गुरुद्वारों में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया।

प्रातः का कार्यक्रम शबद चौकी से आरम्भ हुआ जिसमें पारम्परिक वेशभूषा में सुसज्जित पांच प्यारों की अगुवाई में पुरूष, महिलाएं व बच्चे फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब में विराजमान श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी को अपने कन्धों पर उठाकर शबद कीर्तन, वाहिगुरू का जाप करते सुगन्धित इत्र व फूलों की बरखा कर रहे थे। शबद चौकी के मार्ग को गुब्बारों के साथ बड़ी खूबसूरती से सजाया गया था गुब्बारों, फूलों एवं बिजली की झालरों के साथ सजाए गये दीवान हाल में श्री गुरू ग्रन्थ साहिब का प्रकाश किया गया।

गुरुद्वारा सदर में भी साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहब का प्रकाश पर्व मनाया गया। ज्ञानी हरविंदर सिंह ने साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का इतिहास कैसे स्थापना की गई उसका विवरण कथा के माध्यम से संगत के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 1604 में साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहब जी का कलमबद करने का कार्य भाई गुरदास जी ने किया था ,एवम गुरु अर्जन देव जी ने 5 गुरुओं भक्तों एवम भट्टों की वाणी को 30 रागों में संग्रहित कर पोथी साहिब के रूप मे स्थापित कर हरमिंदर साहिब अमृतसर में बाबा बुड्डा जी को पहला ग्रंथी मनोनीत किया। गुरुद्वारे की हजूरी रागी भाई प्रीतम सिंह एवं सहयोगियों द्वारा से संगत को निहाल किया गया सदर हरपाल सिंह जग्गी कार्यकारी अध्यक्ष लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अपने उध्बोधन में कहा कि 1604 ईस्वी में पांच सिक्ख गुरु, भक्तों एवम भट्टों की वाणी को समाहित कर साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की स्थापना की । प्रथम ग्रंथि के रूप में बाबा बुड्ढा जी को ग्रंथि मनोनीत किया गया भारत के संविधान के अनुसार साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को जिंदा गुरु के रूप में स्वीकारा गया है श्री गुरु गोविंद सिंह पिता महाराज जी ने इसके बाद 1708 में नवें गुरु तेग बहादुर की वाणी को जै जै वंती राग में समाहित करके 11 वे गुरु के रूप सम्पूर्णतः देते हुए में स्थापित किया। इस के बाद दैहिक गुरु की प्रथा को समाप्त कर दिया। सम्पूर्ण ग्रंथ साहिब 31 रागों में दर्ज है। आज के दिन को ग्रंथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। स तेजपाल सिंह रोमी अध्यक्ष ने अवगत कराया की आज इस पवित्र पवन दिन में चरणजीत कौर गांधी को उप महापौर बनने पर उनको एवम पूर्व पार्षद को सम्मानित किया गया। स इंदर सिंह उपाध्यक्ष ने अवगत कराया की दीवान के उपरांत गुरु का लंगर वरतया गया।

शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल

लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में आज 24 अगस्त को सायंः 7.00 बजे से 11:00 बजे तक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में विशेष रूप से श्री दरबार साहब श्री अमृतसर से आए भाई कमलजीत सिंह जी ने शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। देर रात्रि तक गुरु का लंगर एवं मिष्ठान प्रसाद वितरित किया गया।

पुनर्वास विवि का प्रतिनिधिमंडल अखिलेश यादव से मिला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमण्डल ने मिलकर दिव्यांग छात्रों के शोषण के सम्बंध में ज्ञापन दिया।

डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्रों ने बताया कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उनके लिए निःशुल्क योजना की व्यवस्था की गई थी। अब दिव्यांग छात्रों को निकाला जा रहा है। नई-नई नियमावली बनाकर उनके हितों पर आघात किया जा रहा है। परीक्षाओं में मिलने वाली सुविधाओं में कटौती की जा रही है। दिव्यांग छात्रों को उपकरण मिलने में असुविधा हो रही है। विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्र प्रतिनिधिमंडल में इसरार अहमद, ब्रजेश कुमार, सुनील कुमार, अभिषेक दिनेश यादव, विशाल गौतम, पवन कुमार, नीलम कुमारी, अनुज वर्मा, खुशबू शामिल है।

परिषद के मांग पत्र का निस्तारण न होने पर अक्टूबर में होगा आंदोलन

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी बैठक प्रदेश अध्यक्ष एस पी तिवारी की अध्यक्षता में डास्प सभागार उद्यान भवन में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों के जिला अध्यक्ष/मंत्री, प्रदेश पदाधिकारियों व विभिन्न विभागों के प्रदेश अध्यक्ष/महामन्त्री शामिल हुए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एस पी तिवारी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। मुख्यसचिव के आदेश के बावजूद भी प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्ष सेवा संघों से वार्ता नहीं कर रहे हैं ।

परिषद के विभिन्न जनपदों में जिला इकाई कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी प्रदेश संगठन मन्त्री राजा भरत अवस्थी को सौंपी गई । पुरानी पेंशन बहाली, आठवाँ वेतन आयोग के अध्यक्ष व सदस्य के गठन की माँग, अर्जित अवकाश दिन को बढ़ाकर 300 से बढ़ाकर असीमित करने व सेवा संघों की सेवा सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण कराने की माँग सरकार से की गई ।

बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय कुमार शुक्ला ने की। कार्यकारिणी द्वारा ध्वनि मत से माँगों के निराकरण हेतु मंत्री परिषद को अंतिम निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया। बैठक में खाद्य एवं औषधि नियंत्रण, बेसिक शिक्षा, सिंचाई,राज्य कर, प्राविधिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, खाद्य एवं रसद, भूगर्भ जल, स्वास्थ,लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज, अर्बन मलेरिया, होमगार्ड, रोजगार सेवक, शिक्षामित्र आदि विभागों के पदाधिकारी पवन सिंह, संजय सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, नन्द लाल यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजा भरत अवस्थी संगठन मंत्री, रामायण राय, सतीश श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला, प्रेमचंद शुक्ल, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, आर पी मिश्रा वित्त मंत्री,बसंत लाल,सुलोचना मौर्य,आर के पाल, जुबेर अहमद, कमल किशोर शुक्ला, पंकज बाजपेयी, विशाल सोनकर, अजय द्विवेदी, धर्मेन्द्र अवस्थी, सुनील सिंह, बृजेन्द्र श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव,पी एस कुशवाहा,धर्मेंद्र सिंह, ललित राव, संजीव श्रीवास्तव, रामनाथ पासवान, कीर्तिमान सिंह, के के मिश्रा, रामेन्द्र श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर आयोजित

लखनऊ। लोकतंत्र की सुदृढ़ता और राष्ट्र की एकता-अखंडता को मजबूत करने के संकल्प के साथ, सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के निर्देशन एवं उनकी टीम के पदाधिकारियों के नेतृत्व में रविवार को विभिन्न आरडब्ल्यूए में मतदाता पंजीकरण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों का उद्देश्य पात्र नागरिकों, विशेषकर 18 वर्ष आयु सीमा पार कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नामांकन हेतु प्रोत्साहित करना एवं उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना रहा। क्षेत्र के लाइटहाउस अपार्टमेंट, रिशिता मैनहट्टन, सूरत रेजीडेंसी, आर.जी. एम्फोरिया, शिवा ग्रीन्स अपार्टमेंट, हिमालय एन्क्लेव, नीलगिरि अपार्टमेंट, आश्रा एन्क्लेव में आयोजित इन शिविरों में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर अपने पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराई। युवा वर्ग ने विशेष उत्साह दिखाते हुए नए मतदाता बनने की दिशा में पहल की।

रिशिता मैनहट्टन निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ अपार्टमेंट परिसर में किया प्रदर्शन

लखनऊ। रिशिता मैनहट्टन निवासियों ने आज बिल्डर के खिलाफ अपार्टमेंट परिसर में धरना प्रदर्शन किया और गंभीर आरोप लगाए । निवासियों का कहना है कि बिल्डर अपने द्वारा किये गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया और न ही वहां के लोगों की कोई समस्याओं का निवारण हो पा रहा है। सोसाइटी के महासचिव वीरेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि बिल्डर अपने द्वारा किये गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया यहाँ के निवासियों को पानी,सुरक्षा,मेंटीनेश, आदि कोई भी कार्य नहीं कराया गया हम लोगों ने कई बार उनसे अपनी समस्या बताई पर उन्होंने उस पर ध्यान नहीं दिया अंत मे परेशान होकर हम अपनी मागों को लेकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। वही निवासियों की माने तो वह कई वर्षों से लगातार शिकायतों और बैठकों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। यदि उनकी मागों को जल्द बिल्डर ने सुनवाई नहीं की तो आगे जो समिति के लोग फैसला लेगे वह होगा।

बीबीएयू के कुलपति ने किया अमेठी सैटेलाइट केंद्र का दौरा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल द्वारा अमेठी सैटेलाइट केंद्र का दौरा किया गया। इस अवसर पर सैटेलाइट केंद्र के निदेशक डॉ. संदीप कुमार नायक भी उपस्थित रहे। इस दौरान कुलपति ने अब तक किए गए विकास कार्यों की समीक्षा की तथा आगे प्राथमिकता के आधार पर किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की। यह उनका अमेठी सैटेलाइट केंद्र का दूसरा दौरा था, जहाँ उन्होंने शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मियों एवं विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें अपने भविष्य को अधिक रचनात्मक एवं नवोन्मेषी बनाने हेतु प्रेरित किया।

अमेठी सैटेलाइट केंद्र के निदेशक डॉ. संदीप कुमार नायक ने समस्त संकाय सदस्यों के साथ कुलपति का स्वागत किया और केंद्र की प्रगति के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कुलपति ने केंद्र परिसर में बाबासाहेब भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और पौधारोपण भी किया। इसके पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें सबसे पहले उद्यमी बनने, रोजगार उत्पन्न करने तथा 'सीखो और कमाओ, कमाते हुए सीखो' के सिद्धांत पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बहुविषयक क्षेत्रों में नवाचार लाने पर भी बल दिया। कुलपति के निरंतर प्रयासों से अब उपग्रह केंद्र को परिसर के भीतर 33 केवीए सब-स्टेशन की स्थापना के पश्चात सातों दिनचौबीस घंटे विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी।

कुलपति ने निदेशक को निर्देशित किया कि छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए पूर्ण तत्परता से कार्य करें और भविष्य में नए कौशल-आधारित प्रमाणपत्र कार्यक्रम प्रारंभ करें, जिससे यह केंद्र आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही कार्यकारी अभियंता एवं विश्वविद्यालय के परामर्शदाता के साथ सैटेलाइट केंद्र का भ्रमण किया और छात्रों के हित एवं केंद्र के विकास हेतु आधारभूत संरचना कार्यों को तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए। संकाय सदस्यों के साथ वार्ता में उन्होंने उन्हें परियोजना, परामर्श (कंसल्टेंसी) और शोध कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया तथा विद्यार्थियों के बेहतर मार्गदर्शन पर बल दिया।

अधिवक्ताओं की समाज के निर्माण में अहम भूमिका होती है : पवन सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीकेटी के ग्राम कठवारा स्थित ग्लोरी रिजार्ट में आयोजित सम्मान समारोह का आयोजन बीकेटी बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिवक्ता पवन कुमार सिंह द्वारा किया गया। अवध बार के अध्यक्ष, कार्यकारिणी के पदाधिकारियों,लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जीएन शुक्लाह्यचच्चूह्लऔर समाजसेवियों को एमएलसी पवन सिंह चौहान ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी ने कहा समाज के निर्माण में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका होती है। वह कानून का पालन कराते हैं न्याय व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने और व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का कार्य करते हैं।

समारोह को लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा अधिवक्ता समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा करते हैं।

प्रणालीगत असमानताओं को दूर करने का कार्य करते हैं जिससे समाज में समरसता और निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। समारोह में अवध बार के निवर्तमान अध्यक्ष एएम त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री मनोज मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग तिवारी,पंकज सिंह, अनुज सिंह,दिवाकर सिंह समाजसेवी आशीष सिंह, धर्मेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

बरेका में खेला गया रोमांचक फुटबॉल प्रतियोगिता

वाराणसी। खेल दिवस के उपलक्ष्य में आज बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) फुटबॉल नर्सरी के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उद्घाटन मैच में फुटबॉल नर्सरी और पहाड़ी गांव बालिका टीम आमने-सामने थीं। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। मैच का निर्णायक क्षण तब आया जब नर्सरी की खिलाड़ी नैंसी ने शानदार पास खेला, जिसे अंशिका ने गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 से विजयी बना दिया। मैच में खुशी, स्वाती और श्रृष्टि ने भी सराहनीय खेल कौशल का प्रदर्शन किया और खूब तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन संपर्क अधिकारी श्री राजेश कुमार रहे। साथ ही राष्ट्रीय खिलाड़ी वंदना सिंह, खेल कूद आयाम प्रमुख विनोद सिंह, कोच भैरव दत्त, बरेका प्रशिक्षक पंकज पांडेय, खेल शिक्षक नरेश यादव, विनय पाण्डेय, डॉ. खुशबू अग्रहरि तथा अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि राजेश कुमार ने खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं बल्कि जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार करते हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह की जनसेवा पहल बनी जनविश्वास का आधार

4 मेधावियों को मिली साइकिल, 82वें गर्ल्स और 142वें बॉयज यूथ क्लबों को स्पोर्ट्स किट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनता की समस्याओं को सरकार तक नहीं, सरकार को जनता तक ले जाने की अनूठी सोच को साकार कर रहे हैं सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह। इसी क्रम में रविवार को ग्राम पंचायत भटगांव के मजरा हसनखेड़ा में 132वां आपका विधायक - आपके द्वारह्ल जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर केवल समस्याएं सुनने का मंच नहीं, बल्कि समाधान की संस्कृति का जीवंत उदाहरण है।

जनसुनवाई शिविर के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा किसान सम्मान निधि से जुड़ी 42 समस्याओं और सुझावों को साझा किया। हर प्रश्न को गम्भीरता से सुनते हुए डॉ. सिंह की टीम ने समाधान का भरोसा दिलाया और संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के आवश्यक निर्देश भी दिए। अब तक इस अभियान के अंतर्गत 6,000 से अधिक समस्याओं के

समाधान का सार्थक प्रयास किया जा चुका है।

कार्यक्रम के दौरान गाँव की शान पहल के अंतर्गत हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 2 मेधावियों 1. खुशी कश्यप (76%), 2. निखिल कश्यप (70%) एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 2 मेधावियों 1. शिवानी गौतम (88%) और 2. जतिन कुमार (70%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल पुरस्कार नहीं, युवाओं के भीतर आत्मविश्वास की लौ प्रज्वलित करने का प्रयास है। अब तक 500 से अधिक मेधावी छात्रों को साइकिलें प्रदान की जा चुकी हैं, ताकि वे अपने भविष्य की यात्रा में कोई दूरी महसूस न करें। डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरोजनीनगर क्षेत्र में यूथ क्लबों की श्रृंखला एक आंदोलन का रूप ले चुकी है। युवाओं को स्वस्थ, सशक्त और सामर्थ्यवान बनाने के उद्देश्य से 142वें बॉयज और 82वें गर्ल्स यूथ क्लब की स्थापना की गई। अब तक क्षेत्र में कुल 222 यूथ क्लब सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। प्रत्येक यूथ क्लब को इंडोर और आउटडोर खेलों की किट जैसे कैरम, वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल आदि प्रदान की जाती है, ताकि वे खेल के माध्यम से फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना का विकास कर सकें। शिविर के दौरान गाँव एवं समाज की तरक्की में विशेष योगदान देने वाले भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मधु चौरसिया, ग्राम प्रधान तारा, विपिन कुमार(पीनू), बूथ अध्यक्ष केदार मौर्या, बृज किशोर, राम प्यारे, रमेश गौतम, बांके लाल, राम चंद, राम दुलारे कश्यप, बराती लाल, पंकज शुक्ला, बुद्धिलाल मौर्या, चन्दन कश्यप, प्रिओम सिंह, सूरज सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे सामाजिक सम्मान और परस्पर सहयोग की भावना को बल मिला।

कार्यक्रम में 'तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से आए हुए सभी ग्रामवासियों को ताजा एवं पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध कराया गया, यह पहल मात्र भोजन पहुंचाने तक सीमित नहीं, बल्कि अपनों के लिए अपनत्व का प्रतीक है।

नवोत्सव-25 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नगर स्थित आदित्य टावर में रविवार को नवोत्सव-25 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। आगामी 21 सितंबर को राजधानी लखनऊ के आशियाना स्थित राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में उत्तर प्रदेश नवोदय ओपन एल्यूमिनी मीट (नवोत्सव-25) का आयोजन होना है। इस भव्य समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों के कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और जिम्मेदारियों की प्रगति रिपोर्ट दी। इस दौरान मंच व्यवस्था, पंजीकरण, आवास, भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अतिथि सत्कार जैसी तैयारियों पर विस्तार

● उत्तर प्रदेश नवोदय ओपन एल्यूमिनी मीट (नवोत्सव-25) का आयोजन होना है।

से चर्चा हुई। समिति ने यह सुनिश्चित किया कि देश-विदेश से आने वाले नवोदय विद्यालयों के पूर्व छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें एक यादगार अनुभव प्राप्त हो। कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि यह एल्यूमिनी मीट केवल मिलन का अवसर ही नहीं, बल्कि भाईचारे और नवोदयन भावना को पुनर्जीवित करने का माध्यम भी बनेगा।

इस दौरान पूर्व छात्र अपने अनुभव साझा करेंगे, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी और आपसी संवाद से नई पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलेगी इसी के साथ-साथ नवोदय विद्यालय के ऐसे पूर्व छात्र जो विभिन्न संस्थानों में उच्च पदों पर हैं वह रोजगार के नए अवसरों के बारे में भी करियर काउंसलिंग करेंगे। ज्ञात हो कि नवोत्सव-25 का आयोजन विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लेकर देश-विदेश तक फैले नवोदयन परिवार के सदस्य एक साथ जुटेंगे। इस महोत्सव से न केवल परस्पर संबंध मजबूत होंगे, बल्कि सामाजिक सरोकार और सहयोग की नई दिशा भी तय होगी। अर्जुन मंडल ने बताया कि इस अल्युमिनी मीट में देश विदेश से हजारों पूर्व छात्र छात्राएं सम्मिलित होंगे।

बैठक में सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से यह विश्वास व्यक्त किया कि 21 सितंबर का दिन नवोदय परिवार के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनने जा रहा है।

संक्षेप

गोण्डा सांसद के प्रयास से प्रशासन ने उपलब्ध करायी सरकारी नाव

सोहावल-अयोध्या। क्षेत्र के ढेमवा पुल के रास्ते सरयू पार कर गोण्डा जनपद की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए गोण्डा सांसद करण भूषण के हस्तक्षेप पर प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई मोटर बोट बेकार साबित हुई।इसे किनारे लगाकर उनके ही ठेकेदारों ने अपनी मोटर बोट चलाए रखना जारी रखा है।जो प्रति यात्री 50 रूपया का किराया वसूल रहे।यहाँ पुल के रास्ते नदी में कट कर विलीन हुई सड़क के बीच बह रही धारा को पार करने के लिए गोण्डा जनपद के ही ठेकेदारों द्वारा तीन बड़ी मोटर बोट महीनों से चलाया जा रहा है। प्रति वाहन या सवारी बोट संचालक 50 रुपए के हिसाब से वसूली करते आ रहे हैं। अब तक कई लाख रुपयों की वसूली हो चुकी है।सांसद करण भूषण के हस्तक्षेप पर मुख्यमंत्री के निर्देश से गोंडा प्रशासन ने रविवार को निःशुल्क यात्रियों की सुविधा के लिए दो छोटी मोटर बोट ढेमवा के किनारे पहुंचाई लेकिन इसे ठेकेदारों ने एक किनारे खड़ी करवा दिया जिस पर इनी गिनी सवारियां आती जाती रही। सरकारी बोट से नदी पार करने वाले रोशन सिंह, शंभू नाथ, ननके यादव, शक्ति सिंह आदि ने बताया कि बोट के आ जाने से नदी पार करके आने जाने वालों को सहूलियत मिलेगी। घाट पर बगल ही ठेकेदारों की चल रही बड़ी बोट ही यात्रियों के लिए सुविधाजनक ह।जिस पर पटरे जड़े होने और सायकिल व सामान ले जाना आसान है।योग्य नहीं है।जब तक बड़ी पटरादार बोट नहीं आएगी इन ठेकेदारों की बोट पर सख़्ती से प्रतिबन्ध नहीं लगेगा सरकारी बोट फेल रहेगी।

किसानों की आय बढ़ाने का संकल्प है अमृत प्रयास : कमलेश पासवान

जिला संवाददाता

देवरिया । विकसित देवरिया लोकसभा के लिए संकल्पित अमृत प्रयास कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में अमृत प्रयास के तहत लिए गए सात संकल्पों में से प्रथम संकल्प कैश क्रॉप एवं एग्रो प्रोसेसिंग में प्रोत्साहन और प्रयास विषय पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह व सदर सांसद शशांक मणि ने दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर बदलाव लाएगा ।कहा कि इन संकल्पों को साकार करने के लिए हम सभी को साथ मिलकर काम करना होगा । विशिष्ट अतिथि व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकारें किसानों को एग्रो-प्रोसेसिंग इकाइयाँ स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता और अनुदान प्रदान कर रही हैं।संक्षेप में, कैश क्रॉप की खेती करके किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं, और फिर एग्रो-प्रोसेसिंग के माध्यम से उन फसलों को मूल्यवर्धित उत्पादों में बदलकर उनका लाभ और बढ़ा सकते हैं। कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं जिससे किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं । इसमें सरकार अनेक योजनाओं और अनुदान के माध्यम से

- **किसानों की समृद्धि और देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार : शशांक मणि**
- **कैश क्रॉप से होगा किसानों का आर्थिक लाभ : कामेश्वर सिंह**

माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया ।कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील किसानों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश रहा है जहां किसान अपनी मेहनत और परिश्रम से फसलों का उत्पादन करता है ।जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनी है, हमारे अन्नदाता किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है।उन्होंने कहा कि अमृत प्रयास के तहत जो सात संकल्प लिए गए हैं, सदर सांसद द्वारा यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है जो किसानों की फसल का उचित मूल्य दिलाने का कार्य करेगा तथा उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में आश्चर्यजनक अन्नदाता किसानों की मदद कर रही है । सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि देवरिया लोकसभा के समुचित विकास में कृषि और किसानों की बहुत ही महत्वपूर्ण भागीदारी है ।उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने के लिए हमने जो संकल्प लिया है उसमें आप सभी का सहयोग आवश्यक है । किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था के रीढ़ हैं ।कृषि भारतीय अर्थव्यवसा की रीढ़ है जो न केवल इसलिए कि इससे देश की अधिकांश जनसंख्या को खाद्य की आपूर्ति होती है बल्कि इसलिए भी भारत की आधी से भी अधिक आबादी प्रत्यक्ष रूप से जीविका के लिए कृषि पर निर्भर है ।उन्होंने बताया कि प्रोसेस्ड फसलों का बाजार में अच्छा मूल्य मिलता है, जिससे किसानों की आय बढ़ती है। कटाई के बाद की गतिविधियों से फसल का नुकसान कम होता है तथा प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना से नए रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं।

कृषि विशेषज्ञ नरेश ने कहा कि कैश क्रॉप वे फसलें हैं जो सीधे बेचने या उपभोग करने के बजाय बाजार के लिए उगाई जाती हैं, जैसे गन्ना, कपास, जूट, चाय और कॉफी, जबकि एग्रो-प्रोसेसिंग उन कच्चे कृषि उत्पादों को मूल्यवर्धित खाद्य या औद्योगिक उत्पादों में बदलने की प्रक्रिया है।इस प्रक्रिया में धुलाई, सुखाना, काटना, डिब्बाबंद करना और पैकेजिंग जैसी क्रियाएं शामिल हैं, जो किसानों को अपनी फसलों के लिए बेहतर दाम दिलाने, आय बढ़ाने और फसल के बाद होने वाले नुकसान को कम करने में मदद करती हैं।कार्यक्रम को सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, तमकुही के विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, भाजपा नेता मारकंडे तिवारी ने भी संबोधित किया । कृषि और कृषि उत्पाद के महत्व को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने किया।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता विशंभर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अंतयार्मी सिंह, डा अभय मणि त्रिपाठी, नरेंद्र मिश्रा पप्पू, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, मुकुल मणि त्रिपाठी, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, गंगा सिंह कुशवाहा, राजेश कुमार मिश्रा, कृष्ण नाथ राय, रविंद पांडे बबुना, डा हेमंत मिश्रा, अंकुर राय, बृजेश कुशवाहा, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, प्रवीण प्रताप मल्ल, गोविंद चौरसिया, राजन सोनकर, गिरिजेश मणि त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, नागेन्द्र तिवारी, शिक्षक नेता नरेंद्र तिवारी, अजय उपाध्याय, भारती शर्मा, ब्लॉक प्रमुख पिंटू जायसवाल, अखिलेश किसान सुमरी देवी, मालती देवी, वीरेंद्र कुमार मौर्य, नागेंद्र सिंह, त्रिभुवन लाल, राकेश मिश्रा, विकास सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ता और अन्नदाता किसान उपस्थित रहे ।

965 वाहनों की चेकिंग कर 1लाख 65 हजार का ई - चालान

देवरिया । पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के निर्देश पर आज जिले के सभी थाना प्रभारियों/थानाध्यक्ष द्वारा थाना क्षेत्र स्थित बार्डर पर नाकाबन्दी अभियान के तहत समय 15.बजे से 17.बजे तक वाहनों/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गयी ।पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में शांति/सुरक्षा/कानून व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर आज ह्लनाकाबन्दी चेकिंग अभियानह्व के तहत सघन चेकिंग की गयी ।नाकाबन्दी चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य चोरी की गाड़ी पकड़ना, तीन सवारी के खिलाफ कार्रवाई करना, मोडिफाइड साइलेंसर वाले दुपहिया वाहनों के खिलाफ कार्यवाही, नाबालिकों द्वारा दो पहिया / तीन पहिया सवारी चलाने, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट एवं बिना लाईसेंस के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करना रहा ।जनपदीय पुलिस द्वारा उक्त चेकिंग अभियान के दौरान जनपद में कुल 62 स्थानों पर चेकिंग करते हुए 1304 व्यक्तियों व 965 वाहनों की चेकिंग की गयी और नियमों का पालन न करने वाले 180 वाहनों से रुपए 1लाख 65 हजार का ई-चालान किया गया ।

पीडीए चौपाल में सपा कार्यकर्ता भाजपा सरकार पर बरसे

बरहज,देवरिया। खोड़ा ग्राम पंचायत में रविवार को सपा के पीडीए चौपाल में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने भाजपा सरकार पर हमला बोला।सपाइयों ने आरोप लगाया कि मौजूदा शासन में लूट-खसोट और भ्रष्टाचार चरम पर है। जनहित की योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। जमीनी हालात बिल्कुल अलग हैं ।लोहिया वाहिनी सपा के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्थाओं से त्रस्त है। सरकार के मंत्री और अधिकारी जनता की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय अपनी वाली करने में लगे हैं।चौपाल में आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर भी सपाइयों ने गंभीर सवाल उठाए।उनका कहना था कि गरीबों और किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ नहीं मिल पा रहा है।अधिकारियों पर मनमानी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा राज में लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी हो रही है।जनता के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी।इस दौरान सपा के वरिष्ठ नेता अनिल गोस्वामी, पवन तिवारी, बबलू सिंह, राम प्रसाद यादव, राजन मिश्रा, विनोद गुप्ता, मिंटू कन्नौजिया, पीयूष गोड़, योगेंद्र, ललन, भोला, विनोद यादव मौजूद रहे।

गोरेया घाट ब्रह्म जी स्थान मंदिर पर होगा गोष्टी और सहभोज

देवरिया। विश्व हिंदू महासंघ की बैठक बाबा सोमनाथ के हनुमान मंदिर के प्रांगण में हुई ।जिसमें आगामी 12 सितंबर को होने वाले राष्ट्रसंत गोरक्ष पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ जी महाराज के पुण्यतिथि पर गोष्ठी और सहभोज का कार्यक्रम रखा गया है ।जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति होंगे। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा व विचार विमर्श किया गया ।मंडल प्रभारी बृजेश तिवारी ने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ के नए कार्यकारी की घोषणा के बाद प्रदेश अध्यक्ष का जनपद में प्रथम आगमन है व राष्ट्र संत महापुरुष अवैद्यनाथ जी महाराज के विचारों को लेकर हिंदू जागरण जन जागरण अभियान में गोष्ठी व सहभोज का आयोजन गोरेया घाट के मंदिर पर रखा गया है। यहां पर उन्होंने लोगों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।जिला अध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि सामाजिक समरसता कार्यक्रम को हम सभी को भव्य एवं दिव्य बनाना है।सुभाष तिवारी ने कहा कि पूज्य महाराज जी का हिंदुत्व के साथ-साथ हिंदू समाज को एक सुत्र में पिरोने का कार्य निरंतर करते रहे है। जिसको लेकर विश्व हिंदू महासंघ भी उक्त कार्य करेगा ।बैठक में मीडिया प्रभारी गुड्डू पहलवान, राजेश कुमार मिश्रा, मनोज मिश्रा, विपिन कुशवाहा, राज ठाकुर, गिरजेश तिवारी, गंगासागर, अशोक यादव, रमेश शर्मा, बीरबल चौहान आदि ने संबोधित किया।

दुकान का ताला दौड़कर ढाई लाख की चोरी

कुशीनगर। जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत फाजिलनगर के मुख्य बाजार में चोरों ने एक खाद और स्टील बक्से की दुकान का ताला काटकर ढाई लाख रुपये नगद चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है।दुकान के मालिक अनिल कुमार ने शुक्रवार रात में लगभग 9 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। चूंकि शनिवार को साप्ताहिक बंदी थी।रविवार सुबह जब पड़ोसी दुकानदार ने अनिल की दुकान का शटर उठा देखा तो उसे ताल टूटे होने का संदेह हुआ। उसने तुरंत अनिल को सूचना दी। अनिल मौके पर पहुंचे तो पाया कि दुकान में रखे ढाई लाख रुपये कैश गायब हैं। अनिल कुमार ने बताया कि बैंक बंद होने के कारण उन्होंने कैश दुकान में ही रख छोड़ा था। चोरी की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।मामले की पीड़ित ने तहरीर भी पुलिस को दी है।इस चोरी की घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। व्यापारीयो ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

रॉड से हमलाकर घायल करने में चार नामजद

अयोध्या। कैंट थाना क्षेत्र के रतिया मोहल्ले में लोहे की रात से हमला कर घायल किए जाने के मामले में एसपी से शिकायत के बाद रिपोर्ट दर्ज हुई है। मामले में एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ मारपीट बलवा तथा धमकी का मामला दर्ज किया गया है।

पीड़ित रेतिया निवासी अंकित निषाद पुत्र स्वर्गीय चुन्नू का कहना है कि मोहल्ले का ही डम्मी उर्फ मुन्ना उनको अक्सर जान से मार देने की धमकी दे रहा था। बिना किसी भी विवाद अचानक डम्मी उर्फ मुन्ना के परिवार ने हमला बोल दिया। डम्मी और उसकी पत्नी गुड़िया ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया,जिससे उसका सिर फट गया और गंभीर चोटें आई। डम्मी के बेटे करन तथा भतीजे अरुण ने उसको जमीन पर पटक दिया और कहीं शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी दी। प्रकरण में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पिता की डांट के बाद किशोर ने खाया जहर

अयोध्या। नगर कोतवाली के देवकाली क्षेत्र में पिता की ओर से डांटने पर एक किशोर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर हाल में उसको दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। किशोर को जिला अस्पताल लाने वाले उसके चाचा उमापति ने बताया कि उनका भतीजा 14 वर्षीय शनि पुत्र राजपति निवासी देवकाली शहर के जप्ती वजीरगंज स्थित अनिल सरस्वती विद्या मंदिर में हाईस्कूल का छात्र है। रविवार को छुट्टी होने के कारण सुबह वह तैयार होकर घूमने जा रहा था। इसी बात को लेकर उसके पिता ने डांट दिया। जिसके बाद उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर विशाल चैधरी ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल लाए जाने पर से प्राथमिक उपचार के बाद दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। अब उसकी हालत में सुधार है।

कपरवार को नगर पंचायत बनाने के लिए राजस्व कर्मियों ने किया सर्वे

बरहज, देवरिया। कपरवार को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कवायद तेज हो गई है। तहसील प्रशासन की टीम ने गांव का सर्वे किया। नयाब तहसीलदार रविन्द्र मौर्य,राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार, लेखपाल

- **उच्चाधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन से है मांगा स्पष्ट आख्या**

शमीम अंसारी ने स्थलीय निरीक्षण कर जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति और आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली। ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने की कवायद से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल देखा गया।ग्रामीणों का कहना है कि नगर पंचायत बनने से विकास कार्यों को गति मिलेगी और उन्हें शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी ।बरहज तहसील क्षेत्र के जनपद के सबसे बड़ी आबादी वाले ग्राम पंचायत कपरवार को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने के लिए क्षेत्रीय विधायक दीपक कुमार मिश्र शाका ने नगर विकास मंत्री को पत्र लिखकर नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग की थी।

नगर विकास विभाग इस संबंध में जिला प्रशासन से नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने के संबंध में स्पष्ट आख्या मांगी है। प्रशासनिक स्तर पर नगर पंचायत गठन के संबंध में कवायद से जनपद के सबसे बड़े गांव को नगर पंचायत का दर्जा मिलने की उम्मीद जग गई है।

नगर विकास विभाग के अनु सचिव कृपा शंकर जैसवार ने जिला अधिकारी देवरिया को पत्र भेज कर औचित्य पूर्ण प्रस्ताव स्पष्ट संस्तुति तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित नगर पंचायत का गठन के संबंध में निर्धारित मानकों के आलोक में परीक्षण कर संस्तुति सहित प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने के लिए उप जिलाधिकारी बरहज से आख्या मांगी है।उप जिलाधिकारी विपिन द्विवेदी ने नायब तहसीलदार को राजस्व टीम का गठन कर आख्या उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया है।

पटखौली, लबकनी गंगा, कुसुम्हा,लबकनी ईश्वर, लबकनी बसु, खोरी, परासिया तिवारी, महेन गांव को सम्मिलित कर नगर पंचायत के गठन का प्रस्ताव है। ग्राम पंचायत कपरवार सरयू और राप्ती नदी के संगम तट पर राम जानकी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। जनपद का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है। नगर पंचायत गठन कवायद को गति पकड़ने से नागरिकों में उम्मीद जग गई है। नगर पंचायत के गठन होने से यहां के लोगों को बेहतर जन सुविधाएं मिल सकेगी।

असगर तेरी जुर्रत के अंदाज निराले हैं..

अयोध्या। अंजुमन गुनच ए मजलूमिया फैजाबाद की बायादे असगरे मासूम आल इंडिया तरही शब्बेदारी इमामबाड़ा जवाहर अली खां में संपन्न हुई, पूर्व अध्यक्ष हामिद जाफर मीसम ने बताया कि शब्बेदारी में शहर व अन्य जिले से आई अंजुमनों ने अर्शी फैजाबादी के मिसरे तरअ ह्लअसगर तेरी जुर्रत के अंदाज निराले हैंह्ल पर अपने तरही कलाम पढ़े, अध्यक्ष कामिल हसनैन व सचिव इजहार हुसैन छोटू ने बताया कि अंजुमन सोगवाराने हुसैन वसीका अरबी कालेज से अलम उठाकर इमामबाड़ा जवाहर अली खा लेकर आई जिसके बाद शब्बेदारी का शुभारंभ हुआ, संचालन मोहम्मद हसनैन व पेशखानी रिव जिला जज सरवर हुसैन व सिब्तैन मेहदी शावर ने की मजलिस मौलाना वसी हसन खा व तकरीर मौलाना नदीम रजा जैदी ने किया, जिले के बाहर आयी अंजुमन हाशमी सिरसी, अंजुमन हैदरिया सुल्तानपुर, अंजुमन मुहाफिज ए अजा इलाहाबाद व शहर की अंजुमन मासूमिया राठहवेली, नसीरिया कदीम , हुसैनिया व अब्बासिया ने अपने तरही कलाम पढ़े ये सिलसिला रात भर चलता रहा सुबह नमाज के बाद जनाबे अली असगर का झूला जामा मस्जिद से इमामबाड़ा लाया गया जिसमें मेहमान नौहेखान शबीह अब्बास गोपालपुरी बिहार ने व अंजुमने हाशमी सिरसी ने नौहाखानी की, अंजुमन पासदराने कर्बला लखनऊ ने सुबह दुर्रो का मातम किया , अंजुमन के सेकेट्री इजहार हुसैन व अध्यक्ष कामिल हसनैन, उपाध्यक्ष फैजी फैजाबादी, उपसचिव आसिफ रजा, सैफ ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन नगर निगम सहित सभी श्रद्धालुओं का शुक्रिया अदा किया।

डोल मेला के दौरान दो बाइक चोरी

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली में शनिवार की रात डोल मेला का आयोजन किया गया था, जिसे सकुशल संपन्न कराने के लिए चार थानों की पुलिस बल तैनात थी।

डोल मेला संपन्न तो हो गया लेकिन इसी बीच दो बाइक भी चोरी होने के मामला प्रकाश में आया है। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है ।नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 13 महात्मा गांधी नगर

- **मेले में चार थानों की पुलिस फोर्स थी तैनात, मुख्य चौराहे से बाइक हो गई चोरी**

निवासी सुनील कुमार जायसवाल पुत्र मिट्ठू जायसवाल ने कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर जिक्र किया है कि शनिवार की रात 08:30 बजे बजाज प्लेटिना बाइक संख्या यूपी 57 बीसी 6981 को हरिओम चौक पर वार्ड नंबर 12 में मोबाइल की दुकान पर लॉक करके खड़ा कर दुकान में चला गया। कुछ समय बाद आया तो देखा बाइक चोरी हो गई।

दूसरा मथौली नगर के ही वार्ड नम्बर 15 स्वामी विवेकानंद नगर निवासी रामहरख यादव पुत्र धनुखी यादव रात 9 बजे हीरो स्पलेंडर प्लस रंग काला यूपी 57 बीएफ 2199 मुख्य चौराहे पर लॉक करके दवा लेने चला गया कि इसी बाइक चोरी हो गई। इस संबंध में पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

बता दें कि जिस रात बाईक चोरी हुई है उसी रात मथौली में डोल मेला निकला था।डोल मेला में मशहूर डांसर माहीझमनीषा आई थी जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ इकठ्ठा हुई थी। इसको देखते हुए चार थानों कप्तानगंज, अहिरौली, रामकोला व नेबुआ नौरंगिया की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगी थी।एसडीएम हाटा व सीओ कसया भी मौजूद थे। दोनों बाईक मुख्य चौराहे से चोरी हुई है जबकि डोल मेले में ड्रोन कैमरा भी चल रहा था।करीब 10 बजे तक मुख्य चौराहे पर डोल मेला देखने आए लोगों की भींड इकठ्ठा था।इस बीच दो बाइक चोरी हो जाना कहीं न कहीं पुलिस की बड़ी चूक मानी जा रही है क्योंकि चार थानों की पुलिस फोर्स तैनात थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष कप्तानगंज के सीयूजी नंबर पर दो बार फोन किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

आभूषण और सामान चोरी

कुशीनगर। जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के सेमरी परसोनी गांव में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया और करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए।ग्रामीणों के अनुसार, चोर जगदीश चौहान के घर की दीवार में सेंध काटकर अंदर कमरे में घुसे। जहां आलमारी और बक्से तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात, नकदी व कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरों ने पायल, मंगलसूत्र और करीब 10 हजार रुपये नकद समेत कुल मिलाकर लाखों का सामान चुरा ले गए। पीड़ित परिजनों ने बताया कि घर में हलचल की आवाज सुनकर वे जागे लेकिन तब तक चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुके थे। चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची।ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इस संबंध में हाटा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने कहा कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। जानकारी मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका व नगर पंचायतों में साप्ताहिक बंदी के दिन हुए निर्धारित

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने जनपद के समस्त नगरपालिका /नगर पंचायतों में स्थित समस्त दुकानों एवं वाणिज्यक अधिष्ठानों में वर्ष 2025 के लिए साप्ताहिक बंदी के दिन निर्धारित किये गए हैं।

उन्होने बताया कि नगर पालिका परिषद-पडरौना, नगर पंचायत सेवरही तथा लक्ष्मीगंज में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (नाई, हेयरड्रेसर, कटिंग, सैलून की दुकानों को छोड़कर) को रविवार बंदी रहेगी। नगर पालिका परिषद कसया, कुशीनगर में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (नाई, हेयरड्रेसर, कटिंग, सैलून की दुकानों को छोड़कर) बुद्धवार को बंदी रहेगी।नगरपालिका परिषद हाटा, नगर पंचायत रामकोला,खड्डा, सुकरौली एवं फाािजलनगर में स्थ्ति समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (हाउसिंग लीजिंग तथा फाइनेंस प्रतिष्ठान को छोड़कर) शनिवार को बंदी रहेगी। नगर पंचायत कप्तानगंज में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (हाउसिंग लीजिंग तथा फाइनेंस प्रतिष्ठान को छोड़कर) सोमवार के दिन बंदी रहेगी।इसी प्रकार नगर पालिका कसया, एवं हाटा, तथा नगर पंचायत तमकुहीराज, खड्डा, कप्तानंगज, रामकोला, फाजिलनगर तथा सुकरौली में स्थित समस्त हाउसिंग लीजिंग तथा फाइनेंस अधिष्ठान रविवार को बंद रहेंगी। नगर पालिका पडरौना एवं कसया नगर पंचायत सेवरही, कप्तानगंज, लक्ष्मीगंज तथा सुकरौली में स्थित समस्त नाई, हेयरड्रेसर, कटिंग, सैलून व वाणिज्य अधिष्ठान शनिवार को साप्ताहिक बन्दी रहेगी।उन्होने बताया कि वर्णित दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान जैसे- भोजन,दवा सर्जिकल उपकरण, समाचार पत्रों, औषधियों, चिकित्सालय, शाक-सब्जी, मिठाई, दूध, पका भोजन,फूल, पान और सुपारी, मांस-मछली, कुक्कुट आदि, अंडे,बर्फ तथा ताजे फल और हरे चारे का व्यवसाय, सिनेमा, नाट्य शाला,क्लब,रेलवे स्टेशनों पर जलपान गृह, दाह संस्कार हेतु आवश्यक वस्तुओं,किराए पर दिए जाने वाले बैंड बाजे लाउडस्पीकर,प्रदर्शनी,मेलो या बाजारों की दुकान, परिवहन सेवाएं, बिजली तथा जल संभ्रण प्रतिष्ठान, साइकिल,रिक्शा, तांगा, इक्का,बैलगाड़ी की मरम्मत की दुकान आदि पर साप्ताहिक बन्दी के प्राविधान लागू नही होंगे।

सभासद ने श्रीराम का चित्र देकर किया सम्मानित

सोहावल-अयोध्या। खिरौनी सुचित्तागंज नगर पंचायत पंचायत वार्ड संख्या 12 से सभासद आशीष श्रीवास्तव ने सोहावल एसडीएम सविता राजपूत रौनाही थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह नायब तहसीलदार रेशू जैन को श्रीराम का चित्र देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनता के हित के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

रक्तदान हजारों पुण्य के बराबर : एसडीएम

ललितपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के महरौनी सेवा केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महरौनी क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम मदन मोहन गुप्ता ने रिबिन काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया।

- **महरौनी सेवा केन्द्र में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन**

उन्होंने कहा कि रक्तदान हजारों पुण्य के बराबर है, रक्तदान से किसी अजनबी का जीवन बचाया जा सकता है। नगर पंचायत महरौनी अध्यक्ष नीलम ने कहा कि यह कार्य बहुत अच्छा संस्था के द्वारा हो रहा है, इसके लिए में निरंतर सहयोगी रहूंगी। साथ ही ललितपुर क्षेत्र की संचालिका राजयोगिनी चित्ररेखा दीदी ने भी सभी को रक्तदान के फायदे बताएं और संस्था का परिचय दिया कि यह समाज सेवा प्रभाव निरंतर रूप से अपना कार्य कर रहा है। रक्तदान केवल शारीरिक सहायता नहीं बल्कि विश्व बंधुत्व और मानवीय करुणा का प्रतीक है। महरौनी क्षेत्र की संचालिका राजयोगिनी मायारानी दीदी ने बताया कि उनका 25 यूनिट का संकल्प लिया था और 27 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है, जिसे एएसएमसी ब्लड बैंक ललितपुर को प्रदान किया गया।इसके पश्चात सभी रक्तदाताओं में गेंदालाल साहू, संदीप सोनी, दीपक, कैलाश साहू, कमलेश साहू, अभिषेक, अंकित, बीके प्रियंका बहन, ऋषि, धर्मजीत, शाहरुख खान, कल्लू सिंघई, शिल्पी सिंघई, जावेद अख्तर, कमलेश, रामजी, मनीष बडोनिया, वीरेंद्र बुनकर, अंश परिहार, सौरभ सोनी, हरिहर मोहन तिवारी, रीता चैहान, प्रमोद सिंह, अतुल तिवारी, सागर रत्नाकर, हरनाम सिंह, वर्षा परिहार, अजीत पटेल, निकिता यादव ने रक्तदान किया। सभी रक्तदान करने वालों को संस्था से सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। साथ ही परमात्मा का रक्षा सूत्र भी बांधते हुये ओर व्यसन मुक्त रहने का संकल्प लिया।स्वशासी राज चिकित्सा महाविद्यालय ब्लड बैंक से डा.विमल जितेंद्र राजपूत, सूरज कुमार, राजू वर्मा जिनके अथक सहयोग से विधि पूर्वक निर्विघ्न रक्तदान शिविर संपन्न हुआ।

संक्षेप

पुलिस आपके द्वार ग्राम चौपाल का आयोजन

असोहा, उन्नाव। पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत थाना पुरवा पुलिस द्वारा ग्रामसभा मनिकापुर में ग्राम चौपाल बैठक आयोजित की गई। थाना पुरवा के ग्रामसभा मनिकापुर में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। इस दौरान उनकी समस्याओं को सुना गया। समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया गया। साइबर अपराध व अन्य हेल्प लाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत यह बैठक आयोजित की गई। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। भ्रामक तथ्यों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

शोभायात्रा में मनोरम झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बाद प्रति वर्ष निकलने वाली परंपरागत शोभा यात्रा रविवार को लगभग तीस सुंदर सुंदर झांकियों के साथ निकाली गई। बैंड बाजे व लाउडस्पीकर से सुसज्जित शोभा यात्रा में अठ्ठारह बैल गाड़ी और बारह ट्रैक्टरों में भगवान गणेश, विष्णु, रामसीता दरबार, कमल पुष्प पर विराजमान ब्रम्हा जी, संजीवनी लाते हनुमान जी, आदि की मूर्तियां सजाकर वाहनों में उन्हें बैठाकर शोभा यात्रा हरदोई उन्नाव रोड पर पूर्व प्रधान पुष्कर शुक्ला के घर से हफीजाबाद चैराहे तक पहुंची। इसके पहले अशोक शुक्ला, पुष्कर शुक्ला आदि ने गणेश पूजन करके शोभा यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर शैलेन्द्र शुक्ला, कुंवर जी शुक्ला, ऋषि बाजपेई, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश दीक्षित, अतुल मिश्रा आदि रहे।

पानी से भरे गड्ढे में गिरने से वृद्धा की मौत

अजगैन, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुंदरपुर में रविवार की सुबह शौच के लिए निकली 60 वर्षीय बिट्टा देवी की पानी से भरे गड्ढे में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना सुबह करीब चार बजे की है। मृतका बिट्टा देवी दो सौ मीटर दूर खेतों में शौच के लिए घर से निकली थी। तभी उनका पैर फिसल गया। वह सड़क किनारे स्थित पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद काफी देर घर न पहुंचने पर उनकी तलाश परिजनों से शुरू की। काफी खोजबीन के बाद किसी तरह जानकारी मिली कि उनका शव पास के ही एक गड्ढे में गिरने की वजह से मृत अवस्था में पडा है। सूचना पर चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के तीन पुत्र संजय (35), संदीप (30), कुलदीप (25) और पांच बेटियां हैं। चैकी प्रभारी रवींद्र मालवीय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्यवाही जारी है।

जवाबी भजन, आल्हा गायन के साथ कार्यक्रम की शुरूवात

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील मुख्यालय के कस्बा बिहार में रविवार को बाबा गौरीशंकर युवा जन कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक वरिष्ठ पदाधिकारी अजय मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संदीप कुमार मिश्र, शीबू, रजोली मिश्रा, राहुल बाजपेयी सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक में आगामी 4 अक्टूबर को होने वाले धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने एक स्वर में इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजन की शुरूआत दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक जवाबी भजन से होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आल्हा गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसे नयन बाजपेयी सुपुत्र स्वर्गीय लल्लू बाजपेयी प्रस्तुत करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला को और भव्य बनाने के लिए रात्रि 9 बजे से नौटंकी और रंगारंग मंचन कराया जाएगा। यह प्रस्तुति उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध बादशाह संगीत थिएटर कम्पनी, पंपापुर द्वारा दी जाएगी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि सभी ग्रामवासी और क्षेत्रवासी आयोजन की तैयारी में जुटे हैं। मंच व्यवस्था, प्रकाश, ध्वनि और श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उपसमितियाँ गठित की गई हैं। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुविधा की भी योजना बनाई जा रही है।

जान चली गयी मगर नहीं मिली एक बोरी यूरिया

● पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा जिला मुख्यालय

जिला संवाददाता

सकरन (सीतापुर)। थाना क्षेत्र सकरन के ग्राम किरतापुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र अंजनी जयसवाल पुत्र दीनबंधु जयसवाल यूरिया लेने के लिए एक सप्ताह से खाद गोदामो के चक्कर लगा रहा था। 22 अगस्त 2025 को ओमप्रकाश बिसवां खाद गोदाम यूरिया लेने गया था। लेकिन ओमप्रकाश लाइन में लगा रहा और उसका नंबर नहीं आया और उसको यूरिया नहीं मिली खाद गोदाम कर्मचारियों ने ओम प्रकाश को आश्वासन दिया कि आप अपना आधार कार्ड जमा कर दीजिए। कल आपको यूरिया मिल जाएगी। रोजाना की तरह ओमप्रकाश 23 अगस्त 2025 को यूरिया लेने के लिए बिसवां खाद गोदाम पहुंच गया और लाइन में लग गया। शाम लगभग 3 बजे तक ओमप्रकाश लाइन में लगा रहा। लेकिन ओम प्रकाश को यूरिया नहीं मिली। थक हारकर निराश होकर ओमप्रकाश पैदल पैदल अपने घर के लिए चल पड़ा। पुरैनी और भोलागंज के बीच में प्रधान ढाबा के पास ओमप्रकाश बैठकर सस्ताने लगा। बैठे-बैठे उसको नींद आई और वहीं पर लेट गया। ओमप्रकाश के गांव के ही कुछ लोग बिसवां खाद गोदाम यूरिया लेने के लिए गए थे। वापसी में देखा कि ओमप्रकाश यहां पर लेटा है तो मौके पर जाकर ओमप्रकाश को जगाने का प्रयास किया। लेकिन ओमप्रकाश ने आंखें नहीं खोली इस दर्दनाक घटना की सूचना बिसवां कोतवाली पुलिस को हुई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर ओमप्रकाश के परिजनों को इस संबंध में जानकारी दी। ओमप्रकाश के परिजन मौके पर पहुंचे और शव को अपने घर ले गये।

इस दर्दनाक घटना की सूचना सकरन थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा को हुई। सकरन थाना प्रभारी अपने हमराही बल के साथ मौके पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिले और पूरी मदद करने का आश्वासन दिया। ओमप्रकाश के परिजनों ने ओमप्रकाश के शव का पीएम कराने की इच्छा जाहिर की। सकरन थाना प्रभारी ने गांव के संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष पंचनामा भरवा कर शव को पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। ओमप्रकाश के तीन लड़के और तीन लड़कियां है। जिसमें एक लड़का और दो लड़कियों की शादी हो चुकी है एक लड़की और दो लड़के अभी शादी करने को शेष है। ओमप्रकाश के दोनों लड़के बाहर मजदूरी करते थे। ओम प्रकाश गांव में रहकर खेती किसानी करता था। पूरा परिवार मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। इस दर्दनाक घटना से पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

सरकार के मंसूबे को खुलेआम पलीता लगा रहे भ्रष्ट लेखपाल

सीतापुर। प्रदेश सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का दावे को भ्रष्ट लेखपाल जान बूझकर खुलेआम पलीता लगा रहे हैं। लेकिन जुम्मेदार लोग जानबूझकर अंजान है। इससे पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर परेशान और परेशान हो रहे हैं। मालूम हो कि तहसील महमूदाबाद के थाना रामपुर कला क्षेत्र के ग्राम तेजनीपुर का मामला प्रकाश में आया है। वहां के कन्हैया पुत्र जगदीश ने ग्राम के अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध तहसील दिवस महमूदाबाद में 2 अगस्त को शिकायत सं 30080725000663 आनलाइन सं 92515400052222 की है। शिकायती पत्र में आरोप है कि ग्राम के छत्रपाल रामप्रसाद, दुर्विजय, कमलेश आदि ने कब्जा करने के नियत से ग्राम की सुरक्षित भूमि गाटा संख्या 94 पर अवैध कब्जाकर लिप्टिस के पेड़ छप्पर आदि डालकर अनाधिकृत पुराना कब्जा है। वहां के लोग दबी जुबान बताते हैं कि शासनादेश को दरकिनार कर विपक्षी उस पर मकान बनाना चाहते हैं। बता दें उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढों में दर्ज है। इसलिए ग्राम के लोगों को परेशानी है। कार्यवाही न होने से वहां के नागरिक बेतहासा परेशान है। पीड़ित ने बताया अनाधिकृत कब्जेदारों को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के इशारे पर कब्जा बरकरार है। इसलिए कार्यवाही करने में लेखपाल टालमटोल कर रहे हैं। इससे समझा जाता है कब्जेदारों को क्षेत्रीय लेखपाल राजेश कुमार का संरक्षण प्राप्त है। इसलिए पीड़ित को न्याय और कब्जेदारों के विरूद्ध प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है। कहा जा रहा है शिकायत कि लेखपाल ने स्थलीय जांच की आरोप सत्य पाये गये। लेकिन न तो अवैध कब्जा हटाया गया और न ही कब्जेधारों के विरूद्ध कार्यवाही की इससे उनके हौसले बुलंद हैं।

हटिया में विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के मनी खेड़ा में लखपेड़ा हटिया में विशाल दंगल का आयोजन हुआ। जिसमे इटावा शामली हरियाणा पंजाब अलियाबाद लखनऊ गोंडा बहराइच बस्ती कानपुर उन्नाव आदि जगह के पहलवान मौजूद थे। दंगल कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्प फाउंडेशन पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह पहुँचे। उन्होंने पहलवानो की कुश्ती की कला का करतब देखा व उत्साहवर्धन किया कुश्ती जीतने वाले पहलवानो को नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। दंगल कमेटी के अध्यक्ष को पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने सहयोग धनराशि भी दी है दंगल प्रांगण मे बोलते हुए उन्होने कहा कि खेल को खेल भावना से ही खेला जाना चाहिये आपसी कटुता नहीं होनी चाहिये। ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उसे हमें निखारने की आवश्यकता है मेरी तमन्ना है सभी विजयी पहलवान प्रदेश मे ही नहीं पूरे विश्व मे नाम कर कुश्ती कला का परचम लहरायें ऐसी मेरी भगवान से कामना है। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम बाबा बजरंगबली का सुंदरकांड पाठ, हवन पूजन उसके बाद दंगल का शुभारंभ लंबी कुद से हुआ। जिसमें से हिलगी के पहलवान ने पहला स्थान हासिल किया। रालपुर रायबरेली के पहलवान ने दूसरा स्थान हासिल किया। रतापुर के पहलवान तीसरा स्थान हासिल किया। पिछली बार के दंगल केशरी पारुल शर्मा को दीपक रजावत कानपुर ने हराया और दंगल विजेता बने इस मौके पर ग्राम प्रधान पति रमेश सिंह पूर्व प्रधान विश्राम सिंह आशु सिंह कोषाध्?यक्ष राजेश सिंह अध्?यक्ष संजय सिंह राममिलन, मानवेन्द्र सिंह,पंकज सिंह, दीपक सिंह, लोटन पासवान, रासबिहारी सिंह गोपाल सिंह श्?यामसुंदर सिंह देशराज मास्?टर जगराम सिंह फौजी प्रिंस सिंह शिव कुमार लोधी सतीश लोधी सुशील मास्टर नेपाल लोधी, फुन्नी त्रिपाठी, सुशील धानु अतुल दानोन आदि मौजुद रहे ऐतिहासिक प्राचीन दंगल बाबा बजरंगबली लाखपेड़ा, राघवेंद्र सिंह,रामजी यादव, कमलेश यादव, प्रखर सिंह, विक्रम यादव सहित हजारों लोग दंगल देखने पहुंचे।

भाजपा संविधान के मूल ढांचे को कर रही कमजोर

भाजपा पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने साधा निशाना

सीतापुर। जनपद की तहसील महोली क्षेत्र के अंतर्गत चड़रा गांव में स्थित एक गेस्ट हाउस में कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ,सीतापुर सांसद राकेश राठौर मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा कहा गया की भाजपा सरकार महंगाई बेरोजगारी और गरीबी के मुद्दों को छोड़कर संविधान बदलने पर ध्यान दे रही है। केंद्र सरकार द्वारा भारत की आत्मा पर प्रहार करने का भी आरोप लगाया उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के साथ मिलकर हम सभी कांग्रेस के साथियों को संविधान की लड़ाई लड़नी होगी। भाजपा संविधान के मूल ढांचे को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। संविधान केवल एक पुस्तक नहीं बल्कि नागरिकों के अधिकारों का कवच है उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी दलित आदिवासी और अल्पसंख्यकों को अधिकारों से वंचित करना चाहती है सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महोली क्षेत्र में लगातार बाघ की समस्या बनी हुई है लेकिन प्रशासन इतना लापरवाह है वह जनता को इससे निजात नहीं दिलवा पा रहा है किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। खाद की तस्करी होकर नेपाल भेजी जा रही है। अजय राय द्वारा कहा गया कि अगर सरकार इस गंभीर किसानो की समस्या को निस्तारण नहीं करती है तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर वोट चोरी का भी आरोप लगाया। विगत दिनों नरनी गांव में एक नवयुवक सौरभ पुत्र गुड्डू की मौत जंगली जानवर बाघ के खाने से हो गई थी जिसको लेकर अजय राय ने कहा कि प्रशासन इतना लापरवाह हो गया है की लगातार क्षेत्र में 5 वर्षों से जंगली जानवर की गतिविधियां देखी जा रही हैं लेकिन अभी तक जनता को उससे कोई निजात नहीं मिल पाई है ना ही अभी तक जंगली जानवर बाघ को पकड़ा जा सका है। जिसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीतापुर सांसद राकेश राठौर ने कहा कि देश व प्रदेश की तानाशाही सरकार के द्वारा कोई भी विकास कार्य नहीं कराया जा रहा हैं। बेरोजगार नौजवानों को नौकरी से वंचित रखा जा रहा है तथा किसानों व व्यापारियों को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। उन्होंने पुलिसिया उत्पीड़न का भी जिक्र किया।

लव जिहाद : नाम बदलकर रचायी हिन्दू लड़की से शादी

सीतापुर। जिले के रामकोट इलाके की काशीराम कालोनी में लव जिहाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक मुस्लिम युवक ने अपना नाम बदलकर हिंदू युवती से दोस्ती की। झांकियों में धार्मिक किरदार निभाते हुए नजदीकियां बढ़ाईं और फिर शादी कर ली। लेकिन बाद में जबरन निकाह कराकर युवती का धर्म परिवर्तन करा दिया। विरोध करने पर युवती को लगातार प्रताड़ित किया गया। आरोपी युवक की पहचान आफताब अंसारी उर्फ राज के रूप में हुई है। आफताब अंसारी झांकियों में छोटे-मोटे किरदार करता था जबकि उसी कॉलोनी की रहने वाली एक हिंदू युवती भी झांकियों में अभिनय कर परिवार का भरण-पोषण करती थी। इसी दौरान आफताब ने अपना नाम बदलकर राज बताया और युवती से दोस्ती कर ली। दोनों ने राम-सीता और शिव-पार्वती की झांकियों में किरदार निभाना शुरू किया। जिससे उनके बीच नजदीकियां बढ़ गईं। आरोप है कि आफताब ने अपनी वास्तविक पहचान छुपाकर हिंदू रीति-रिवाज से युवती से शादी की सात फेरे लिए। कुछ समय बाद युवती की मां की मौत हो गई। इस सदमे से टूटी युवती का सहारा बनते हुए आफताब ने उसे अपने साथ निकाह करने को मजबूर किया और उसका जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसे आफताब की असलियत का पता चला और उसने निकाह का विरोध किया। तो आरोपी युवक ने उसे कमरे में बंद कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मारपीट करने के साथ ही आरोपी दूसरी जगह शादी करने की धमकी देता था। पीड़िता का कहना है कि आफताब के घरवाले भी उस पर लगातार नजर रखते थे। हिम्मत जुटाकर युवती काशीराम कॉलोनी चैकी पहुंची और पुलिस से शिकायत की लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उसकी बात अनसुनी कर उसे भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने हिंदू शेर सेना से संपर्क किया और पूरी आपबीती बताई। विकास हिंदू पीड़िता को लेकर रामकोट थाने में प्रार्थना पत्र दिया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कैंप लगाया, दवा और राहत सामग्री का वितरण हुआ

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निदेर्शों के क्रम में रविवार को जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र जयराजमऊ, पसनिया खेड़ा, शिवराजपुर चैकी, जंगलेश्वर व गहोली धन्नापूर्वा फरीदपुर कटार, खलाक खेडा, बेनीपुरवा, परियर, सिकन्दरपुरसरोसी में स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सीय टीम द्वारा कैम्प लगाकर नागरिकों को दवा वितरित की गई। इसी प्रकार जूनियर हाई स्कूल शिवराजपुर में नागरिकों को बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने निर्देशित करते हुए कहा है कि किसी भी स्थिति में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लापरवाही न बरती जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित अधिकारी द्वारा प्राथमिकता के साथ आवश्यक सुविधाएं पीड़ितों को उपलब्ध कराई जाएं। निर्देशित किया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग द्वारा अभियान चलाकर टीकाकरण की कारवाई किया जाए। साथ ही साथ संबंधित अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरों/एन्टी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जाए।

धूमधाम से मनाया गया जलविहार मेला

पुरवा, उन्नाव। ग्राम कटहर में लगने वाले जल विहार मेला जो पूरे प्रदेश में बाबा के मेला के नाम से मशहूर है का 116 वाँ आयोजन जन्माष्टमी से आठ दिवसीय संस्कृति मेला के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक भगवंत नगर आशुतोष शुक्ल मौके पर पहुंचे और भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा जो भी विकास कार्य अधूरे है उनको पूरा करेंगे। इस अवसर पर ओएसडी विधान सभा पंकज मिश्रा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का पूरा जीवन अनुकरणीय है कुछ कुछ हर रूप में उनसे सीखने को मिलता है, युवा समाज सेवी ओम शंकर शुक्ल निशु ने कहा इस तरह के आयोजन हमे यह बतलाते है कि सारी ईर्ष्या दोष को भूला के एक उत्सव के रूप में मना पूरे गांव का ग्रामोत्सव बन जाना एक अलग पहचान बनाती है। पूर्व चेयरमैन पुरवा योगेन्द्र द्विवेदी ने गीतों के माध्यम से गीता का सारे संसार को ज्ञान देने वाले वासुदेव नंदन का हमे अनुकरण करके हमे समाज में काम करना चाहिए। कार्यक्रम में विनोद लोधी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, शत्रुघन सिंह, बंसी लाल लोधी, अमित त्रिवेदी, सौरभ चैधरी, रज्जना मिश्रा आदि लोग रहे।

बाघ की दहशतः राइफल ले विधायक भी उतरे मैदान में

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के नरनी गांव में शुक्रवार देर शाम बाघ के हमले में एक किसान की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों में भय का माहौल है वहीं बाघ की तलाश के लिए वन विभाग के साथ-साथ भाजपा विधायक शशांक त्रिवेदी व स्थानीय प्रशासन ने भी मोर्चा संभाल लिया है। जानकारी के अनुसार, नरनी गांव के खेतों में काम कर रहे किसान पर अचानक बाघ ने हमला कर दिया था। किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से गांव में कोहराम मच गया। वन विभाग की टीम दूसरे दिन भी मौके पर पहुंची और देर रात तक कांबिंग अभियान चलाया। बाघ की तलाश में बीजेपी विधायक शशांक त्रिवेदी भी टीम के साथ जुट गए। देर रात विधायक ने खुद रायफल लेकर गांव के आसपास कांबिंग की और ग्रामीणों को सुरक्षित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और वन विभाग पूरी तरह सतर्क है तथा किसी भी सूरत में बाघ को बस्ती के आसपास विचरण करने नहीं दिया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाघ की मौजूदगी को लेकर लगातार टीम गश्त कर रही है। ग्रामीणों की मदद से आसपास के खेतों और जंगल के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसके बावजूद 30 घंटे बीत जाने के बाद भी बाघ के पगचिह्न नहीं मिल सके हैं। गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

रिवायती अंदाज में निकाला जायेगा जुलूस

सीतापुर। शहर की तमाम अंजुमनों के साथ मरकजी कमेटी जुलूसे मोहम्मदी के पदाधिकारियों ने शनिवार की देर शाम एक अहम बैठक सदर हाजी मुजीब अहमद के आवास पर आयोजित की। जिसमें जुलूस को सादगी और एहतराम के साथ निकालने को लेकर सौ से अधिक अंजुमनों के सदर और सेक्रेटरियों के साथ खास चर्चा की गई। बैठक में सदर हाजी मुजीब अहमद ने तमाम अंजुमनों से कहा कि जुलूस अपने रिवायती अंदाज में शानदार तरीके से निकाला जाएगा। जुलूस में शामिल होने वाले सभी आशिकाने रसूल इस बात का खास ख्याल रखें कि जुलूस अपने निर्धारित समय से एकजुट होकर सलीके के साथ निकल जाए। जुलूस में शामिल होने वालों की तरफ से ऐसा कोई काम न किया जाए, जिससे जुलूस का नाम खराब हो। उन्होंने कहा कि साउंड भी कम से कम रखे जाएं और फॉग का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करने की अपील की। जनरल सेक्रेटरी इकबाल अहमद ने कहा कि जुलूस में मजहबी नारे ही लगाएं और नात पढ़ें। उन्होंने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए अंजुमनों से जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। सरपरस्त कारी सलाहुद्दीन ने कहा कि सभी लोग अदब और एतराम के साथ नमाजों का एहतमाम करें। इस अवसर पर मुन्ना पहलवान, अब्दुल कयूम अंसारी, रियाज अहमद सहित सौ से अधिक अंजुमनों के सदर व सेक्रेटरी मौजूद रहे।

अफजाल मोहम्मद फारूकी की मां का निधन

डिप्टी सीएम ने जताया शोक

सफीपुर, उन्नाव। मखदूम शाह सफी मजार के सज्जानशी नवाजिश व अफजाल मोहम्मद फारूकी की (माता) का शनिवार लखनऊ के एक अस्पताल में देहांत हो गया था। जिन्हें शनिवार रात्रि को सुपुर्दे खाक किया गया था। रविवार को उप मुख्य मंत्री बृजेश पाठक शोलाकुल परिवार से मिलने उनके आवास पहुचे। कस्बे के मोहल्ला पीरजादगान स्थित मखदूम शाह सफी की मजार के सज्जादा नशी नवाजिश व अफजाल मोहम्मद फारूकी की (मां) नादिरा एजाज फारूकी का 70 वर्ष की आयु में लखनऊ के एक निजी अस्पताल में देहांत होने के बाद उनका शव शनिवार देर रात कस्बे स्थित आवास लाया गया देर रात अंतिम यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ साथ रही जिसे कस्बे के मोहल्ला सय्यदवाड़ा, किलाबाजार होते हुए मजार परिसर पहुची जहा सुपुर्द ए खाक किया गया. देर रात तक सज्जादा नशी के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालो का तांता लगा रहा. रविवार सुबह उप मुख्य मंत्री बृजेश पाठक अफजाल फारूकी के आवास पहुच संवेदनाए व्यक्त की। इस मौके पर उन्होंने बज्म ए सफवीया से अपने हार्दिक लगाव को भी व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिसर आज भी धर्म, बड़े, छोटे की कैद से बाहर रहकर इंसानियत के नाम पर बड़ा पैगाम है।

जल्द रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की कही बात

प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के नगर आगमन पर कस्बा निवासी पत्रकार अनुराग तिवारी, आदि लोगो ने एक प्रतिष्ठान पर उनसे मुलाकात कर स्थानीय सी एच सी में अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बावजूद वहां पर रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने के कारण होने वाली समस्या की जानकारी दी। जिस पर उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने क्षेत्रीय विधायक बम्बा लाल दिवाकर से पत्र भेजने के लिए कहते हुए जल्दी ही नियुक्ति का आश्वासन दिया। इस दौरान अशोक बाजपेई,सुनील चैरसिया, दीपक विमल आदि समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। अचानक पहुंचे विधायक निवास उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर के अचानक आवास पहुंचे जहां उन्होंने विधायक दिवाकर से क्षेत्र के विकास आदि पर विशेष चर्चा करते हुए उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। सफीपुर चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को नगर आगमन पर उन्हें पटका पहना कर उनका जोरदार स्वागत किया।

आरोग्य मेले में हुआ मरीजों का इलाज

सीतापुर। लहरपुर में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कुल 383 मरीजों का इलाज किया गया। यह मेला क्षेत्र के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगाया गया। अकबरपुर केंद्र में डॉक्टर अख्तर ने 79 मरीजों का परीक्षण किया। अकैचनपुर फरीदपुर में डॉक्टर प्रज्ञा शरण आनंद ने 77 मरीजों को देखा। बिलरिया केंद्र में डॉक्टर आदित्य ने 81 मरीजों की जांच की। ढखेरा में डॉ तलत जहाँ ने 77 मरीजों का इलाज किया। खैरुल्लापुर केंद्र में फार्मासिस्ट अशोक ने 69 मरीजों को देखा। खैरुल्लापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले तीन महीनों से कोई डॉक्टर नियुक्त नहीं है। यहां फार्मासिस्ट ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने बताया कि डॉक्टर की नियुक्ति के लिए उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। बरसात के मौसम में वायरल फीवर, खांसी-जुकाम और त्वचा रोग के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डॉक्टरों ने मरीजों को साफ-सफाई रखने और मच्छरों से बचाव के उपाय बताए।

पकड़ी गई लाखों की अवैध शराब

सीतापुर। शहर कोतवाली पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब तस्करी के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 128 पेटियों में भरी कुल 4,968 बोतल अंग्रेजी शराब, 34 नकली क्यूआर कोड और 4 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। बतातें चलें कि पुलिस अधीक्षक के विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। शनिवार देर रात एसओजी प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह और कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला की टीम ने शाहजहांपुर की ओर से आ रही दो चार पहिया गाड़ियों टाटा इंट्रा और बलेनो को रोका। कारों की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजीव पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी झज्जर, हरियाणा, अमित पुत्र राजबीर निवासी हरिद्वार, उत्तराखंड, साहिल पुत्र कमल निवासी सीवन, हरियाणा, और अंकित पुत्र धर्मपाल निवासी सीतापुर के रूप में हुई है। एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि यह लोग हरियाणा से चंडीगढ़ राज्य में बिक्री हेतु लाई गई शराब को अवैध रूप से बिहार समेत विभिन्न राज्यों में खपाने की तैयारी में थे। जिसको लेकर यह जखीरा गाड़ियों में जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि शराब की तस्करी में 38 नकली क्यूआर कोड और फर्जी लेबल का इस्तेमाल किया जा रहा था। आरोपियों ने शराब की पेटियों को वैध मानकर बेचने की योजना बनाई थी, लेकिन गुप्त सूचना के आधार पर समय रहते कार्रवाई कर दी गई।

संक्षेप

रेल कर्मियों की सतर्कता से मिली लापता युवती

ललितपुर। रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता से एक लापता युवती को उसके परिजनों से मिलाया गया। 20 वर्षीय युवती बिना बताए घर से निकल गई थी। मध्य प्रदेश के छतरपुर में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज थी। शनिवार को बलिया-दादर स्पेशल ट्रेन (01026) में टिकट जांच के दौरान मुख्य टिकट निरीक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास और उप मुख्य टिकट निरीक्षक आशीष कटारे को एक बिना टिकट युवती मिली।

पूछताछ में पता चला कि वह घर से बिना बताए निकली है। टिकट निरीक्षकों ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित किया। ललितपुर स्टेशन पहुंचने से पहले रेलवे सुरक्षा बल को अलर्ट कर दिया गया।

स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के घनेन्द्र सिंह और जीआरपी की मौजूदगी में युवती को सुरक्षित उसके परिजनों के हवाले किया गया। झांसी रेल मंडल के पीआरओ ने बताया कि टिकट निरीक्षकों और सुरक्षा बल की तत्परता से युवती को समय रहते उसके परिवार से मिलाया जा सका।

डीएम ने प्रशासनिक अफसरों के कार्यक्षेत्र बदले

ललितपुर। जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिए प्रशासनिक फेरबदल किया है।

इसके तहत उप जिलाधिकारी की तैनाती में बदलाव किया गया है। उप जिलाधिकारी न्यायिक तालबेहट अभिजीत सिंह को उप जिलाधिकारी तालबेहट बनाया गया है।

वहीं, उप जिलाधिकारी तालबेहट भूपेंद्र सिंह को उप जिलाधिकारी न्यायिक पाली, नवागुंतक उप जिलाधिकारी रजनीश कुमार को उप जिलाधिकारी महरौनी, उप जिलाधिकारी महरौनी मदनमोहन गुप्ता को उप जिलाधिकारी न्यायिक तालबेहट, तहसीलदार पाली पीयूष भार्गव को तहसीलदार पाली, तहसीलदार तालबेहट नरेंद्र चंद्र को तहसीलदार न्यायिक तालबेहट, तहसीलदार ललितपुर भानुप्रताप सिंह को तहसीलदार महरौनी, तहसीलदार महरौनी सईद तनवीर हसन को तहसीलदार ललितपुर, नायब तहसीलदार तालबेहट रवींद्र कुमार को नायब तहसीलदार बनाया गया है।

खाद के साथ किसानों को रसीद देने के आदेश

ललितपुर। बीज वितरण केन्द्रों से किसानों को बीज दिये जाने के साथ रसीद न देने का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने इसे नितान्त आपत्तिजनक बताते हुये आदेश जारी किया है कि जनपद में संचालित समस्त बीज वितरण केन्द्रों, उर्वरक डी.ए.पी. केन्द्रों (शासकीय एवं अशासकीय) पर बीज एवं खाद वितरण के समय किसानों को रसीद अवश्यक रुप से प्रदान की जाय।

यदि केन्द्र पर रसीद दिया जाना नहीं पाया जाता है तो यह माना जायेगा कि उस केन्द्र पर बीज/खाद का वितरण नहीं किया गया है। सम्बन्धित विभागीय अधिकारी इसका प्रभावी एवं पारदर्शी रुप से अनुपालन सुनिश्चित करायें।

मंदिर से दानपेटी चोरी कर भाग रहे बदमाश को पकड़ा

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम दैलवारा में रहने वाले नरेश पटैरिया पुत्र केशवदास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ग्राम जैरवारा स्थित श्रीहनुमान मंदिर का पुजारी है। बताया कि शनिवार को सुबह करीब 8 बजे वह मंदिर की पूजा करने के लिए पहुंचा, तभी एक अज्ञात व्यक्ति मंदिर में रखी दान पेटी को उठाकर चोरी से ले जा रहा था।

उन्होंने उक्त युवक को रोका तो वह भागने लगा। पुजारी के चिल्लाने पर गांव के प्रान सिंह पुत्र कुंवरजू लोधी, बलराम सिंह पुत्र नाथूराम, कप्ताप सिंह पुत्र नन्हें राजा मौके पर आ गये, जिनकी मदद से उक्त व्यक्ति को मय दानपेटी के पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम तालबेहट के ग्राम दिगारा निवासी रामस्वरूप पुत्र हरसिंह पाल बताया गया।

दान पेटी में कुल 6390 रुपये थे, जिनको चोरी करके उक्त व्यक्ति अपने साथ ले जा रहा था।

उन्होंने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी। पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने उक्त चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) व 317 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

ईरानी गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार, माल बरामद

जिला संवाददाता

बांदा। फर्जी पुलिसकर्मी बनकर चोरी, लूट, टप्पेबाजी और नकबजनी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह ईरानी गैंग के दो सदस्यों को थाना मटौंध, कोतवाली नगर और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने बीती रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दोनो आरोपियों के पैर में गोली लगी। इनके पास से भारी मात्रा में सोने, चांदी के आभूषण, पुलिस का फर्जी आइडी कार्ड, अवैध तमंचा, कारतूस तथा फर्जी नंबर प्लेट की अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टक के पर्यवेक्षण में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। बीते दिनों थाना कोतवाली नगर में

● मुठभेड़ में दोनो के पैर में लगी गोली

आरोपियों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया था। 22 अगस्त को ई-रिक्शा से ऑफिस जा रही महिला को रास्ते में पुलिस का आईडी कार्ड दिखाकर रास्ते में सोने, चांदी के आभूषण न पहनने की बात कहते हुए उससे टप्पेबाजी की थी। इस मामले पर पुलिस अधीक्षक ने शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई थीं। इसी के चलते जानकारी मिलने पर आरोपियों को गोयरा मुग्ली के पास पुलिस ने गिरफ्तार करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनो आरोपियों के पैर में गोली लगी। इन्हे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपियों सलमान अली ईरानी पुत्र सज्जाद अली निवासी टिकरिया टोला थाना बुरहार जनपद सहडोल, साहिल फिरोज ईरानी पुत्र फिरोज अली निवासी चिंचला लालबाग गुरहानपुर मध्य प्रदेश के पास से तीन सोने की चेन, चार अंगूठी, एक जोड़ी कान की बाली, एक छल्ला, 10 नग स्टोन, दो तमंचा 315 बोर, अपाचे मोटरसाइकिल और पुलिस का फर्जी आईडी कार्ड बरामद हुआ है। आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली नगर में कई मुकदमें पहले से ही दर्ज हैं।

पिस्टल व चार मैगजीन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के चलते थाना कोतवाली देहात पुलिस ने बीती देर रात तीन आरोपियों को अवैध पिस्टल मैग्जीन व चार पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया है।

बीती रात कोतवाली देहात पुलिस गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मवई बाईपास चैराहा देव ढाबा के पास एक चार पहिया वाहन थार संदिग्ध अवस्था में खड़ा था। वाहन में तीन लोग बैठे हुए थे। पुलिस को संदेह हुआ और उनसे पूंछताछ कर तलाशी ली। इन सभी तीनों के पास अवैध पिस्टल और चार मैग्जीन बरामद हुए। पुलिस ने तीनों आरोपियों अनुराग सिंह पुत्र दिलीप सिंह निवासी समोध मोहल्ला महोखर, शिवकांत कुशवाहा पुत्र बलबीर कुशवाहा निवासी सती माता मंदिर के पास ग्राम महोखर और अभय पुत्र जय सिंह निवासी जवाहर नगर थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार करने के बाद अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे, उप निरीक्षक अंकुर खारी, कांस्टेबल दीपक अहिरवार, दीपक यादव, अभिषेक मिश्रा, सचिन पटेल, मनजीत यादव व रवि कुमार रहे।

नगीना का होगा विकास, बोर्ड की बैठक में 48 करोड़ का बजट आम सहमति से पास

नगीना, बिजनौर। चेयरपर्सन ताहिरा बेगम की अध्यक्षता एंव अधिशासी अधिकारी रामाश्रेय के संचालन में आयोजित नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए 48 करोड़ 29 लाख 52 हजार रुपए तथा 43 करोड़ 14 लाख का खर्च के बाद 5 करोड़ 15 लाख के लाभ का बजट आम सहमति से पास हो गया। बैठक में सभासदों द्वारा रखे गए जनहित के अन्य प्रस्ताव को भी पास कर दिया गया। नगीना नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक बीते दिन नगर पालिका के सभागार कक्ष में चेयरपर्सन ताहिरा बेगम की अध्यक्षता एंव अधिशासी अधिकारी रामाश्रेय के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में शासन के आदेश पर हाउस टैक्स की नई दरो को लागू करने पर चर्चा की गई जिसे सभी सभासदों ने एक राय होकर पास कर दिया।

बैठक में प्रधान लिपिक इख्तेदार जैदी ने पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी की अनुमति से 2025-26 का 48 करोड़ 29 लाख 57 हजार रुपए की लागत से सड़के, खड़ाजे, नाले, नाली, विद्युत, पेयजल, वह अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। बोर्ड की बैठक में सभासद उस्मान जैदी द्वारा शव यात्रा वाहन की व्यवस्था की जाए, हर वार्ड में शव फ्रीजर रखे जाए, हर वार्ड में हाईजैक सीसी कैमरे लगवाए जाएं, पालिका मीटिंग हॉल को माइक, पालिका द्वारा एक ईसीजी मशीन खरीद कर सीएचसी को डोनेट की जाए, जनरेटर खरीदे जाएं जिससे रात में जनाजे के लिए लाइट की व्यवस्था की जाए, आवारा कुत्तों को पकड़ने की व्यवस्था की जाए, पालिका द्वारा पुराने बढ़ापुर मार्ग से अतिक्रमण हटवाया जाए। सभासद बृजमोहन उर्फ बल्ली द्वारा रखे प्रस्ताव में लाइटों की संख्या बढ़ाई जाए किसके लिए दा हजार नई लाइटों की आवश्यकता है। कपिल पवार ने वाल्मीकि बस्ती, अंबेडकर नगर एंव क्षत्रिय नगर की जर्जर सड़कों के स्थान पर नवनिर्माण कराए जाने, टूटी नाली नाले की सफाई और मरम्मत कार्य कराए जाएं, वार्ड में पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से कराए जाने के प्रस्ताव रखें। चेयरपर्सन ताहिरा बेगम ने बताया कि नगर पालिका परिषद परिसर में मॉल बनाए जाने और नगर पालिका कार्यालय को वाटर बॉक्स में स्थानांतरित किए जाने की कार्रवाई तेजी से चल रही है जिसमें पालिका कार्यालय भवन का नक्शे के साथ बजट शासन को भेजा जा चुका है बजट आते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो प्रस्ताव सम्मानित सभासदों द्वारा अपने-अपने वार्डों के निर्माण और विकास संबंधी रखे हैं उन्हें शीघ्र ही पूरा कराया जाएगा। बैठक में कपिल पवार, नाहिद परवीन, राधा रानी, सुनीता देवी, रोहित बिश्नोई, राजकुमार सैनी, रामकुमार यादव, राय वर्मा, प्रधान लिपिक इख्तेदार जैदी, मुनीर जैदी, तलत अहमद, संदीप वाल्मीकि, मौ0 असलम समेत पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

हज पर जाने वाले हाजियों के लिए मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन

धामपुर, बिजनौर। हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए नगर के मदरसा जामिउल उलूम में एक दिवसीय मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में स्वास्थ्य विभाग से आई टीम ने हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। इस दौरान शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद कमर कासमी साहब ने यात्रियों को हज के अरकान और यात्रा से जुड़ी अनेकों महत्वपूर्ण जानकारी दी। शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद कमर कासमी ने इस मौके पर कहा कि हज यात्रा के दौरान काम आने वाली बातें विस्तार से समझी जाये। हाजी अब्दुल कलाम अंसारी ने कहा कि जावेद अंसारी की कोशिश से पहली बार धामपुर शहर में हज यात्रियों की सुविधा के लिए मदरसे में यह कैंप आयोजित किया गया है। शिविर में पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचंद चैहान ने भी अपने विचार रखें। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। कैंप को सफल बनाने में मुफ्ती खालिद कासमी, मौलाना फैजान कासमी नदवी, मुफ्ती दानिश कासमी, मुफ्ती अकरम कासमी, कारी नसीर अहमद, कारी इरशाद अखी, कारी रशीद हमीदी, हाजी अबुल कलाम अंसारी, शकील अंसारी, पूर्व सभासद रशीद अंसारी, जावेद अंसारी (खादिमुल हुज्जाज), मास्टर शमशेर अली आदि का सराहनीय योगदान रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम में मौ0 अशरफ, जरीफन, जावेद इकबाल, नबीला इस्लाम, अब्दुल कय्यूम, शमीमा, मौ0 फैजान, हीना, मौ0 शारिक. महरीन, मौ0 उस्मान, अल्मा खातून, मोबीन अहमद, हसीबा आदि शामिल रहे।

पत्नी के बाद बीएसएफ जवान ने बेटे को गोद में लेकर गंगा बैराज में लगायी छलांग

जिला संवाददाता

बिजनौर। गंगा बैराज में चार दिन पूर्व पत्नी के छलांग लगाने के बाद बीएसएफ के जवान राहुल (32वर्ष) भी अपने डेढ़ साल के मासूम बेटे प्रणव को लेकर शनिवार को बैराज के गेट नंबर 17 पर पहुंचा और गंगा में कूद गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन तीनों में से किसी का भी कोई पता नहीं चल सका है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शनिवार की दोपहर बीएसएफ के जवान राहुल ने गंगा बैराज पहुंचकर आसपास का मुआयना किया और फिर उसी जगह पर अपनी चप्पल और मोबाइल रखा। जहां पांच दिन पहले उसकी पत्नी मनीषा के चप्पल रखे मिले थे। इसके बाद राहुल ने अपने बेटे को चूमा और सीने से लगाकर गेट नंबर 17 के रेलिंग से छलांग लगा दी। अपने डेढ़ साल के मासूम बच्चे के साथ गंगा में कूदे बीएसएफ जवान की तलाश जारी है। बीएसएफ के जवान राहुल की पत्नी मनीषा ने बीती 19 अगस्त को बैराज के गेट नंबर 17 से ही छलांग लगाई थी। कूदने का समय भी लगभग सेम ही था। पिछले 4 दिनो से मनीषा की तलाश की जा रही है, लेकिन उसका भी कुछ पता नहीं चला है। थाना नजीबाबाद के वेदविहार कॉलोनी में बीएसएफ जवान राहुल पत्नी मनीषा ठाकुर और बेटे प्रणव के साथ रहते थे। राहुल अहमदाबाद में तैनात थे। 5 साल पहले राहुल ने मनीषा से लव मैरिज की थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक था साढ़े तीन साल बाद बेटे प्रणव डेढ़ साल का जन्म हुआ। खौफनाक घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें जवान शनिवार दोपहर करीब 2 बजे अपने बेटे प्रणव के साथ बैराज पर जाते दिख रहा है। पहले वह बेटे को पैदल लेकर जाता है फिर जैसे ही बैराज के गेट नंबर 17 के पास पहुंचते ही वह बेटे को गोद में उठाता है औरनदी में छलांग लगा देता है इस खौफनाक घटना के बारे में जिस किसी ने भी सुना उसके होश उड़ गए।

रोटी बैंक ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े, किताबें

बांदा। रोटी बैंक सोसायटी ने ब्लाक बड़ोखर खुर्द के पचनेही गांव में रविवार को गरीब व जरूरतमंद 40 लोगों को कपड़ा, किताबें, जूते-चप्पल, घड़ी वितरित कीं। सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज व मनु बंसल के संरक्षण में सचिव मोहम्मद इदरीस की अध्यक्षता में वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। सोसायटी की टीम सदस्य महेन्द्र पाल के नेतृत्व व समाजसेवी कुंज बिहारी प्रजापति पचनेही की उपस्थिति में गांव के लोगों को कपड़े, किताबें, जूते-चप्पल, पर्स, घड़ी बांटी गयीं। इस दौरान ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली, महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा ने जागरूक किया। जरूरत का सामान पाकर ग्रामीणों में प्रशन्नता देखी गयी और उन्होने सोसायटी के लोगों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, सदस्य नसीर खान, नेहा खातून, समाजसेवी रानी प्रजापति, सद्दाम हुसैन नग्गो खातून व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पीएम आवास में रिश्वत लेने पर रोजगार सेवक पर कार्रवाई

बांदा। जन सुनवाई के दौरान महुआ ब्लाक के ग्राम ऐला के ग्रामीणों ने ग्राम रोजगार सेवक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में रिश्वत लेने की शिकायत की और वीडियो भी प्रस्तुत किया। इस शिकायत के बाद जिलाधिकारी जे0 रीभा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए परियोजना निदेशक डीआरडीए और जिला पंचायत राज अधिकारी की जांच टीम गठित की। जांच टीम ने 23 अगस्त को ऐला गांव पहुंचकर गांव के लोगों के बयान लेकर मामले की जांच की। इसमें ग्राम रोजगार सेवक विष्णु ग्राम पंचायत ऐला, विकास खण्ड महुआ को सरकारी कार्यों में अवैध धन वसूली में लिप्त पाया। जांच रिपोर्ट के आधार पर रोजगार सेवक के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है और ग्राम रोजगार सेवक की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई भी प्रस्तावित की जा रही है। शासन की जनहितकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में ग्राम रोजगार सेवक द्वारा रिश्वत लेने जैसा कृत्य किया गया है। ग्राम के पंचायत सचिव की लापरवाही एवं अनुत्तरदायित्व विहीन कार्यशैली के लिए पंचायत सचिव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।

डीएम ने अधिकारियों की ली सण्डे क्लास

जिला संवाददाता

ललितपुर। जनपद ललितपुर के जिलाधिकारी अमनदीप डुली द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए की जा रही पहल लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। इसी क्रम में उन्होंने गत दिनों में प्राप्त 175 शिकायतों की गहन समीक्षा रविवार को अवकाश के दिन भी की, जिसमें से जिलाधिकारी की लगातार मॉनीटरिंग से 104 शिकायतें पहले ही अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दी गईं थीं, शेष लम्बित व असंतुष्ट 84 शिकायतों को जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी व उनके शिकायतकर्ताओं के साथ बुलाकर अधिकतर शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण कराया, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हुए। इस विशेष जनसुनवाई में उन्होंने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं के साथ बुलाया और प्रत्येक मामले की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया, वहीं निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा के दौरान कई शिकायतों का समाधान तत्काल मौके पर ही कर दिया गया। जिन शिकायतकर्ताओं की समस्याएँ लंबे समय से लंबित थीं, वे जिलाधिकारी की सक्रियता से प्रभावित होकर भावुक हो उठे और हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पहली बार उन्हें यह अनुभव हुआ कि प्रशासन उनकी समस्याओं को इतनी गंभीरता से सुनता है और उसी समय समाधान सुनिश्चित करता है। कुछ शिकायतें जो पूर्व में प्राप्त हुई थीं, जिनका निस्तारण हो चुका था, उनके शिकायतकर्ता संतुष्ट होकर जिलाधिकारी को धन्यवाद देने उपस्थित हुए थे। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि प्रशासन की यह पहल उन्हें विश्वास और राहत प्रदान करने वाली है। कई शिकायतकर्ताओं ने खुले शब्दों में कहा कि जिलाधिकारी द्वारा अवकाश के दिन भी समस्याओं को सुनना और समाधान कराना एक अनुकरणीय कार्य है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहे और प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में, गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को न्याय दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनता का विश्वास जीतने का माध्यम है। उन्होंने जन-हित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान जनपद में एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों, निशुल्क शिक्षा का अधिकार के तहत गरीब बच्चों के नामांकन का विवरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से तलब किया और निर्देश दिए कि विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी अभिजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती, सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र, अधिशासी अभियंता जल निगम, विद्युत व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

- **जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने वालों को शिकायतकर्ताओं के साथ बुलाकर कराया निस्तारण**
- **शिक्षा के प्रति दिखायी गंभीरता, गरीब बच्चों के नामांकन व विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबों की उपलब्धता के लिए बीएसए को दिये निर्देश**
- **दिव्यांग युवती के पास स्वयं उठकर पहुंचे जिलाधिकारी, शिकायत का कराया निस्तारण**

भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद समाजसेवी ने तोड़ा अनशन

महोबा। मानव सेवा संस्था भारत एवं स्वतंत्र पत्रकार समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले भ्रष्टाचार के खिलाफ राठ रोड मोक्ष धाम में 15 अगस्त 2025 से समाजसेवी भगवती प्रसाद सोनी आमरण अनशन कर रहे थे तथा पिछले दो दिनों से उन्होंने जल का भी त्याग कर दिया था। उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दिनांक 23 अगस्त 2025 की सायं प्रशासन द्वारा जांच कर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन से संतुष्ट होकर भगवती प्रसाद सोनी ने जिला प्रशासन के प्रतिनिधि महोबा नगर पालिका के अधिषासी अधिकारी अवधेश यादव के हाथों से जूस पीकर अपना अनशन समाप्त कर दिया एवं शीघ्र ही कार्यवाही न होने पर दोबारा अनशन पर बैठने की चेतावनी दी। इस मौके पर उपस्थित स्वतंत्र पत्रकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अभिषेक सक्सेना ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने को अभी स्थगित किया गया है समाप्त नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी जी के भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने के सपने को साकार करने हेतु स्वतंत्र पत्रकार समिति दृढ़संकल्पित है। मौके पर मौजूद मानव सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रमन दीक्षित ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ही मानव सेवा संस्था भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर मानव सेवा संस्था एवं स्वतंत्र पत्रकार समिति के पदाधिकारी, पत्रकार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रद्धा भावना से मनाया गया श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व

ललितपुर। श्रीगुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। सुबह से श्रीसहज साप्ताहिक पाठ साहिबजी का समापन व लंगर की सेवा स्व.स.अवतार सिंह के परिवार व निशान साहब के चोले की सेवा सरदार सुरेंद्र सिंह अरोड़ा परिवार द्वारा हुई। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाशन वर्ष 1604 में दरबार साहिब में सिखों के पांचवें गुरुश्री अर्जुन देवजी ने पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब को प्रकाशित किया था। तब से हर साल श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी का प्रकाश गुरुपर्व पूरी धार्मिक श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाता है। इसे आदि ग्रंथ के नाम से जाना जाता है। गुरु ग्रन्थ साहिबजी का पहला प्रकाश अगस्त 1604 को हरिमंदिर साहिब अमृतसर में हुआ। 1705 में दमदमा साहिब में दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंहजी ने गुरु तेगबहादुरजी के 116 शब्द जोड़कर इसको पूर्ण किया। इनमें कुल 1430 पृष्ठ है। गुरु ग्रंथ साहिबजी का प्रकाश पर्व सिख धर्म का सबसे प्रमुख पर्व है। यह पर्व हमें सिखाता है कि ज्ञान का प्रकाश ही जीवन का सच्चा मार्गदर्शन है। जैसे सूर्य अंधकार मिटाता है, वैसे ही गुरु ग्रंथ साहिब का उपदेश अज्ञान और दुरूख को दूर करता है। इस दौरान सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह, परशन सिंह, अवतार सिंह, सतनाम सिंह, चमेल सिंह, गुरदेव सिंह, दलजीत सिंह, राजू सिंधी, कन्हैयालाल चंदानी आदि उपस्थित रहे।

नवजात बरेली से सकुशल बरामद

बिजनौर। एसआर हेल्थकेयर सेंटर में जन्मे बच्चे को 100 दिन पहले बरेली के एक दंपती को पांच लाख रुपये में बेच दिया गया था। पुलिस ने बरेली से बच्चे को बरामद कर बाल कल्याण समिति के माध्यम से उसके परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार थाना नूरपुर क्षेत्र के गांव छोईया नंगली निवासी दिव्यांग करन सिंह की पत्नी रुकमेश ने 13 मई 2025 को नूरपुर के एसआर हेल्थकेयर सेंटर में बेटे को जन्म दिया था। आरोप है कि अस्पताल के चिकित्सकों ने नवजात को नजीबाबाद के अस्पताल की एक नर्स को एक लाख पांच हजार रुपये में बेच दिया। पुलिस के अनुसार नर्स ने शिशु को बरेली निवासी एक दंपती को पांच लाख रुपये में बेचा। बच्चे के नहीं मिलने पर करन सिंह ने पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह से मिलकर आपबीती बताई। पूर्व सांसद ने नराजगी जताते हुए डीएम और पुलिस अधिकारियों से इस संबंध में कार्रवाई के लिए बात की।

हरकत में आई नूरपुर पुलिस ने अस्पताल की चिकित्सक रीना चैधरी, डॉ0 जावेद, डॉ0 माहर सहित नर्स वंदना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। शनिवार को पुलिस ने बरेली पहुंचकर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। सीओ देश दीपक का कहना है कि बाल कल्याण समिति के माध्यम से फिलहाल बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

सराहनीय कार्य करने वाले डॉ. प्रमोद देशवाल सहित कई अधिकारी होंगे जल्द सम्मानित

नगीना, बिजनौर। अमन एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी सामाजिक संस्था ने सराहनीय कार्यों मे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले अधिकारियों समेत नोडल अधिकारी डॉ0 प्रमोद कुमार देशवाल को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

अमन एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमील अंसारी, महामंत्री इरशाद अंसारी वह आसिफ सलमानी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सराहनीय कार्यों में बाढ़-चल कर हिस्सा लेने वाले कर्मचारी व अधिकारियों को संस्था सम्मानित कर उन्हें सम्मान का तोहफा देगी। सोसाइटी ने सम्मानित होने वालो में नगीना तहसील के नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार देशवाल के नाम पर भी मुहर लगी है। शीघ्र ही संस्था के वरिष्ठ पद अधिकारीगण सराहनीय कार्य के प्रति समर्पित कर्मचारी व अधिकारियों को सम्मानित कर उन्हें सम्मान का तोहफा देंगे। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमील अंसारी एवं इरशाद अंसारी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस तरह के कार्य से अधिकारी एवंम कर्मचारियों में और अधिक सराहनीय कार्य की रुचि बढ़ेगी और समय-समय पर संस्था ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर उन्हें सम्मान करते हुए सम्मान का तोहफा देगी।

विधेयक का विरोध क्यों

देश में भ्रष्टाचार एक तल्ख हकीकत है। इस पर लगाम लगाने के लिए जितने भी आंदोलन और प्रयास हुए सब बेकार साबित हुए हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन हुआ, लोकपाल बना लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा है। ऐसे में अगर सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून बनाना चाहती है, तो इसका विरोध क्यों ? गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान के 130वें संशोधन वाले विधेयक को लोकसभा में पेश कर दिया है और अब यह संसदीय समिति के पास है जहां सभी दलों के सांसद होते हैं। इसमें गंभीर प्रावधान हैं। संविधान का बुनियादी सिद्धांत है कि जब तक किसी आरोपित को अदालत अपराधी या दोषी करार न दे, तब तक आरोपित व्यक्ति को गुनहगार नहीं माना जाता है। लेकिन प्रस्तावित बिल का विषय है कि कोई प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्य सरकार का मंत्री 30 दिन हिरासत में रहता है, तो 31वें दिन वह संवैधानिक पद के अयोग्य हो जाएगा। उसे इस्तीफा देना पड़ेगा अथवा बर्खास्त कर दिया जाएगा। इन प्रावधानों को विपक्ष ने संविधान-विरोधी, न्याय-विरोधी और मौलिक अधिकार-विरोधी करार दिया है, लिहाजा कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल की प्रतियां फाड़ी हैं और उन्हें सत्ता पक्ष की तरफ फेंका है। गृहमंत्री की दलील है कि यह बिल सरकार और राजनीति में नैतिकता और शुद्धिकरण के मद्देनजर लाया गया है। बहरहाल संसद में हंगामे और विरोध को देखते हुए संविधान संशोधन बिल संयुक्त संसदीय समिति



(जेपीसी) को भेज दिया गया है। समिति में 21 सांसद लोकसभा और 10 सांसद राज्यसभा के होंगे। बेशक अधिक सांसद सत्ता पक्ष के होंगे, लिहाजा बुनियादी बिल में ज्यादा संशोधनों की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। जेपीसी को संसद के शीत सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। विषय का विश्लेषण करने से पूर्व एडीआर की रिपोर्ट भी गौरतलब है कि 2024 के संसदीय चुनाव में जो सांसद लोकसभा के लिए चुने गए थे, उनमें से करीब 46 फीसदी पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2009 में यह औसत 30 फीसदी था। सर्वोच्च अदालत के न्यायालय मित्र ने उसे बताया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ करीब 5000 आपराधिक मामले अब भी लंबित हैं। इस डाटा के मद्देनजर भी स्पष्ट है कि सियासत में साफ-सुथरे लोगों की कमी होती जा रही है। पहले से स्थापित सियासी परिवार, कुछ दबंग और घाघ किस्म के लोग ही सियासत पर काबिज हैं। नये लोग या तो इसमें आना नहीं चाहते हैं या फिर स्थापित लोगों की ताकत के सामने उनकी चलती नहीं है। यही कारण है कि सियासत में साफ-सुथरे लोगों की हो रही है और इस कारण राजनीतिक पारिष्कार की तमाम अपेक्षाएं अधूरी रह जाती हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की अलग-अलग भूमिकाएं संविधान में तय की गई हैं। उनके अधिकार भी तय किए गए हैं। संघीय ढांचे पर आघात नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार पुलिस स्टेशन की भूमिका में नहीं आ सकती। संभव है कि बिल बनाते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल का उदाहरण केंद्र सरकार और अधिकारियों के मानस में रहा होगा। केजरीवाल को 177 दिन तक जेल में रहना पड़ा। उनके खिलाफ न तो आरोप अदालत में तय हुए और न ही किसी अदालत ने उन्हें दोषी करार दिया। ऐसे में कानूनों में संशोधन किया जाना चाहिए। केजरीवाल ने जेल में रहते हुए मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा और जेल से ही सरकार चलाते रहे। संविधान में ऐसी व्याख्या ही नहीं है कि जेल में रहने वाले मुख्यमंत्री और मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए अथवा राज्यपाल द्वारा उन्हें बर्खास्त करना चाहिए। सरकार ने प्रस्तावित बिल में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री को भी जोड़ा है। ऐसे में इस कानून के दायरे में सभी आते हैं। इसलिए सिर्फ कानून के दुरुपयोग का बहाना बनाकर सीएम-सीएम विधेयक का विरोध करना ठीक नहीं है। विपक्ष को अगर विधेयक के किसी प्रावधान पर आपत्ति है तो संयुक्त संसदीय समिति में उसके भी सांसद हैं। उनको सरकार के साथ मिलकर इस विधेयक को प्रभावी ओर दुरुपयोग रहित बनाने के लिए कार्य करना चाहिए न कि इसका विरोध।

विचार

तुच्छ विचार वालों की संगति से मनुष्य की बुद्धि तुच्छ हो जाती है। समान श्रेणी के लोगों से ज्यों की त्यों बनी रहती है और उच्च विचार वालों की संगति से उत्कर्ष प्राप्त करती है।

–महाभारत.

जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं, तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूं जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान तक नहीं देता।

–स्वामी विवेकानन्द.

अधिक जनसंख्या होने से या दूसरे देशों को हड़पकर कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं हो सकता।

–रस्किन.

युवा अवस्था आवेशमय होती है। यदि वह क्रोध से आग हो जाती है, तो करुणा से पानी भी हो जाती है।

–प्रेमचंद.

जो विवेकी, विरक्त, शमी, दयी और मुमुक्षु हो, उसी में ब्रह्म विचार की योग्यता मानी जाती है।

–शंकराचार्य.

राष्ट्रीय संकल्प की राह में छोटी-छोटी बाधाएं

मनोज बाजपेयी

> भारत को यह समझ लेना चाहिए कि जिस बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत करता है और जिसका एक ध्रुव वह खुद होगा, उससे सबसे अधिक प्रभावित अमरीका ही होगा। अमरीका की चौधराहट को दरअसल भारत से चुनौती मिल रही है। इसीलिए अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप दिन में तीन बार भारत को कोसते हैं और भारत की राह में तमाम तरह के टैरिफ, गैर-टैरिफ की बाधाएं खड़ी कर रहे हैं।

हाल के दशकों में भारत ने आर्थिक मोर्चे पर, सैन्य सामर्थ्य और वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय संकल्प के साथ सॉफ्ट पॉवर और प्रभाव का विस्तार किया है, उससे दुनिया भर में अपनी चौधराहट रखने वाला अमरीका पहले से ही कुछ-कुछ बेचैन होने लगा था। लेकिन जब भारत ने खुलकर बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का समर्थन किया, विकसित राष्ट्र, आत्मनिर्भर भारत और प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर चिप से लेकर सैन्य क्षेत्र में महाशक्ति बनने के संकल्प को आगे बढ़ाने लगा, तो अमरीका जो छिप-छिप कर भरातीय हितों को नुकसान पहुचा रहा था वह अब खुलकर मैदान में आ गया है। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है जब अमरीका ने भारत को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश हो। नब्बे के दशक में जब भारत अंतरिक्ष में ऊंची छलांग लगाने के लिए क्रॉयोजेनिक इंजन लेना चाहता था तो अमरीका ने इसे नहीं दिया, यही नहीं रूस पर दबाव डालकर उसे भी भारत को नहीं देने दिया। तब भारत के वैज्ञानिकों ने खुद अनुसंधान और विकास का बीड़ा उठाया और कॉयोजेनिक इंजन बना लिया। आज हम उपग्रह प्रक्षेपण में महाशक्ति बन चुका है। भारत को परमाणु शक्ति हासिल करने से भी अमरीका ने दशकों तक रोका जबकि चोरी छिपे पाकिस्तान परमाणु बम बनाता रहा। लेकिन एक समय ऐसा आया जब भारत ने अमेरिकी दबावों को धता बताते हुए पांच परमाणु परीक्षण किया और अणुशक्ति क्लब में शामिल हो गया। इस पर अमरीका और पश्चिमी दुनिया ने कठोर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था और प्रगति पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा।

अब एक बार फिर अमरीका हमारे रास्ते का कांटा बनने की कोशिश कर रहा है। लेकिन भारत को यह समझ लेना चाहिए कि जिस बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालता करता है और जिसका एक ध्रुव वह खुद होगा, उससे सबसे अधिक प्रभावित अमरीका ही होगा। अमरीका की चौधराहट को दरअसल भारत से चुनौती मिल रही है। इसी लिए अमरीका और उसके मुखिया ट्रंप दिन में तीन बार भारत को कोसते हैं और भारत की राहत में तमाम तरह के टैरिफ, गैर-टैरिफ बाधाएं खड़ी कर रहे हैं। लेकिन हमें ऐसी चुनौतियों से घबराने के बजाय



इसे स्वीकार करना होगा और अपने संकल्प और सामर्थ्य के दमपर इन झंझावातों से आगे निकलना होगा। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर यही संकल्प देशवासियों के साथ लिया है। वह भारत राष्ट्र की कूटनीतियों को सुदृढ़ता तथा विभिन्न बाधाओं के उन्मूलन के प्रति शासन की सुशासकीय कार्यनीतियों की सक्रियता का द्योतक था। उनके अनेक वक्तव्यों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्थितियों के संदर्भ में लोगों को नये जोश से भर दिया है।

विमर्श

चाहे शीघ्र ही भारत के विश्व की सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का हो, सामरिक क्षेत्र में व्यापक उन्नति का हो, शासन को फाइलों से निकालकर फील्ड में लगाने का हो, वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था में सुधार के जरिए आगामी दिवाली में देशवासियों के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में कमी का हो, अमेरिका हो चाहे कोई अन्य देश उसके मनमाने समझौते के सामने न झुकने का हो, कृषकों, बुनकरों, मछुआरों, लघु क्षेत्र के उद्यमियों व व्यापारियों के हित संरक्षण हेतु दृढ़ता से खड़े रहने का हो, देश में पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा अन्य सीमांत देशों से हुई अथवा हो रही अवैध घुसपैठ का हो। इसके अलावा सुशासन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धांतों एवं कार्यपरायण उत्तरदायित्वों के 100 वर्षीय योगदान का हो, अथवा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्व में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के 11 वर्षीय शासन की समयावधि में चहुंदिश अपेक्षाकृत वृहद् उपलब्धियों का हो, लगभग सभी क्षेत्रों एवं विषयों के बारे में प्रधानमंत्री ने भारतीय जनता को दायित्वबोध के साथ अवगत कराया कि वे राष्ट्र व राष्ट्रीयता के लिए आजीवन समर्पित रहेंगे। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य सामने जैसा भी दिखाई दे रहा है, वास्तव में वह सत्य नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के विरुद्ध जो व जैसी भी राजनीति, अर्थनीति एवं कार्यनीति क्रियान्वित करते हुए दिखाई दे रहे हैं, दरअसल वह अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का एक नवीन कार्यव्यवहार है, जो अधिसंख्य लोगों को सीधे-सीधे समझ नहीं आ रहा है। इस कूटनीति में न केवल अमेरिका, भारत तथा विश्व के अन्य देशों की संप्रभुता को चुनौती मिल रही है बल्कि इसके बल पर समग्र विश्व के डीप स्टेट्स के विरुद्ध एक शक्तिशाली प्रतिरोधी तंत्र भी साकार हो रहा है। ब्रिक्स को इस तंत्र के आरंभिक उभार के रूप में देखा, समझा जा सकता है। इस संदर्भ में भारत का नेतृत्व अपनी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय भूमिका, दायित्व एवं कार्यों को भलीभांति संपन्न कर रहा है।

आत्मसम्मान एवं गौरव के साथ अपनी प्रगति यात्रा को आगे बढ़ाने वाले देशों देशों में चाहे भारत हो अथवा कोई अन्य देश, सभी स्थानों पर मुद्रा, मादक द्रव्य, मानव तस्करी, इत्यादि क्षेत्रों में जो अवैध व्यापार व्यापक स्तर पर होता रहा है और अब भी निरंतर हो रहा है, उसमें अमेरिका एवं यूरोप के धनी देशों के डीपस्टेट, अरबपति और ताकतवर लोग लिप्त हैं। दरअसल ये अवैध धन के बल पर पनपी अपनी सनक को पूरी दुनिया पर थोपना चाहते हैं। इसके लिए वे देशों के सामने अपने मनमाने प्रस्ताव रखते हैं। यदि देश राष्ट्रीयता, संप्रभुता के आधार पर ऐसे प्रस्तावों का विरोध करते हैं, तो ये लोग वहां अलोकतांत्रिक ढंग से सत्ता परिवर्तित करके अपने इशारों पर चलने वाले उन देशों के राजनीतिक दलों, नेताओं, व्यापारियों को सत्तारूढ़ कर देते हैं। लीबिया, इराक, सीरिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान ऐसे ही देश हैं जहां अमरीकी और पश्चिमी दुनिया के डीप स्टेट ने अपने अनुसार सत्ताओं को बनाने-बिगाड़ने का खेल खेला है। ऐसे डीप स्टेट ने नाटो के सदस्य 27 यूरोपीय देशों पर भी एक ढंग से अपना आधिपत्य स्थापित कर रखा है। विश्व की प्रमुख संस्थाएं- विश्व व्यापार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, संयुक्य राष्ट्र महासभा इत्यादि सभी की सभी ऐसे डीप स्टेट्स के मनमाने प्रस्तावों के आधार पर ही अपनी वैश्विक नीतियां बनाती हैं तथा उनमें मनमाना परिवर्तन करती हैं। विश्व के ऐसे मानवता विरोधी घातक तंत्र को ध्वस्त करने के लिए गत दस वर्षों से भारत के नेतृत्व में कूटनीति स्तर पर जैसे व जितने प्रयास किए जा रहे हैं, वह इस तंत्र को बुरी तरह चुभने लगे हैं।

फलस्वरूप यह डीप स्टेट बौखलाया है और भारत को धमकाने, डराने की कोशिश कर रहा है। लेकिन सत्ता और शक्ति के अहंकार में चूर अमरीकी डीप स्टेट, उसके मुखिया ट्रंप और पश्चिमी मीडिया को यह बात समझ लेनी चाहिए कि भारत साठ के दशक में भी नहीं झुका था, एक समय भूखा रहकर भी अपनी संप्रभुता की रक्षा की। सत्ता के दशक में अमरीकी सैन्य धमकी को कुचलकर पाकिस्तान के दो टुकड़े किये। तब से अब तक गंगा-यमुना में बहुत पानी बह गया। भारत अब महाशक्ति बनने का सपना देखता और इस संकल्प को पूरा करने के लिए अपने संपूर्ण सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। इस राह में जो सहभागी बनेंगे वे फायदे में रहेंगे और जो राह के कांटे बनेंगे वे गिनारे हो जायेंगे। लेकिन भारत अपनी संप्रभुता, संकल्प, प्रगति और अपने लोगों के हितों से समझौता करने वाला नहीं है।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया

श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य, राज्य सदन अयोध्या के मुखिया राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र जी का निधन अत्यंत दुखद! ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे! अखिलेश यादव

इंडिया वालों की जिद जोश, जुनून व मोहब्बतें विकसित बिहार, बेहतर भारत और नयी युवा सरकार के समर्थन में बदलाव के लिए प्रतिबद्ध युवाओं का वंदन और अभिनंदन! तेजस्वी यादव.

राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार श्री सीपी राधाकृष्णन जी संघर्ष के मार्ग पर चल कर राजनीति में आगे बढ़े हैं और लोगों का प्रतिनिधित्व भी करते रहे हैं। अमित शाह.

जीवन का परम लक्ष्य

अंतर्दृष्टि

अध्यात्म साधन, मानव जीवन का परम लक्ष्य अपने दृष्टिकोण खण्ड खण्डता, विभिन्नता, संकीर्णता से हटाकर सर्वत्र उस विश्वात्मा, परमात्मा की विराट सत्ता का दर्शन और उसकी अनुभूति प्राप्त करना मनुष्य के लिए यही सत्य और सनातन राजमार्ग है। अब जाति, गुण, कर्म, स्वभाव संस्कार आदि समाप्त हो जाते हैं। मानव मात्र में आत्मदृष्टि से देखने पर सर्वत्र उस विश्वात्मा की प्रतिष्ठापना के दर्शन होते हैं। इतना ही नहीं प्राणी मात्र वृक्ष, वनस्पतियां, जड़, चैतन्य में उसी परम शक्ति का क्रिया कलाप दिखाई देता है और तभी निर्वाचनीय आनन्द की प्राप्ति होती है। जिस क्षण उस विश्वात्मा की अनुभूति प्राप्त होगी उसी क्षण समस्त पाप, ताप, अभ्यास जनित संस्कार आचरणों का अंत हो जायेगा और अमृत यद्धि भाति अमृत रूप में जो सब में प्रकाशित है उसी अमृत में आत्मा का प्रवेश होगा। फिर सर्वत्र अनन्त आनन्द रूपी अमृत के ही दर्शन होंगे। हमारी आत्मा में भूमा स्थिति दिव्य प्रकाश मुखिरत हो उठेगा। साधना का तात्पर्य ही है साथ लेना, सधा लेना, पशु प्रशिक्षक यही करते रहते हैं। अनगढ़ और उच्छृंखल प्राणी को उपयोगी समझा जा सके। उसके बढ़े हुए स्तर का मूल्यांकन हो सके। पालने वाला अपने को लाभान्वित हुआ देख सके। सिखाने वाला भी अपने प्रयास की सार्थकता देखते हुए प्रसन्न हो सके।

समझा यह जाता है कि भक्त भगवान को साधता है। उसको मूर्ख समझते हुए उसकी गलतियां निकालता रहता है। तरह-तरह के उलाहने देता है। साथ ही गिड़गिड़ाकर नाक रगड़कर, खींसे निपोर कर अपना उचित अनुचित उल्लू सीधा करने के लिए जाल जंजाल बुनता है। प्रशंसा के पुल बांधता है। छिटपुट भेंट चढ़ाकर उसे फुसलाने का प्रयत्न करता है। समझा जाता है कि सामान्य लोगों से व्यवहारिक जगत में अदान-प्रदान के आधार पर ही लेन-देन चलता है पर ईश्वर या देवता ऐसे हैं जिन्हें वाणी की वाचालता तथा शारीरिक मानसिक उचक-मचक करने भर से वशवर्ती किया जा सकता है। यह दार्शनिक भूल मनुष्य को प्रकारान्तर से प्रच्छन्न नास्तिक बना देती है। एक नास्तिक वह है जो प्रत्यक्षवाद के आधार पर ईश्वर की सत्ता स्पष्ट दृष्टिगोचर न होने से उसकी सत्ता से इनकार करते हैं। दूसरे प्रच्छन्न नास्तिक वे हैं जो उससे पक्षपात की, मुफ्त में लंबी चौड़ी मनोकामनाओं की पूर्ति चाहते रहते हैं। मनुष्य विधि व्यवस्थाओं को तोड़ता छोड़ता रहता है। पर ईश्वर के लिए यह संभव नहीं है कि अपनी बनाई कर्म फल व्यवस्था का स्वयं उल्लंघन करे या दूसरों को ऐसा करने के लिए उत्साहित करे तथाकथित भक्त लोग ऐसी ही आशाएं किया करते हैं। अंततः उन्हें निराश होना पड़ता है।

चुनाव में मुफ्त की सियासी आंधी

व्यंग्यलोक

बिहार में चुनाव है, सो बरसात में मुफ्त की बाढ़ और आंधी दोनों आ रही है। पास में पानी रखा हुआ है और मैं उसे पी भी सकता हूं। लेकिन इस इंतजार में बैठा हूं कि कोई भी दल-दल पार्टी का नेता आएगा और चुनावों की इस बेला पे यह घोषणा पत्र जारी कर देगा कि आपको मुफ्त में पानी पिलाने की हमारी जिम्मेदारी है। आप जब भी इशारा करेंगे, तब हम उठकर आएंगे। आप स्वयं को पानी पिला देंगे। अगर ऐसी कोई मुफ्त की घोषणा कोई दल-दल पार्टी कर दे, तो मेरी इच्छा है कि मैं उसका इंतजार करूं। कितनी ही तेज प्यास लग जाए लेकिन जो मजा मुफ्त के पानी में है, वह और कहां ? वैसे फिजाओं में चुनावी लहरें ज्वार-भाटा मचा रही है। वहां मुफ्त-मुफ्त की आंधियां चलाई जा रही हैं। एक दल-दल पार्टी कह रही है कि हमें वोट दोगे, तो हमारी पार्टी आपके घर वालों के सारे कपड़े मुफ्त में धोने का काम करेगी। यही नहीं कपड़ों को धोकर सुखाने का काम भी करेगी। आपके पड़ोस में जो चक्की लगी हुई है, वहां से चना-चबीना पीसाकर आपके घर पहुंचा देगी। ये हमारा दावा है। हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी का मुफ्तस्य, मुफ्तायाः, मुफ्ताणां मंत्र वाला यह हमारा सदाबहार संकल्प है। दल-दल पार्टी का यह संकल्प गीत सुनकर दल-बदल पार्टी भी बांग दे रही है। हम आपके कपड़े सुखाएंगे भी सही और उन्हें प्रेस करके आपको पहनाएंगे भी सही ! आप हमारे नेताजी को वोट देकर तो देखिए ! हम पुराने पीपल वाली सेकुलर चक्की से चना-मक्का पिसवाकर आपके घर तक पहुंचाएंगे। फिर घर के पड़ोस में खड़े होकर खुद जनता छाप रोटियां बेलकर उन्हें सकेंगे। फिर अपनी वाली पार्टी के हाथों से आपको मुफ्त में खाना भी खिलाएंगे। ये हमारा दावा है। यही नहीं इन रोटियों को पचाने के लिए हम आपके बदले एक्सरसाइज भी करेंगे। हम जिम जाएंगे, लेकिन आपके स्वास्थ्य के साथ कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। यह हमारी पार्टी का संकल्प पत्र है। चुनावी फिजां में इस प्रकार के संकल्प को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। ये जो मेरे मुंह के आगे मक्खी भिन-भिना रही है और वह मुंह में घुसने की तमाम तिकड़में लगा रही है, तो भी मैं उसे कुछ नहीं कह रहा हूं। इंतजार कर रहा हूं कि कोई पार्टी आएगी और इसे अपना चुनावी मुद्दा बनाएगी। वह संकल्प पत्र जारी करेगी। भौंपू में घुसकर कहेगी कि आप अपने सामने घूमती हुई मक्खी को हरगिज न उड़ाएं। सिर्फ हमारी पार्टी को वोट देकर देखें। फिर आपके सामने किसी भी मक्खी को उड़ने की हरगिज इजाजत नहीं दी जाएगी। मक्खी उड़ाने की ये सब सेवाएं मुफ्त में कर दी जाएंगी।

रामविलास जॉंगिड़

बच्चों को डांटने से पहले उनकी परेशानी को जानें


पैरेंटिंग

नीलम अरोड़ा

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आजकल के छोटे बच्चे भी बहुत स्मार्ट हैं और ऐसे-ऐसे बिल्कुल सच लगने वाले बहाने बनाते हैं कि आप दंग रह जाएं। लेकिन जब कोई बच्चा बार बार स्कूल न जाने पर अड़ा हो और इसके लिए एक ही तर्क बार बार दे रहा हो, तो इसे उसका सिर्फ बहाना न समझें, इसे गंभीरता से लें। स्कूल न जाने की उसकी वजह वाजिब और गंभीर हो सकती है, कैसे? आइये इन तथ्यों से जानें।

बच्चे भी हैं तनावग्रस्त

सुनने में अटपटा लगता है, लेकिन सच्चाई यही है कि आज की लाइफ स्टाइल सिर्फ वयस्कों को ही तनावग्रस्त नहीं कर रही, छोटे बच्चे भी इस तेज रफ्तार जिंदगी से तनावग्रस्त हैं। एक पांच साल का बच्चा जब लगातार अपने पैरेंट्स से स्कूल न जाने की जिद कर रहा था, तो उसके पैरेंट्स उसे डॉक्टर के पास ले गए और पता चला कि इतनी कम उम्र का वह बच्चा, बेहद तनावग्रस्त था। आजकल छोटे बच्चे मानसिक तनाव के चलते न सिर्फ बेचैन रहते हैं बल्कि बीमार भी पड़ रहे हैं। उनके तनाव की कई वजहें हो सकती हैं, पर सबसे अहम वजह है उन्हें लेकर माता-पिता की अति महत्वाकांक्षा। आजकल माता-पिता अपने बच्चे को तभी कामयाब समझते हैं, जब वह 90$ नंबरों से पास होते हैं। अच्छे नंबर लाने के लिए बच्चे लगातार तनाव में रहते हैं। अगर बच्चा नंबर नहीं ला पाता तो मां-बाप की डांट फटकार से वह हीन भावना का शिकार हो जाता है और उसका खेलने-कूदने में कतई मन नहीं लगता। यही नहीं इससे ऐसे बच्चे इस कदर तनावग्रस्त हो जाते हैं कि घर से भागने और आत्महत्या करने तक की सोचने लगते हैं। अतः अच्छे नंबरों का बच्चों पर दबाव डालने से पहले मां-बाप कई बार सोचें।

एडमिशन फोबिया

आजकल जिस तरह अच्छे स्कूलों में एडमिशन मिलना मुश्किल हो गया है, उसके चलते छोटे बच्चों के मां-बाप तो तनाव में रहते ही हैं, खुद छोटे बच्चे भी अच्छे स्कूल में एडमिशन को लेकर तनावग्रस्त रहते हैं। यह अलग बात है कि उनके छोटे होने के कारण मां-बाप को एहसास ही नहीं होता कि उनकी तरह उनका छोटा बच्चा भी एडमिशन फोबिया से डरा हुआ है। दरअसल छोटे बच्चे को भी अस्वीकृत होने का बोध गहरे तनाव में डाल देता है। छोटे बच्चे इस वजह से इस प्रक्रिया में तनाव का शिकार हो जाते हैं, क्योंकि मां-बाप एडमिशन के काफी पहले से ही कहने लगते हैं, अच्छे से तैयारी करो वर्ना एडमिशन नहीं होगा। एक बात यह भी है कि एडमिशन के पहले दिन रात घर में एडमिशन की कठिनाईयों की जो चर्चा होती है, वह भी छोटे बच्चों को भयग्रस्त और तनावग्रस्त बनाती है।

चिंतित करती है हकीकत

कुछ साल पहले किये गये एक शोध में मुंबई के एक अस्पताल में साढ़े चार सौ बच्चे तनाव के कारण बीमार पाए गए थे। इसके लिए माता-पिता और स्कूल-कॉलेजों में उनके एडमिशन की डरावनी प्रक्रिया जिम्मेदार थी। साथ ही कक्षा में बच्चों की जरूरत से ज्यादा संख्या होना भी, उन्हें तनावग्रस्त बनाती थी। टीचर सभी बच्चों की ओर ध्यान नहीं दे पाती है, न ही ठीक से पढ़ा पाती हैं। यह स्थिति भी बच्चों को तनावग्रस्त करती है, क्योंकि उसे समझ में नहीं आता कि इस समस्या का निदान कैसे हो? कई बार बच्चे को स्कूल में छेड़ा जाता है या मारपीट हो जाती है, तो वह किसे बताए यह भी समस्या रहती है?

इसलिए स्कूल जाने से कतराने पर बच्चे को डांटने से पहले यह जानें-

- कि आखिर बच्चा स्कूल जाने से कतरा क्यों रहा है? अगर पूरी तरह से बात समझ में न आए तो एक बार उसके स्कूल की विजिट करके जानें की वजह क्या है?
- कि बच्चे की कहीं सचमुच तबीयत तो नहीं खराब। यह सोचकर उसे डॉक्टर को दिखाएं और स्कूल जाकर वहां उसकी गतिविधियों को जानें।
- कि कहीं आप उसे इग्नोर तो नहीं कर रहे। कामकाजी माता-पिता बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं। तब भी कई बार बच्चे बीमारी का बहाना बनाकर, उनका ध्यान अपनी ओर खींचते हैं, लेकिन इसे उनकी चालाकी न समझें बल्कि आपका साथ पाने की चाहत समझें।

आप की बात

कड़ाई से लागू करें गति सीमा

देश में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। हाइवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं का एक कारण यह है कि गति सीमा का प्रायः लोग उल्लंघन करते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हाइवे पर कड़ाई से गति सीमा का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न फेरीफेरल एक्सप्रेस वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते है लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रेस वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ्तार के कारण गाड़ियां आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं।

संजीव कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.

शिक्षा व्यवस्था को सुधारें

उत्तर प्रदेश स रकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है ले किन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने के साथ ही शिक्षा सुधारने का प्रयास हो रहा है।

दिनेश चन्द्र कुशवाहा, लखनऊ.

संक्षेप

अंबेडकरनगर का निकला किशोर

अयोध्या। बिलहरघाट रेलवे स्टेशन पर एक लावारिस हाल में मिला किशोर पड़ोसी जनपद अंबेदककरनगर का निकला। घंटों की मशक्क्त के बाद उसने जीआरपी पुलिस को अपने माता-पिता का नाम और पता बताया। सीडब्लूसी और चाइल्ड लाइन ने उसके पिता को बुला जीआरपी के माध्यम से हवाले कराया है। शनिवार को एक 13 वर्षीय बालक बिलहरघाट रेलवे स्टेशन पर लावारिस हाल में घूमता मिला था। पूछताछ में उसने अपना नाम अमन गोस्वामी बताया था। हालाँकि कहां का रहने वाला है और उसके माता-पिता कौन है,इस बाबत वह बता नहीं रहा था। राजकीय रेलवे पुलिस अयोध्या कैंट ने किशोर को अपनी अभिरक्षा में लेकर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया था और मामले की जानकारी चाइल्ड केयर तथा बाल कल्याण समिति अयोध्या को दी थी। चाइल्ड केयर और बाल कल्याण समिति की ओर से किशोर की विस्तार से काउंसलिलंग की गई तो वह खुल गया। खुद को अम्बेडकरनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र स्थित खेमापुर निवासी बताया। जीआरपी का कहना है कि किशोर को परिवार के हवाले किया गया है।

दीपोत्सव पर मिलेगा वैक्स म्यूजियम का उपहार

जिला संवाददाता

अयोध्या। इस बार दीपोत्सव के अवसर पर अयोध्या को एक अनूठा उपहार मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर तैयार हो रहे एक भव्य वैक्स म्यूजियम को श्रद्धालु व पर्यटकों के लिए लोकार्पित किया जाएगा। यह म्यूजियम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के परिक्रमा मार्ग पर 10 हजार वर्ग फीट के विशाल क्षेत्र में शुरूआत की है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के बाद से अयोध्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इस वैक्स म्यूजियम के निर्माण से न केवल धार्मिक पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि यह रामायण के मूल्यों और भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर और अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेगा। यह म्यूजियम अयोध्या के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को उजागर

- परिक्रमा मार्ग पर 10 हजार वर्ग फीट में तेजी से हो रहा संग्रहालय का निर्माण
- परियोजना पर खर्च हो चुके हैं तकरीबन 7.5 करोड़ रुपए
- श्रीराम समेत रामायण के तकरीबन 50 पात्रों की दिखेगी जीवंत झलक
- योगी सरकार में अयोध्या में तेजी से हो रहा पर्यटन विस्तार

बन रहा है। इस म्यूजियम में भगवान श्रीराम सहित रामायण के करीब 50 प्रमुख पात्रों के मोम के पुतले प्रदर्शित किए जाएंगे, जो न केवल श्रद्धालुओं बल्कि पर्यटकों को भी इतिहास और संस्कृति का जीवंत अनुभव प्रदान करेंगे।

इस परियोजना पर अब तक करीब 7.5 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। योगी सरकार ने अयोध्या को वैश्विक पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने के लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।परिक्रमा मार्ग पर बन रहा यह वैक्स म्यूजियम आधुनिक तकनीक और कला का अनूठा संगम होगा। 10 हजार वर्ग फीट के क्षेत्र में फैले इस म्यूजियम में प्रवेश करते ही पहले श्रीराम का मंदिर मिलेगा। अंदर रामायण के 50 प्रमुख पात्रों के मोम के पुतले प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, जटायु जैसे पात्र शामिल होंगे। प्रत्येक पुतले को इस

तरह से डिजाइन किया जा रहा है कि वे जीवंत और यथार्थवादी प्रतीत हों। इन पुतलों को बनाने में महाराष्ट्र की एक संस्था केरल के विशेषज्ञों की सेवाएं ले रही हैं, ताकि पात्रों के हाव-भाव, वेशभूषा और ऐतिहासिक संदर्भों को पूरी तरह से जीवंत किया जा सके।

म्यूजियम में रामायण के प्रमुख प्रसंगों को भी दृश्यात्मक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा, जैसे राम-रावण युद्ध, सीता हरण, हनुमान की लंका यात्रा और राम-सेतु निर्माण। इन दृश्यों को देखकर आगंतुकों को ऐसा प्रतीत होगा मानो वे रामायण काल में पहुंच गए हों। इसके अलावा, म्यूजियम में आधुनिक तकनीकों जैसे ऑडियो-विजुअल प्रभाव और इंटरैक्टिव डिस्प्ले का भी उपयोग किया जाएगा, जो बच्चों और युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित करेगा। यह परियोजना पीपीपी मॉडल पर संचालित है। जैसे अमानीगंज में भूल भुलैया का निर्माण कराया गया है। अब तक इस परियोजना पर करीब 7.5 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं।

म्यूजियम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसे दीपोत्सव 2025 के अवसर पर जनता के लिए खोलने की योजना है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया इसके निर्माण की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।अयोध्या पहले से ही अपने धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के लिए विश्वविख्यात है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनक भवन और सरयू नदी जैसे स्थल हर साल लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। वैक्स म्यूजियम के बनने से अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को एक नया आयाम मिलेगा। यह म्यूजियम न केवल धार्मिक पर्यटकों के लिए, बल्कि इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले लोगों के लिए भी एक प्रमुख आकर्षण होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने बताया कि संकल्प स्वरूप अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। वैक्स म्यूजियम इस दिशा में एक और कदम है। अयोध्या में सड़कों का चैड़ीकरण, सरयू नदी के घाटों का सौंदर्यीकरण और अन्य बुनियादी ढांचों का विकास भी तेजी से हो रहा है। दीपोत्सव के दौरान हर साल अयोध्या में लाखों दीप जलाए जाते हैं, जो इसे विश्व रिकॉर्ड का हिस्सा बनाते हैं।इस बार वैक्स म्यूजियम का उद्घाटन दीपोत्सव को और भी यादगार बना देगा।

एएसएसपी ने विवेचकों की समीक्षा की गयी

बहराइच। अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री रामानंद कुशवाहा द्वारा थाना पयागपुर के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई तथा आगामी त्योहार कजरी तीज और गणेश चतुर्थी के संबंध में दिए गए दिशा-निर्देश। अपर पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा थाना पयागपुर के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई तथा लंबित विवेचनाओं के त्वरित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा शेष अभियोगो का शीघ्र अनावरण करते हुए बरामदगी/गिरफ्तारी करने के साथ, चार पहिया/दो पहिया वाहन में बिना हेलमेट , तीन सवारी ,बिना नंबर प्लेट ,हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ,लाल नीली बत्ती व प्रेसर हॉर्न आदि का चालान करने हेतु निर्देशित किया गया।बैंको की नियमित रूप से चेकिंग करते हुए अपेक्षित कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। ऋणकी प्रार्थना पत्र को समययुक्त व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण व मुकदमा पंजीकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

बीज विक्रेताओं का प्रशिक्षण कार्यकगम आज

बहराइच 24 अगस्त। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि रबी 2025-26 से जनपद में साथी पोर्टल पर बीज प्रमाणीकरण संस्था से प्रमाणित बीजों की बिकी का कार्य बीज उत्पादक संस्था से बीज विक्रेता डीलर/रिटेलर के माध्यम से कृषकों को बिकी किया जाना प्रस्तावित है। डॉ. यादव ने बताया कि उप कृषि निदेशक कार्यालय के सभागार में 25 अगस्त 2025 को प्रातः 10:00 बजे से जनपद के समस्त बीज बिक्रेताओं को एनआईसी महाराष्ट्र के विशेषज्ञों द्वारा आन लाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद समस्त बीज विक्रेताओं से अपेक्षा की है कि ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में वाराणसी अव्वल, सहारनपुर को दूसरा स्थान

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे चैथे राज्यस्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शनिवार की देर शाम को समापन हो गया। सुबह-सुबह कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर पहुंचकर प्रतियोगिता को देखा। योगासन प्रतियोगिता में वाराणसी प्रथम स्थान पर रहा। सहारनपुर ने दूसरा और हापुड़ ने तीसरा स्थान हासिल किया। कुलपति ने विजेता खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक व झारखंड में होने वाले राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए परिश्रम की जरूरत है। योग प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश का नाम देशभर में रोशन करना होगा। उत्तर प्रदेश के महासचिव योग आचार्य ने बताया कि इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मे चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया की 50वीं सीनियर राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता कर्नाटक के मैसूर में होगी तथा जूनियर एवं सब जूनियर राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता दिसंबर माह में झारखंड के रांची में होगी। इस चैंपियनशिप का कृषि विवि अयोध्या और योगासन स्पोर्ट अलायंस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन किया गया। डी.एस. डब्ल्यू.डा.डी.नियोगी, योग विशेषज्ञ डा. दिवाकर सिंह व डा. देवनारायण पटेल के संयोजन में राज्यस्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में 22 जिलों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर क्षेत्रीय खेल अधिकारी अनिमेष सक्सेना, योगासन स्पोर्ट्स एलाइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. महेश चंद्र, एसोसिएशन की उपाध्यक्ष डॉ. रितु मेहता, एडीएसडब्ल्यू डॉ. एस.पी. सिंह, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. रतन आनंद, मनीषा गौतम सहित विवि के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

तीन दिवसीय खेल और फिटनेस प्रतियोगिता होंगे

बहराइच । हाकी के जादूगर के नाम से विश्व प्रसित खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द के जन्मदिवस 29 अगस्त के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस- के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच द्वारा 29 से 31 अगस्त 2025 तक वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 29 अगस्त को 14 वर्षीय बालकों की जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता, 30 को ओपेन तीरन्दाजी बालक/बालिकाओं की फन गेम्स तथा 31 अगस्त को ओपेन एथलेटिक्स बालक/बालिकाओं की फन गेम्स का आयोजन किया जायेगा।क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यालय की इच्छुक टीमें/समस्त खिलाड़ी नगर निकाय/आधार कार्ड/प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त आयु प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ आयोजन तिथि के अनुसार प्रातः 08:30 बजे तक जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच में उपस्थित होकर अपने टीम के खिलाड़ियों का प्रमाणित सूची इस कार्यालय में जमा करा सकते हैं। इन्दिरा गांधी स्टेडियम, बहराइच की उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक मो.न. 9336620993 अथवा हॉकी प्रशिक्षक मो. आरिफ के मो.न. 9140350847 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कांग्रेस नेता जयकरन वर्मा तहसील में करेंगे धरना- प्रदर्शन

जिला संवाददाता

सोहावल-अयोध्या। यूरिया खाद की किल्लत व आवारा पशुओं जैसी ज्वलंत किसान समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता जयकरन वर्मा किसानों के साथ 28 अगस्त को सोहावल तहसील में धरना प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता जय करन वर्मा ने बताया कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में सहकारी समितियों व निजी उर्वरक विक्रेताओं के पास यूरिया खाद की भारी कमी है। इस समय धान की फसल में खाद डालने का समय चल रहा है।

- यूरिया खाद और आवारा पशुओं से हो रहे नुकसान को लेकर करेंगे धरना – प्रदर्शन

खाद न मिलने के कारण किसानों को तेज धूप व बरसात में दर-दर की ठोकर खाना पड़ रहा है। कहीं लाठियां फटकारी जा रही हैं। कहीं शब्दों से बेइज्जत किया जा रहा है। यह देश किसानों का है। आज इनकी दुर्दशा देख कर पीड़ा होती है और दुःख तब और बढ जाता है। जब कृषि मंत्री अयोध्या के प्रभारी मंत्री हैं। जिनसे एक जिला अयोध्या नहीं संभल रहा है तो पूरे उत्तर प्रदेश की क्या दुर्दशा होगी। आवारा पशुओं से किसान परेशान हैं। भ्रष्टाचार व्यापक रूप ले चुका है। अपराध अपने चरम पर उत्तर प्रदेश सरकार हर मुद्दे पर फेल है। लेकिन सरकार जरा सा भी ख्याल नहीं है इन सभी मुद्दों को सरकार तक पहुंचाने के लिए आगामी 28 अगस्त बृहस्पतिवार को सोहावल तहसील में किसानों के साथ धरना प्रदर्शन करूँगा। जिसके लिए क्षेत्र के किसानों को जानकारी दी जा रही है।जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

किसानों को खाद के बदले मिल रही हैं लाठियांः अवधेश प्रसाद

जिला संवाददाता

अयोध्या। रविवार को सांसद अवधेश प्रसाद ने यूरिया खाद की किल्लत व किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान सांसद अवधेश प्रसाद ने किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में किसान दोहरी मार झेल रहे हैं।सांसद ने कहा कि एक ओर छुट्टा पशु किसानों की फसलों को चैपट कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों को समय से यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद लेने गए किसानों को समितियों पर लाइन में लगने के बावजूद खाद के बजाय लाठियां मिल रही हैं। अवधेश प्रसाद ने कहा कि यही यूरिया खाद भाजपा से जुड़े लोगों के ट्रैक्टरों में भरकर बाहर भेज दी जा रही है। उन्होंने आरोप

लगाया कि खाद की कालाबाजारी में भाजपा कार्यकर्ता सीधे तौर पर शामिल हैं, जबकि मेहनतकश किसान खाद की एक बोरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को समय पर खाद और सुरक्षा नहीं मिली तो आने वाले दिनों में भाजपा सरकार को गंभीर जनविरोध का सामना करना पड़ेगा।

सपा प्रवक्ता लवलेश पांडे ने बताया कि इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,छोटे लाल यादव,सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, कुंवर बहादुर सिंह, राम करन यादव,आकिब खान, राजू वर्मा,सरोज यादव, सीताराम यादव भी मौजूद रहे।

तीज महोत्सव में सम्मानित हुईं 11 महिलाए

अयोध्या। पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था अयोध्या न्यास के तत्वाधान में कौशल पुरी स्थित एक लॉन में कमल सखियों द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर 11 महिलाओं को समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। महिला श्रृंगार एवं पारंपरिक वस्तुओं के स्टॉल कार्यक्रम के खास आकर्षण बने। महिलाओं ने झूला झूलकर, तीज गीत गाकर और विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लेकर उत्सव का आनंद लिया। सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति से पूरा आयोजन जीवंत और उल्लास मय रहा।

इस अवसर पर डॉ. रिजवी, पुष्पा, महिला थाना इंचार्ज आशा त्रिपाठी, पुष्पा सिंह, मालती चैहान, अशोका द्विवेदी, प्रेम निषाद, संगीता आहूजा, शकुंत त्रिपाठी, किस्मिता और दया मिश्रा को सम्मानित किया गया।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने इस अवसर पर कहा कि तीज महोत्सव हमारी भारतीय संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का कार्य करते हैं। अयोध्या की समृद्ध परंपरा को बनाए रखने में इस प्रकार के आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम का संयोजन बिंदु सिंह व संचालन रीना द्विवेदी ने किया। मौके पर शशि शर्मा निशा पांडे चंदा सिंह शशि रानी शर्मा, पूजा रावत, ममता सिंह, सरोज मिश्रा, नीलम गुप्ता, राजकुमारी, माधुरी श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, मधु पाठक, मंजू गुप्ता, मधुबाला निषाद, आशा गौड़, यमुनोत्री केसरवानी, अनीता द्विवेदी, पायल जायसवाल, कंचन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी रही।

कृषकों के बुढ़ापे की आर्थिक सुरक्षा कवच है, पीएम किसान मानधन योजना

बहराइच। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते है। उनके उत्थान, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए देश के मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कई योजनायें संचालित की है। जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना है, जिसके अंतर्गत किसानों को वार्षिक रु० 6000 देते हुए किसानों को आर्थिक सम्बल प्रदान किया है। उसी तरह केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना आरम्भ किया है। जिसके अंतर्गत किसानों को 60 वर्ष के बाद 3000 रुपए मासिक, 36 हजार रुपए सालाना पेंशन दी जाती है। केन्द्र सरकार की इस योजना को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में लागू कर किसानों को लाभान्वित कर रहे हैं। किसानों को वृद्धावस्था में किसी के सामने रूपयों के लिए हाथ न फैलाना पड़े, वे आत्मनिर्भर रहे, उनका मान-सम्मान बना रहे, सरकार ने इस पर विशेष ध्यान दिया है।प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के तहत प्रदेश के सभी किसान लाभ ले सकते हैं। जिन किसानों की आयु 18 से 40 वर्ष तक है वे किसान इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद किसान को प्रत्येक माह प्रीमियम जमा करना होगा। 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले किसान को प्रतिमाह 55 रुपए एवं 40 वर्ष की आयु के किसान को रू0 200 महीना प्रीमियम जमा करना होता है। इस योजना के तहत 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान किसान द्वारा एवं 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। यदि प्रदेश का कोई किसान स्वैच्छिक रूप से प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना का लाभ लेना चाहता है और वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभार्थी है तो उसके रजिस्ट्रेशन के लिए किसी तरह के कागजी कार्यवाही की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि उसके सभी कागजाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में संलग्न है। प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए किसान अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं।प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना प्रदेश के लघु एवं सीमान्त कृषकों सहित सभी किसानों को सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने एवं वृद्धावस्था में उनकी आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वैच्छिक रूप से पुरुष व महिला दोनों के लिए 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर रू0 3000 प्रति माह दिये जाने की एक सुनिश्चित मासिक पेंशन योजना है। यह एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है। प्रदेश में इस योजनान्तर्गत जून 2025 तक 2.52 लाख से अधिक किसान लाभार्थियों को कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रदेश सरकार अधिक से अधिक कृषकों को इस योजना से लाभान्वित कराने के लिए तत्पर है।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन

जिला संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या के पूर्व राजपरिवार के वंशज और राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का शनिवार रात लगभग 11 बजे निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने शोक जताया है।

मिश्र 75 वर्ष के थे। उनके छोटे भाई शैलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र ने पत्रकारों से मिश्र के निधन की पुष्टि की। बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने अपने निवास राज सदन में अंतिम सांस ली। कुछ महीने पहले पैर में चोट लगने के कारण उनकी सर्जरी हुई थी, जिसके बाद उनकी गतिविधियां सीमित हो गई थीं।

अयोध्या में बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि पर उच्चतम न्यायालय के अंतिम निर्णय की घोषणा के बाद राम मंदिर के रिसीवर का प्रभार मिश्र को सौंपा गया था। इससे पहले यह प्रभार अयोध्या के आयुक्त के पास था।

मिश्र ने वर्ष 2009 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार के रूप में फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के माननीय सदस्य, राजसदन अयोध्या के मुखिया विमलेंद्र मोहन प्रताप

मिश्र जी का निधन अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य तथा राज्य सदन अयोध्या के मुखिया राजा विमलेन्द्र प्रताप मोहन मिश्र पप्पू भैया जी के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। इस दुःखद घड़ी में मेरी गहन संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सपा प्रमुख यादव ने एक्स पर कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य, राज्य सदन अयोध्या के मुखिया राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र जी का निधन, अत्यंत दुःखद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। भावभीनी श्रद्धांजलि।

अवंतीबाई लोधी जन्मोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

बहराइच । एस.आर. मैरिज लॉन, बरखुरद्वारापुर, कैसरगंज में आयोजित अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जन्मोत्सव प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के मा. मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले श्री आशीष पटेल जी ने अध्यक्ष, अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा एवं विधायक एटा विपिन कुमार सिंह डेविड, प्रदेश अध्यक्ष उत्तम चन्द्र राकेश लोधी एडवोकेट, प्रदेश प्रभारी हरिपाल सिंह लोधी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती कान्ति सिंह लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय लोधी महासभा शारदा प्रसाद लोधी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व जिला अध्यक्ष अपना दल गिरीश पटेल व अन्य अतिथियों के साथ अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश के मा. मंत्री श्री पटेल ने अन्य अतिथियों के साथ हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाली छात्र-छात्राओं रंजीत कुमार लोधी, संतोष कुमार लोधी, अंशिका लोधी व

कृष्णा सोनी, इण्टरमीडिएट के धर्मवीर राजपूत, जूली राजपूत व अश्वनी राजपूत, डी.एल.ई.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दिव्या राजपूत, एम.बी.बी.एस. अन्तिम वर्ष के छात्र अनुज वर्मा, एम.एस.सी. की छात्रा अर्चना को शिक्षाविद स्वामी ब्रहमानन्द जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जन्मोत्सव प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश के मा. मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वामी ब्रहमानन्द भारत के एक स्वतन्त्रता सग्राम सेनानी, समाजसुधारक एवं परोपकारी व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उन्होंने समाज में फैले अन्धविश्वास, अशिक्षा एवं कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी साथ ही गौ हत्या निषेध को लागू कराने के लिए अन्दोलन भी किया। वह आजाद भारत के पहले सन्यासी सांसद थे। मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वामी जी का चित्र भेंट करने के पीछे यही मंशा है कि हमारी युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहे। श्री पटेल ने उपस्थित जन का आहवान किया कि आगे आने वाली पीढ़ी को शिक्षित बनाये जाने का संकल्प लें। श्री पटेल ने मेधावी छात्र-छात्राओं का आहवान किया कि दूसरे छात्र-छात्राओं को शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित करें।

मुख्य अतिथि मा. मंत्री श्री पटेल, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, अर्जुन सिंह पटेल सहित अन्य वक्ताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के जीवनगाथा पर प्रकाश डाला। वक्तागण ने कहा कि 1857 के भारतीय विद्रोह में महारानी अवंतीबाई लोधी का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने रामगढ़ की रानी के रूप में ब्रिटिश हुकूमत से लोहा लिया और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। 16 अगस्त 1831 को जन्मी अवंतीबाई ने बचपन में ही तलवारबाजी और घुड़सवारी सीख ली थी और अपने पति, राजा विक्रमादित्य सिंह, के बीमार होने पर रामगढ़ राज्य का कार्यभार संभाला। उन्होंने अंग्रेजों की राज्य हड़पने की नीति का पुरजोर विरोध किया, आसपास के राजाओं को एकजुट करने के लिए चूडियों के साथ पत्र भेजे, और 20 मार्च 1858 को अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की, जिससे वे प्रथम महिला शहीद वीरांगना कहलाईं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष रा.युवा लोधी महासभा बजरंग लोधी, शिव बरन लोधी, प्रकाश लोधी, हरिहर शरण लोधी, उमा शंकर लोधी, राम सेवक लोधी, राम नरेश व पवन कुमार लोधी, मण्डल मंत्री जी.एस. सिंह लोधी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

राना की गौरव गाथा का गुणगान होना जरूरीः मंत्री

राना बेनी माधव बक्श सिंह की मनायी गयी जयंती, फिरोज गांधी सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम व सम्मानित हुए बच्चे

- राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की तरफ से आयोजित किया गया भाव समर्पण

रायबरेली। बैसवारे की माटी में जन्में जिले की आन-मान और शान कहे जाने वाले अमर सेनानी 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक व अवध केसरी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 221 वीं जयंती के उपलक्ष में भाव समर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की तरफ से शहर के फिरोज गांधी कॉलेज के सभागार में भाव समर्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भाव समर्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह ने राना की अश्वारोही प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि का स्वागत समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, संरक्षक पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह, दिनेश सिंह चौहान ने बुके देकर किया भाव समर्पण कार्यक्रम में आए अतिथियों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि राना बेनी माधव बक्श सिंह की गौरव गाथा का गुणगान अवश्य होना चाहिए। राना बेनी माधव के साहस का वर्णन करते हुए कहा कि 1857 की क्रांति में दिल्ली, कानपुर और लखनऊ की पराजय के बाद भी बैसवारा के राना बेनी माधव ने लॉर्ड कैनिंग के सामने समर्पण नहीं किया। उनकी वीरता और सैन्य कौशल का प्रमाण है कि वे तात्या टोपे के साथ उन दो सेनानियों में शामिल थे, जिन्हें वास्तविक स्वतंत्रता सेनानी की संज्ञा दी गई। राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति ने जिस तरह से अपने पूर्वजों को संजोने का काम किया है, वह वास्तव में बहुत ही तारीफ के योग्य है। हमें अमर सेनानियों के इतिहास के बारे में जानकारी करनी चाहिए।

सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि आजादी की असली ललक संगठित रूप से 1857 में देखने को मिली थी। जब एक साथ देश में अलग-अलग जगहों पर आंदोलन शुरू किया गया था। बुंदेलखंड में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने बागडोर संभाली थी तो कानपुर में तात्या टोपे ने। वहीं अवध क्षेत्र में जिस नायक ने अंग्रेजों से मोर्चा लिया था, उस अमर नायक का नाम था राना बेनी माधव बख्श सिंह। शंकरगंज स्टेट के राजा अपने हजारों वीर सैनिकों के साथ मोर्चा लेने के लिए मैदान में निकल पड़े थे। उनके साथ में कंधा से कंधा मिलाकर साथ देने वालों में वीर सेनानी वीरा पासी को कैसे भूल सकते हैं, जिन्होंने अवध क्षेत्र में आंदोलन को गति प्रदान की थी। उनकी ओर से जलाई गई अलख के बाद हम लोग 90 वर्षों तक अंग्रेजों से लड़ते रहे और हजारों नायकों की वजह से ही हमें आजादी मिली थी। आज अगर हम लोग सुरक्षित हैं तो उसमें सबसे बड़ा योगदान हमारे सैनिकों का है। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाव समर्पण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानी बेनी माधव की स्मृति को संजोना और युवा पीढ़ी को उनके बलिदान से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से जिले में सभागार का निर्माण हो रहा है। उसका निर्माण पूरा होते ही सीएम योगी के हाथों ही समिति की तरफ से कराया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यक्रमों को संचालन करने के लिए बनाई गई समितियों में समन्वय समिति से हरिहर सिंह, मदन सिंह चैहान, रविंद्र सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, जितेंद्र सिंह बबलू केसरिया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा डिबेट एवं चित्रकला प्रतियोगिता संचालन समिति से पूर्व प्राचार्य डायट रायबरेली जेपी सिंह, डॉक्टर शशिकांत शर्मा, गोविंद खन्ना, ऋषि अग्रवाल, देवेंद्र सिंह चैहान, राजेंद्र बहादुर सिंह राजन, डॉक्टर आर एन सिंह, डॉक्टर अभिषेक द्विवेदी, रणविजय सिंह गंगा पारी, सत्येंद्र सिंह, स्वास्थ्य शिविर संचालन समिति से डॉक्टर मनीष चैहान, डॉक्टर बृजेश सिंह, डॉक्टर सीबी सिंह, राकेश सिंह भदौरिया, राकेश सिंह राना व महेंद्र अग्रवाल, रक्तदान संचालन समिति से शिवम सिंह, संतोष सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह व शिक्षक विवेक मिश्रा को सम्मानित किया गया। वहीं, पौधरोपण संचालन समिति से डॉ रवि प्रताप सिंह, रामसेवक चैधरी, फल वितरण संचालन समिति से शिवकुमार सिंह, रामबली सिंह, अतुल गुप्ता, तथा दीपदान संचालन समिति से सभासद एसपी सिंह, अमित सिंह को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समिति के उन तमाम सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने हमेशा से सहयोग देते रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन गोपाल खन्ना व सूरज शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, आरएसएस के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना, राघवेंद्र सिंह, कौशलेंद्र सिंह, विजय रस्तोगी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. अविनाश सिंह, रवींद्र सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, सुधीर दुबे, राजा भदौरिया, रामराज सिंह, जीवी सिंह, रमेश सिंह, अजीत सिंह, हरीशानंद मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, सुभाष भदौरिया, दलजीत कौर, गोविंद सिंह चैहान, मेजर सुनील सिंह, सुनील भदौरिया, गुड्डू सिंह, नरेंद्र प्रधान, परमेंद्र पाल गुलाटी, ओपी यादव एडवोकेट, हनुमत शरण सिंह, डॉ धनंजय सिंह, शिव कुमार सिंह, पवन सिंह, अंकित सिंह, अजीत सिंह बघेल, संतोष साहू, डॉ चंपा श्रीवास्तव, जीसी सिंह चैहान, अतुल गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, प्रभाकर गुप्ता, संदीप जैन, नरेंद्र फौजी, मुकेश श्रीवास्तव, गर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

समिति ने उठाई संरक्षित करने की मांग : राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति रायबरेली ने मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह से जिले के विभिन्न स्मारकों को संरक्षित करने की मांग की। समिति की तरफ से राजघाट पर स्थित पुराने ब्रिज जो कि राजघाट पुल के नाम जाना जाता है इस पुल को बैस राजा ने 1866 में बनवाया था उसको संरक्षित किए जाने की मांग की। सई नदी पर रायबरेली से एम्स जाने वाले मार्ग पर पुराने पुल के पास बने नया पुल तथा सुलतानपुर मार्ग से अभय दाता मंदिर को जाने वाले जर्जर मार्ग के निर्माण की मांग की गई।

समिति ने इन बच्चों को किया सम्मानित

रायबरेली। राना बेनी माधव बक्श सिंह की तरफ से एक सप्ताह में कराई गई विभिन्न प्रतियोगिता के बच्चों को सम्मानित भी किया गया। चित्र प्रतियोगिता के प्ले ग्रुप को में श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल की अरवी को प्रथम, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की शिवि सोनकर को द्वितीय तथा वीणा पाणी इंटर कॉलेज की परी को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। वही कक्षा 1 से 2 के ग्रुप में केंद्रीय विद्यालय की संध्या वर्मा, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की आर्य जायसवाल के अथर्व वर्मा को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 3 से 5 के ग्रुप में बीएसएस की आराध्य यादव को प्रथम, केंद्रीय विद्यालय की सवि सिंह यादव को द्वितीय, विबग्योर पब्लिक स्कूल की महिमा को तृतीय तथा ऑपरेशन सिंदूर ग्रुप में अपनी कला की प्रतिभा का लोहा मनाने वाली सेंट पीटर्स स्कूल की शताक्षी यादव को प्रथम, चिन्मया विद्यालय के आयुष कुमार को द्वितीय स्थान, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की श्रेया को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। डिबेट प्रतियोगिता में शामिल पक्ष से रुद्र प्रताप सिंह को प्रथम, अनुष्का मिश्रा को द्वितीय, अचलेश मिश्रा को तृतीय स्थान तथा विपक्ष से सेजल सिंह को प्रथम, कपूरिका खन्ना को द्वितीय, अलीशा बानो को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

पंचपदीय अधिगम पद्धति स्रोत व्यक्ति कार्यशाला

भेंटुआ/अमेठी। जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश द्वारा आयोजित सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्रामभारती, परितोष, अमेठी में पांच दिवसीय पंचपदीय अधिगम पद्धति स्रोत व्यक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस के उद्घाटन सत्र में अतिथि महानुभावों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के उपरांत वंदना संपन्न हुई। प्रदेश प्रचार प्रमुख संतोष मिश्र के अनुसार भारतीय शिक्षा परिषद के सचिव एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के प्रशिक्षण प्रमुख दिनेश कुमार सिंह का मार्गदर्शन काशी प्रदेश से आए हुए 45 आचार्य, प्रधानाचार्य वन्धुओं को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय एवं प्रांतीय समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अनुग्रह नारायण मिश्र जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश, रोहित चौधरी प्रांतीय सह मंत्री, राम अकबाल द्विवेदी जिला मंत्री सुल्तानपुर, संभाग निरीक्षक वीरेंद्र सिंह एवं शेषमणि तिवारी रहे। अतिथियों का परिचय प्रदेश निरीक्षक राज बहादुर दीक्षित ने कराया। सभी मंचस्थ अधिकारियों का अंग वस्त्र, बैज एवं रोली लगाकर स्वागत किया गया। सचिव दिनेश सिंह ने बताया कि स्रोत व्यक्ति कार्यशाला का तात्पर्य यहां की सभी बातों को विद्यालय स्तर तक ले जाना है। शिक्षा का चार स्तर में विभाजन किया गया है। फाउंडेशन स्तर, प्रारंभिक स्तर , मिडिल स्तर तथा सेकेंडरी स्तर । शिक्षा का कार्य बालक के व्यवहार में परिवर्तन लाना है, बालक के अंतर्गत शक्तियों एवं देवत्व का विकास करना, उसका समग्र एवं सर्वांगीण विकास करना, उसे नर से नारायण बनाना है। विनोबा भावे ने कहा था- छात्र को आचार्य पारायण तथा आचार्य को छात्र पारायण होना चाहिए। और दोनों को ज्ञान प्राण होना चाहिए । जब हमारी शिक्षा आनन्दमयी होगी तभी सुग्राही होगी, और तभी हम राम तथा कृष्ण को उत्पन्न कर पाएंगे। विनोबा जी ने कहा था कि बच्चा 70% समाज से, 20% स्वयं से और 10% आचार्य से सीखता है। बच्चों को उचित वातावरण देना नितांत आवश्यक है। बच्चा ज्ञान अर्जित करता है, उसे ज्ञान दिया नहीं जाता । बच्चों में सीखने की जिज्ञासा उत्पन्न करना और उसमें सीखने का जुनून उत्पन्न करना आचार्य का कार्य है। अधीति, बोध, अभ्यास , प्रयोग और प्रसार पंचपदीय शिक्षण के पांच पद हैं।

संक्षेप

सुलतानपुर की पूजा बनीं पहली महिला नेशनल टेबल टेनिस अंपायर

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के लिए गर्व की बात है कि पूजा यादव ने टेबल टेनिस में नया इतिहास रचते हुए सुलतानपुर की पहली महिला नेशनल अंपायर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वे 7 से 14 सितंबर तक नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंपायरिंग करेंगी। पूजा यादव लंबे समय से राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग कर रही हैं और खुद भी स्टेट व यूनिवर्सिटी स्तर की टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में उत्साह की लहर है। उनकी सफलता पर टेबल टेनिस अध्यक्ष कुमार विनीत, सचिव मोहम्मद सईद, जिला व्यायाम

शिक्षक राहुल तिवारी, शिक्षिका श्रद्धा सिंह, अंतरराष्ट्रीय अंपायर आरिफ नियाज, खेल प्रवक्ता राजेश कनौजिया, नेशनल कोच अनुपम शुक्ला, अभिषेक सिंह, प्रमोद सिंह यादव, मुनेन्द्र मिश्रा सहित कई खिलाड़ियों और खेल संघों ने खुशी जताई और उन्हें शुभकामनाएं दीं। पूजा यादव की यह उपलब्धि जिले की बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

माता श्यामकुमारी देवी की 18वीं पुण्यतिथि पर भव्य कवि सम्मेलन और मुशायरा कल

सुलतानपुर (वीओएल)। स्व. माता श्यामकुमारी देवी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 26 अगस्त को श्यामकुमारी इंटरमीडिएट कॉलेज, पेमापुर जयसिंहपुर में भव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर साहित्य, संस्कृति और काव्य प्रेमियों को एक साथ जोड़ने वाला यह कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम के प्रशासक संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी पुण्यतिथि पर यह आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधायक विनोद सिंह कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि अध्यक्षता विधायक राजप्रसाद उपाध्याय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. वी.के. सिंह (शासकीय अधिवक्ता, उच्च न्यायालय लखनऊ), डॉ. ए.के. सिंह (सर्जन), और संत बक्श सिंह चुन्नू (उपाध्यक्ष, काशी प्रांत) उपस्थित रहेंगे। काव्य पाठ करने वाले प्रमुख कवियों में श्रद्धा मौर्य (नागपुर), समीक्षा सिंह (काशगंज), एलेश अवस्थी (आगरा), प्रीति पांडेय (प्रतापगढ़), डॉ. प्रशांत मिश्रा (आजमगढ़), बिहारी लाल अंबर इलाहाबादी और श्रवण सुल्तानपुरी शामिल हैं। यह आयोजन न केवल स्व. श्यामकुमारी देवी को श्रद्धांजलि है, बल्कि साहित्यिक समरसता का भी अनुपम उदाहरण होगा।

राणा बेनीमाधव बख्श की प्रतिमा पर लोगों ने पुष्पांजलि कर उन्हें अर्पित किये श्रद्धा सुमन

लालगंज रायबरेली। राणा बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति लालगंज के द्वारा उनकी जन्म जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष पवन सिंह , डा हरिनाम सिंह, पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह , समिति के पदाधिकारी अनंत विजय सिंह और आशीष प्रताप सिंह सेंगर , रामप्रताप सिंह , राजेश सिंह फौजी, सुरेश सिंह आचार्य , डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर निरंजन राय और पूर्व प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह , नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता और कांग्रेस के जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि राणा बेनी माधव बख्श सिंह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी वीरता और त्याग को आज भी याद किया जाता है। उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में किए गए योगदान से ही भारत को स्वतंत्र कराने की नीव पड़ी थी। उनकी वीरता के किस्से आज भी लोगों को राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित करतेहैं ।कार्यक्रम का संचालन अवनेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने अमर शहीद राणा बेनी माधव को पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर डॉ हरिनाम सिंह और डॉक्टर बैजनाथ सिंह का नागरिकअभिनंदन भी किया गया ।इस मौके पर डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह , राजद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व विधायक अशोक सिंह, भाजपा नेता अनूप पांडे, विजय प्रताप सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, डॉक्टर विनय भदोरिया , कुंवर ब्रह्म प्रकाश सिंह , रमेश सिंह किसान नेता, राजेश सिंह प्रधान, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा , मृत्युंजय बाजपेई , दिनेश गुप्ता , बीएमपीएस के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह , भाजपा नेता बच्चा पांडे आदि । मौजूद रहे।

खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, एफआईआर की दी चेतावनी

सुलतानपुर (वीओएल)। जनपद में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन हाई अलर्ट पर है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर एडीएम (एफआर) एस. सुधाकरण और जिला कृषि अधिकारी सदानंद चैधरी ने रविवार को पयागीपुर चैराहा स्थित पीसीएफ गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर का मिलान कर खाद की सप्लाई और उपलब्धता का पूरा लेखा-जोखा देखा। उन्होंने यह भी परखा कि पीसीएफ गोदाम पर आई खाद की रेकों को संबंधित सहकारी समितियों तक ट्रैक्टरों के माध्यम से सही तरीके से पहुँचाया जा रहा है या नहीं। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी सदानंद चैधरी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार या सहकारी समिति का सचिव यूरिया खाद की कालाबाजारी करता पाया गया तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्रवाई ऐसी होगी कि नजीर बनेगी और भविष्य में कोई भी खाद की कालाबाजारी करने का दुस्साहस नहीं करेगा।

स्कूल की पानी की टंकी से मिला सुरक्षा गार्ड का शव

मऊ। जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के मैरासोफीपुर स्थित एक निजी स्कूल में पांच फुट गहरी पानी की टंकी से एक सुरक्षा गार्ड का शव मिला। पुलिस के अनुसार, चंद्रा शंकर पब्लिक स्कूल में कार्यरत शैलेश शर्मा (26) का शव रविवार को टंकी से अर्धनग्न अवस्था में मिला। स्कूल प्रबंधक सचिंद्र कुमार यादव ने कहा कि शर्मा ने 22 तारीख को छुट्टी ली थी, पैसे मांगे थे, जो मैंने उसे दे दिए। उसके बाद वह घर चला गया, मुझे नहीं पता कि वह स्कूल कैसे आया। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि स्कूल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाएगी और प्रबंधन से पूछताछ की जाएगी। जांच जारी है। शैलेश शर्मा के पिता दामोदर शर्मा का कहना है कि उनका बेटा शनिवार शाम छह बजे घर से निकला था और इसके बाद उसकी लाश स्कूल की टंकी में होने की जानकारी मिली ।शैलेश को जुए की लत थी और अक्सर पैसों की तंगी रहती थी। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

शाहजहांपुर में नकलर खाद कारखाने का भंडाफोड़

शाहजहांपुर । अधिकारियों की एक टीम ने यहां एक नकली उर्वरक कारखाने का भंडाफोड़ किया और उसे सील कर मौके से नकली उर्वरक, कच्चा माल और ब्रांडेड पैकेजिंग की बड़ी मात्रा बरामद की गई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर शर्मा ने बताया कि शनिवार शाम को रोजा थाना क्षेत्र के लोधीपुर के पास एक गोदाम में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान हमने बड़ी मात्रा में नकली यूरिया और जिंक जब्त किया। हमें 639 बैग नकली डीएपी उर्वरक, 453 बैग जैविक खाद और पैकेजिंग सामग्री भी मिली। शर्मा ने कहा कि नकली उर्वरक किसानों की उपज और मिट्टी की उर्वरता के लिए खतरा हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और नकली उर्वरक बेचने में लिप्त दुकानों और डीलर की पहचान के लिए जांच जारी है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कर्बला की घटना से मिली प्रेरणा, महात्मा गांधी ने भी माना योगदान : मौलाना हसनैन

सुलतानपुर (वीओएल)। शहर के खैराबाद में रविवार को इमाम हसन की शहादत की याद में इमामबाड़ा बेगम हुसैन अकबर से जुलूस-ए पचासा का आयोजन किया गया। जिसकी मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी ने सम्बोधित किया। वही मीडिया से बात करते हुए मौलाना ने कहा कर्बला की घटना में इमाम हुसैन ने यजीद जैसे अत्याचारी शासक के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने समाज से बुराइयों को खत्म करने और अमन-शांति स्थापित करने का संदेश दिया। यह अजादारी दरअसल एकता और भाईचारे का प्रतीक है। महात्मा गांधी ने भी कर्बला की घटना से प्रेरणा ली। उन्होंने कहा था कि कर्बला की घटना और हुसैन के बलिदान ने भारत की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अगर कर्बला के संदेश को सही तरह से समझा जाए, तो समाज से बुराइयों को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि नफरत से सभी को नुकसान होता है। समाज में अज्ञान एक बड़ी बुराई है। इसे दूर करने के लिए प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाना जरूरी है। इमाम हुसैन का संदेश भी यही था। अजादारी के माध्यम से यही संदेश आज भी दिया जा रहा है। जुलूस का संचालन अर्शी मौलाई द्वारा किया जाएगा। जुलूस के दौरान अन्नू चैराहे पर मौलाना डॉ शब्बीर अली वारसी कोलकाता तकरीर किया। जुलूस में अंजुमन जीनतुल अजा आलमपुर बाराबंकी, अंजुमन नकविया ऊंचाहार रायबरेली, अंजुमन हुसैनिया लोरपुर अम्बेडकर नगर नौहा मातम किया।

मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित पांच अधिकारियों पर एक्शन

- कमिश्नर ने जारी किया एक दिन का वेतन रोकने का आदेश
- विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को भेजा पत्र

विशेष संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में रविवार को गोरखपुर के एनेक्सी भवन में हुई विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित पांच अधिकारियों के खिलाफ मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने कड़ा एक्शन लिया है। मंडलायुक्त ने इन अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। साथ ही इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा है। सीएम योगी की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित जिन अधिकारियों के खिलाफ मंडलायुक्त ने कार्रवाई की है उनमें सीएंडडीएस यूनिट 14, 19 और 42 (तीनों यूनिट) के परियोजना प्रबंधकगण, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ (यूपीआरएनएसएस)-प्रथम के अधिशासी अभियंता और बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य शामिल हैं। समीक्षा बैठक और मुख्यमंत्री के जाने के बाद मंडलायुक्त ने अनुपस्थित अफसरों के खिलाफ एक दिन का वेतन रोकने का आदेश जारी किया। इन अफसरों के खिलाफ शासन को भी पत्र लिखा है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से घायल हुए यातायात पुलिसकर्मी की इलाज के दौरान मौत

गाजियाबाद । गाजियाबाद जिले में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से घायल हुए यातायात पुलिस के 34 वर्षीय सिपाही की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। अपर उपायुक्त (यातायात) सच्चिदानंद ने बताया कि शनिवार को एक तेज रफ्तार कार की जोरदार टक्कर से गम्भीर रूप से घायल विपिन कुमार को पास के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शनिवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर वीआईपी आवागमन के दौरान यातायात के भारी दबाव को देखते हुए कुमार को उस स्थान पर तैनात किया गया था, तभी इस तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कुमार कई फुट उछल कर जमीन पर गिरे थे। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। सच्चिदानंद ने बताया कि पुलिस ने कार चालक विनीत उर्फ बिन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। बिन्नी गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थाने का हिस्ट्रीशीटर है। कार में उसका दोस्त सुमित भी सवार था। कार को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय चालक नशे में था और पूछताछ के दौरान उसने कुबूल किया है कि वह 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहा था और सड़क किनारे खड़े पुलिसकर्मी को देख नहीं पाया। सच्चिदानंद ने बताया कि विपिन कुमार के भाई अक्षय कुमार ने शनिवार को विजय नगर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी और विपिन कुमार की मौत के बाद आज प्राथमिकी में हत्या की धारा जोड़ दी गई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में विपिन कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद उनके शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

सीएमओ ने आरोग्य मेले का किया निरीक्षण

अमेठी । रविवार को जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य मंत्री जन आरोग्य मेला पी एच सी भटगवा का निरीक्षण किया जहां पर108 मरीज देखे जा चुके थे 26 लोगो की जांच हुई थी सभी चिकित्सक फार्मासिस्ट वार्ड बॉय आशा सभी उपस्थित थे आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद रावत नही मिले पता चला तीन दिन भटगवा और तीन दिन सेमरौता जाते है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने बताया कि आरोग्य मेले से सभी ग्रामीण क्षेत्र के मरीज को लाभ मिल रहा है वर्तमान समय में खांसी बुखार जुकाम की शिकायत से काफी लोग परेशान हैं लिहाजा आरोग्य मेले में सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध होने के चलते उन्हें स्थानीय स्तर पर लाभ मिल रहा है आरोग्य मेले में ज्यादा से ज्यादा मरीज जाकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में निरीक्षण कर ज्यादा से ज्यादा सेंटरों पर बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास लगातार जारी है ।

कांग्रेस सांसद ने सुनी लोगों की समस्या

अमेठी। सांसद के०एल० शर्मा ने अपने दो दिवसीय क्षेत्रीय दौरे के प्रथम दिन रविवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में 9 बजे से 10:30 बजे तक जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया। सांसद ने क्षेत्र की प्रगति के लिए सतत प्रयास करने का संकल्प दोहराया और आमजन को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव उपलब्ध रहेंगे। तत्पश्चात शर्मा विधानसभा सलोन के छतोह, डीह, सलोन के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए, सांसद कार्यक्रम के तहत 25 अगस्त 2025का कार्यक्रम निम्नवत है। सांसद केएल शर्मा ने अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय भ्रमण के दूसरे दिन विधानसभा जगदीशपुर वं बाजारशुकुल ब्लाक क्षेत्र का दौरा करेंगे । सोमवार सुबह 9 बजे से 10:30 तक कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज में किसानों, युवाओं, कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं और संगठन की मजबूती पर चर्चा करेंगे। इसके पश्चात 10:35 बजे गौरीगंज से निकलकर रामपुर लोकराय, मुसाफिरखाना स्थित मानस फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ हरिहरनाथ त्रिपाठी के संयोजन में 11:बजे किया जायेगा। जनसंपर्क के क्रम में श्री शर्मा का



11:30 बजे वारिसगंज में मेराज अहमद व सोएब के नेतृत्व में जनसंपर्क एवं भेंट मुलाकात । 12:30 बजे रानीगंज में श्री मो० अकमल खान एवं सलाउद्दीन एडवोकेट, 13 बजे देवकली में सुक्खू सिंह तथा 13:30 बजे हसनपुर में श्री राजकुमार पासी द्वारा भेंट-मुलाकात एवं जनसम्पर्क । इसके बाद 14 बजे मगरौली में मजहार खान, 14:30 बजे सत्थिन चौराहा में मो० अमान, 15 बजे मखदूमपुर कलां में मुस्तकीम और 15:30 बजे किशनी में नूर अहमद की अगुवाई में जनसंपर्क । दोपहर से शाम तक का कार्यक्रम जनसंपर्क, सामाजिक संगठनों व जनमानस से भेंट मुलाकात। 16 बजे जैनबगंज बाजार में हामिद, 16:30 बजे बाजारशुकुल में श्री आशीष गिरि तथा 17 बजे ऊचगांव में असद बाबू और कांग्रेस कार्यकर्त्ता के साथ भेंट मुलाकात जनपद के महोना (ब्लाक-बाजारशुकुल) में धर्मराज बहेलिया व लोगों से भेंट मुलाकात व स्वागत कार्यक्रम समापन के बाद सांसद सड़क मार्ग से लखनऊ रवाना होंगे।

उधर रायबरेली संवाद सूत्र के अनुसार रविवार को अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने छतोह ब्लॉक के संडहा , अद्दूमऊ , कुढा , परैयानमकसार, नसीराबाद , धरई का दौरा कर ग्रामीणों और नगरवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया ।छतोह ब्लॉक के कुढा गांव में सांसद ने कहा कि संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक न होने से विकास कार्य नही हो रहे हैं। अब तक जितना विकास हुआ है वह स्वर्गीय राजीव गांधी की देन है। सांसद ने कहा कि उनकी सांसद निधि मे पांच करोड़ रुपये है, जिसे 17 ब्लॉकों में खर्च करना पड़ता है। ग्रामीणों की समस्याओं पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने बाबा पलटूदास व वारिश शाह की मजार तक जाने वाली सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। संडहा गांव में मार्ग निर्माण की मांग पर उन्होंने तत्काल सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की बात कही। पेयजल संकट पर जल निगम के एक्सियन से बात कर समस्या समाधान के निर्देश दिए।

संक्षेप

सम्मेलन में इफको नैनो उर्वरकों के लाभ बताये

मथुरा। आर्य विलास होटल में जिला सहकारी सम्मेलन का आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि आदित्य कुमार दुबे संयुक्त आयुक्त व संयुक्त निबंधक सहकारिता आगरा मंडल, आगरा एवं विशिष्ट अतिथि बसंत कुमार दुबे उप कृषि निदेशक जनपद मथुरा ने कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अतिरिक्त विवेक कुमार कौशल सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक सहकारिता, आवेश कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी, डॉ योगेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र दुआसू, दमन लाल शर्मा सचिव महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक मथुरा, तरुणेव यादव आरएम पीसीएफ आगरा मंडल आगरा, डॉ. प्रहलाद सिंह वरिष्ठ प्रबंधक, इफको आगरा मंडल आगरा, एस. के सिंह पूर्व डीजीएम इफको आगरा, सतीश चंद्र यादव जिला प्रबंधक एवं सहकारिता विभाग के समस्त एडीसीओ एडीओ की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन सतवीर सिंह उप क्षेत्र प्रबंधक इफको मथुरा द्वारा किया गया। डॉ.प्रहलाद सिंह वरिष्ठ प्रबंधक इफको आगरा द्वारा नैनो उर्वरकों के लाभ बताए तथा पारंपरिक यूरिया से होने वाले नुकसान के बारे विस्तार से जानकारी दी। आवेश कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी ने जनपद मथुरा में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण के बारे में जानकारी से अवगत कराया।

यमुना में कूदे अधेड़ को पीआरवी ने बचाया

मथुरा। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र में बीतीरात मौत सामने देख घबराए आत्महत्या करने वाले अधेड़ ने खंबा पकड़ लिया और चिल्लाने लगा। जिसकी जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और साहसी पुलिसटीम ने उसे सुरक्षित निकाल लिया। जिसकी क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है। वृंदावन थाना क्षेत्र के पानीगांव तिराहा के पास आधी रात कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति यमुना नदी में डूबने की स्थिति में है। सूचना देने वाले भूरा सिंह ने बताया कि एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति नदी के बीच खंभे को पकड़कर मदद के लिए चिल्ला रहा है। सूचना मिलते ही पीआरवी 7597 तुरंत मौके पर पहुंची। पानी का बहाव तेज था और व्यक्ति की पकड़ कमजोर होती जा रही थी। पीआरवी टीम में मौजूद कांस्टेबल विशाल तोमर और चालक नरेश कुमार ने बिना देर किए रस्सी के सहारे नदी में उतरकर लगभग 50-60 मीटर अंदर फंसे व्यक्ति को बाहर निकाल लिया।

दो शातिर गिरफ्तार 11 बाइकें बरामद

मथुरा। वृंदावन पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को चैकिंग के दौरान पकड़ा है, उनके कब्जे से 11 मोटर साइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की है। कोतवाली वृंदावन प्रभारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर की सूचनानुसार हमारी पुलिस टीम वृंदा वुड्स कट थाना वृन्दावन में चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो शातिर आते नजर आए। पुलिस ने उन्हें रोका तो वह भागने लगे पुलिस ने घेराबंदी करते हुए हर्षित पुत्र रमेश, अमित पुत्र चंद्रशेखर निवासीगण नौगांव छाता को पकड़ लिया। उनके पास चोरी की मोटरसाइकिल निकली, पुलिस ने उनसे कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों की निशानदेही पर 10 और चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुई। दोनों आरोपितों के खिलाफ आधा आधा दर्जन मुकद्में छाता, जैंत सहित अन्य थानों में दर्ज है।

गणेशरा-बाकलपुर मार्ग हुआ जर्जर, लोगों ने जताया विरोध

मथुरा। गणेशरा-बाकलपुर का मुख्य मार्ग, जो गोवर्धन रोड (श्रीजी बाबा के सामने) से जुड़ा हुआ है, वर्तमान में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। यह मार्ग आसपास के अनेक गाँवों को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन लगभग 10,000 से अधिक लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। इसी मार्ग पर 4-5 विद्यालय भी स्थित हैं, जिनमें हजारों विद्यार्थी प्रतिदिन आते-जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क का कोई भी 10 मीटर का हिस्सा सुरक्षित नहीं बचा है। बरसात से पहले गड्ढा-मुक्त सड़क का कार्य न होने तथा जलभराव की समस्या के कारण स्थिति और भी विकट हो गई है। सड़क अब पूर्णतया अनुपयोगी हो चुकी है, जिससे आमजन एवं स्कूली बच्चों को भारी असुविधा और जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन शीघ्र ध्यान नहीं देता तो किसी भी दिन कोई अप्रिय दुर्घटना घट सकती है। यह सड़क नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बीच शहर में स्थिति है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय निवासियों ने सड़क पर बने गड्ढों में खड़े होकर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने प्रशासन से अविलंब संज्ञान लेकर सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की। इस मौके पर दीपक कुमार शर्मा, रमेश चंद, नीरज कुमार शर्मा, पुष्पेंद्र पचैरी, कृष्णा शर्मा, आकाश कुमार शर्मा, बृजमोहन दुबे, शिवराम ठाकुर, रामप्रकाश शर्मा, देवा गुर्जर, पवन शर्मा, जयंती शर्मा, लोकेश, गगन, विजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। निवासियों ने प्रशासन से अपील की कि सड़क के नवीनीकरण व पुनर्निर्माण का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

पुलिस की कबाड़ी की दुकान पर छापामारी चोरी की बाइक, भारी मात्रा में पार्ट्स बरामद

मथुरा। कोसीकलां पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिलों का कारोबार करने वाले एक आरोपी को कबाड में मोटरसाईकिल काटते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से अधकटी मोटरसाइकिल समेत भारी मात्रा में पार्ट्स और उपकरण बरामद किए हैं। बीतीरात मुखबिर की सूचना पर कोसी पुलिस ने नकासा चैराहा पशु पैंठ के सामने स्थित एक कबाड़े के गोदाम पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी नदीम पुत्र नईम निवासी करीमुल्लागंज राठौर नगर को चोरी की मोटरसाइकिल काटते समय पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से मोटर साइकिल अधकटी मय एक पहिया, 11 साइलेन्सर, 3 बाइक टंकी, 6 रिम, 19 शौकर रोड,4 सोकर, 3 गद्दी, 3 नम्बर प्लेट, 10 चैन सेट, 50 इंजन गरारी, 10 गियर गरारी, 10 हैड, 3 चैम्बर, 1 चैचिस 10 क्रैन्क,7 हैण्डल, 20 कारवेटर, 1 गिलेण्डर, 07 सिलेण्डर किट व अन्य बाइक के नट बोल्ट व मोटर साइकिलों के पार्ट्स बेचने से प्राप्त 1520/- रुपए बरामद हुए।

रामलीला कमेटी हर वर्ष हुए चंदे का हिसाब नहीं करती सार्वजनिक

जिला संवाददाता (vol)

टूंडला। नगर में आयोजित होने वाली रामलीला की हर वर्ष एक नई कमेटी गठित होती है, जिसका हर वर्ष नया अध्यक्ष ऐर फेर करके पुरानी कमेटी के ही पदाधिकारी बारी बारी बनते रहते है। कमेटी द्वारा नगर में रामलीला मंचन और रामबारात निकालने को नगर में दुकानदारो व नगर के लोगों से चंदा इकट्ठा किया जाता है, जो लाखों रुपए प्रत्येक वर्ष इक्कठे होते हैं, हर साल फिर कमेटी बनती है, और फिर लाखों रुपए का चंदा इकट्ठा होता है, मगर अभी तक किसी भी कमेटी ने इस चंदे के आय व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया। नगर में नई रामलीला गठित होने पर जगह जगह इस बात की जोर शोर से खूब चर्चा हो रही है, नगर के लोगों का कहना है कि रामलीला कमेटी में हर बार घुमा फिराकर बारी बारी वही पुराने कमेटी के पदाधिकारी आपस में तय करके कमेटी गठित कर लेते हैं, और हर बार पूरे नगर से जो चंदा वसूली होती है, उसका कोई भी हिसाब सार्वजनिक नहीं किया जाता, जिससे कहीं न कहीं इसमें सार्वजनिक चंदे के घोटाले की आशंका है, अगर हर वर्ष नई कमेटी गठित होती है तो पहले उस कमेटी की बैठक कर पुराने चंदे का हिसाब नगर के लोगों के बीच सार्वजनिक करना चाहिए।

● लाखों के चंदे में घोटाले की आशंका की नगर में हो रही चर्चा

अभी हाल ही में नगर की एक दुर्गा पूजा कमेटी मां शारदे सेवा समिति दुर्गा पूजा कमेटी ने अपनी नई कमेटी गठित की, उससे पूर्व सार्वजनिक जगह पर नगर के लोगों और मीडिया के सामने पुराना पूरा आय व्यय का लेखा जोखा सबके सामने रखा उसके बाद नई कमेटी का गठन किया गया, इसी तरह रामलीला कमेटी चंदे का हिसाब सार्वजनिक करे जिससे नगर के लोगों को भी जानकारी हो,पर रामलीला कमेटी ऐसा नहीं करती क्यों कि इसमें एक बहुत बड़ी चंदे की रकम का बंदरबांट हर वर्ष होता है। नगरवासियों ने रामलीला कमेटी से पुराने चंदे के आय व्यय का लेखा जोखा सार्वजनिक करने की मांग की है। रामलीला कमेटी के नवमनोनीत अध्यक्ष बबलू परमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि हर वर्ष नई कमेटी बनने पर आय व्यय का लेखा जोखा कमेटी को ही दिया जाता है, और हिसाब किताब कमेटी ही रखती है।

परिवार परामर्श केंद्र ने सात परिवारों को फिर से मिलाया

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा सात परिवारों का आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए परिवारों की खुशियाँ लौटाई गई। रविवार को पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र दीदी प्रोजक्ट के अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा सात घरेलू मामलों में आपसी सुलहनामा कराते हुए समझौता कराया गया, इन परिवारों के आपसी चल रहे घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए सकुशल घर रवाना किया गया। सभी पक्षों के द्वारा फिरोजाबाद पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा कर धन्यवाद व्यक्त किया गया।

खेतों में घुसा यमुना का पानी, लोग बोले- 150 खेतों की फसल हुई खराब,सरकार दे मुआवजा

आगरा। पहाड़ी इलाकों के अलावा मैदानी इलाकों में भी जमकर बारिश हो रही है। जिससे यमुना नदी उफान पर है। इससे आगरा के भी कई क्षेत्र प्रभावित है। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर नगला तल्फी गांव के खेतों में पानी भर गया है। इससे यमुना किनारे लगभग 200 खेतों में यमुना का पानी जा घुसा है। इससे खेतों में खड़ी घीया, लौकी, बाजरा और पशुओं को खिलाने वाली फसल खराब हो गई है। इससे किसानों की मेहनत पर तो पानी फिरा ही है। इसके अलावा किसानों का लाखों का नुकसान भी हो गया है। लोगों के अनुसार अभी तक किसी अधिकारी ने कोई निरीक्षण नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग की है। गांव के विष्णु ने बताया- यमुना का जलस्तर अब घट रहा है। कल तक खेतों में और खेत पर जाने वाले रातों में यमुना का पानी भर हुआ था। यमुना किनारे रखी पानी की पंप भी डूब गई थी। इससे गांव के लोगों का लाखों का नुकसान हो गया है। किसानों की फसल बर्बाद हो गयी है। यमुना किनारे लगभग 200 खेत प्रभावित हुए है। खेतों में खड़ी फसल नष्ट हो गयी है। पशुओं के लिए चारा बहार से से लाना पड़ रहा है। संदीप ने बताया-गांव से खेतों की ओर जाने वाले रास्ते पर यमुना का पानी भर गया था। जिससे अब रास्ता खराब हो गया है। आगे ओर भी खेत है। जहां पानी भर गया है। गांव के किसानों की फसल खराब हो चुकी है। कुछ लोग जिला अधिकारी से भी बात करने गए है। जिससे गांव के लोगों को मुआवजा मिल जाए।

एमबीबीएस में प्रवेश के लिए छात्रा का फर्जीवाड़ा

आगरा। नीट में कम नंबर आने के बाद एक छात्रा ने प्रवेश पाने के लिए फर्जीवाड़ा कर डाला। छात्रा अनुसूचित जाति की है मगर उसने स्वयं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दिवंगगत सरोज रानी गौरिहार की पोती बताकर फर्जी आश्रित प्रमाणपत्र बनवा लिया। फिरोजाबाद के मेडिकल कालेज से सत्यापन कराया गया तो डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी के दस्तखत फर्जी होने का खुलासा हुआ। अब इस मामले में कलक्ट्रेट के कर्मचारी नरेंद्र कुमार भारद्वाज ने छात्रा के खिलाफ थाना नाई की मंडी में केस दर्ज कराया है। फिरोजाबाद के दौलतपुर, जलेसर रोड स्थित राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आगरा के जगदीशपुरा स्थित प्रभु टॉकीज के पास रहने वाली साखी बिसवास की नीट यूजी में ऑल इंडिया 7,58,778 वीं रैंक आई थी। ऑनलाइन काउंसिलिंग में साखी ने खुद का एससी वर्ग का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। इसके साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दिवंगत रानी सरोज गौरिहार की पोती बताकर आश्रित प्रमाणपत्र भी लगाया था। दस्तावेजों के आधार पर चिकित्सा महाविद्यालय में साखी बिसवास को एमबीबीएस की सीट मिल गई। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश समिति के सदस्यों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाणपत्र गड़बड़ लगा। इसकी प्राचार्य डॉ. योगेश गोयल से शिकायत की गई। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राचार्य ने डीएम आगरा को पत्र लिखकर प्रमाणपत्र की जांच का आग्रह किया। प्रमाणपत्र का सत्यापन होने पर जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी के हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

यादव महासभा का योगी सरकार को अल्टीमेटम

आगरा। ट्रांस यमुना थाने में महिला सरजू यादव के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट और छेड़छाड़ के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार को यादव महासभा के पदाधिकारी पीड़ित महिला के साथ डीसीपी सिटी से मिले और दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो पहले थाने का घेराव किया जाएगा और उसके बाद लखनऊ में विधानसभा का। कालिंदी विहार निवासी सरजू यादव के घर में लाखों की चोरी हुई थी। पुलिस ने बिना बताए ही मुकदमा खत्म कर दिया। जब महिला जानकारी लेने थाने पहुंची तो नये थानाध्यक्ष रोहित गुर्जर से मुलाकात हुई। उसी दौरान निलंबित दरोगा भी आ गया, जो विवेचना अधिकारी रह चुका था। आरोप है कि उसने महिला को ह्यबदतमीजह्न कहा और विरोध करने पर थानाध्यक्ष ने भी दरोगा का साथ दिया। इसके बाद महिला को बंद कमरे में ले जाकर पीटा गया, उससे छेड़छाड़ की गई और महिला पुलिसकर्मियों से पिटवाया गया। सरजू यादव का कहना है कि उनके आंख के पास चोट आई है। उन्हें घूसे मारे गए। उन्होंने पुलिस उपायुक्त से कि वह अपराधी नहीं हैं, फिर भी उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया। उसे थाने से यही बताया जा रहा था कि चोरी के मामले में जांच चल रही है जबकि असलियत में केस में एफआर लगाई जा चुकी थी। मारपीट के बाद पीड़ित महिला का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह न्याय न मिलने पर आत्महत्या की धमकी देती नजर आई। इसके बाद मामला गर्मा गया और यादव महासभा महिला के समर्थन में आ गई। शनिवार को जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार यादव व पदाधिकारी महिला को लेकर डीसीपी से मिले। डीसीपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महासभा के नेताओं का कहना है यदि जल्द कार्रवाई न हुई तो राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पहले थाने का घेराव होगा और फिर विधानसभा का।

● थाने में महिला से मारपीट पर कार्रवाई न हुई तो विधानसभा घेरेंगे

आर्मी के जवान ने एटीएम से ठगी करने वाले एक आरोपी को दबोचा

शिकोहाबाद। मैनपुरी रोड़ स्थित पंजाब बैंक के एटीएम से धन निकासी को आए एक आर्मी के जवान को एटीएम से फ्रॉड करने वालों ने ठगने का प्रयास किया लेकिन आर्मी के जवान की सजगता से एक बदमाश को दबोच लिया जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। भीड़ ने आरोपी को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी की तलाशी में पीड़ित के द्वारा निकाले गए हजारों रुपए की नगदी बरामद हुई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को जेल भेज दिया।

आर्मी के जवान राजीव कुमार निवासी मोहल्ला वंशीनगर रविवार को मैनपुरी चौराहा के पास स्थित पंजाब बैंक के एटीएम से धन निकासी को आए थे। जब आर्मी के जवान ने धन को निकालने के लिए एटीएम कार्ड डाला। मशीन चालू होने के बाद रुपए मशीन से बाहर नहीं आए तो उन्होंने एक बार फिर प्रयास किया लेकिन दूसरे प्रयास में भी सफलता नही मिली तो उन्हें शक हो गया। शक होने के बाद वह बाहर आ गए। उन्होंने ठगी करने वाले का इंतजार करने लगे। इसी दौरान एक युवक अंदर आकर एटीएम में हाथ डालकर प्लेट निकाली और रुपए जेब में रखकर जाने लगा इसी दौरान फौजी ने आरोपी को दबोच लिया। उसने शोर मचाया तो भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई कर पुलिस को सौप दिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी सूरज प्रकाश ने बताया कि वह अखिलेश निवासी सैलई की पुलिया थाना रामगढ किराये के मकान के साथ मिलकर ऐसी घटना को अंजाम देता है। उसने अपने साथी के साथ मिलकर रविवार को मैनपुरी चौराहा पर पंजाब बैंक के एटीएम में काले रंग की प्लास्टिक की प्लेट लगा दी। एटीएम में प्लेट लगने के बाद एटीएम से रुपए एटीएम से बाहर आना बंद कर देते हैं। जबकि कार्ड धारक के रुपए खाते से कट जाते हैं। जब एटीएम कार्ड धारक रुपए की निकासी न होने पर कुछ खराबी समझकर चला जाता है तब आरोपी काली प्लेट निकालकर निकासी हुई धनराशि को लेकर फरार हो जाते हैं। वह तो गनीमत रही कि फौजी की सजगता से वह ठगी होने का शिकार होने से बच गया अन्यथा ठगों ने तो पूरा जाल बिछा दिया था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम सूरज प्रकाश पुत्र शौकीलाल निवासी चौरंगाहार थाना बाह जिला आगरा बताया।

प्रेमानंद पर रामभद्राचार्य की टिप्पणी से संत नाराज

● रामभद्राचार्य को ज्ञान का अहंकार हो गया है: दिनेश फलाहारी

मथुरा। वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज को लेकरजगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा दिए बयान पर वृंदावन के संतों सहित हिंदू नेता दिनेश फलाहारी ने कड़ी आपत्ति जताई है। दिनेश फलाहारी ने कहा रामभद्राचार्य को अपने ज्ञान का अहंकार हो गया है। इतना तो रावण को भी नहीं था। प्रेमानंद महाराज जैसे दिव्य संत के बारे में ऐसी टिपण्णी करने बहुत निंदनीय है।

दरअसल चित्रकूट के संत जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में प्रेमानंद महाराज को न तो विद्वान माना और न ही चमत्कारी। बल्कि उन्होंने प्रेमानंद महाराज को खुली चुनौती देते हुए कहा- कि अगर प्रेमानंद में चमत्कार है, तो वे उनके सामने एक अक्षर संस्कृत का बोलकर दिखाएं या उनके द्वारा कहे गए किसी भी श्लोक का अर्थ समझाएं। रामभद्राचार्य ने यह भी कहा कि प्रेमानंद महाराज की लोकप्रियता क्षणभंगुर है। प्रेमानंद बालक के समान हैं। मेरा किसी से कोई द्वेष नहीं है। रामभद्राचार्य के इस बयान के बाद श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में याचिकाकर्ता और हिंदू नेता दिनेश फलाहारी ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा- रामभद्राचार्य को अपने ज्ञान का अहंकार हो गया है। इतना अहंकार तो रावण को भी नहीं था। कि प्रेमानंद महाराज जैसे दिव्य संत के बारे में ऐसी टिपण्णी करें। अरे प्रेमानंद जी ने तो करोड़ों सनातनी हिंदूओं को सनातन धर्म से जोड़ा है। अपने नाम पर वह कुछ संपत्ति नहीं खरीदते और वो वैसे भी किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं। वो राधा नाम में ऐसे खो जाते हैं कि अपनी बीमारी को भी भूल जाते हैं। सभी लोगों को अच्छी शिक्षा देते हैं। उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि पाखंडी को हम नहीं मानते। यदि कोई बीमार है तो डॉक्टर के पास जाए। फलाहारी ने आगे कहा- इस बात को प्रेमानंद महाराज ने ऑन रिकॉर्ड कहा है। ऐसा शब्द वही कह सकता है जो एक सच्चा संत होता है। ऐसे सच्चे संत की बुराई करना बहुत ही निंदनीय है। सभी संत समाज इनका घोर विरोध करेंगे।

शिक्षा मित्र के मानदेय का भुगतान आज न होने से करेंगी भूख हड़ताल

मथुरा। विकास खण्ड फरह के प्राथमिक विद्यालय गढ़ी रामबल में तैनात शिक्षा मित्र नीतू सिंह पिछले 11 महीने से मानदेय के लिए भटक रही है मानदेय न मिलने के कारण उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है घर मे खाने, दवाई तक के पैसे नही बचे हैं लोगों ने उधार तक देना बंद कर दिया है। अपने मानदेय के लिए पिछले 11 महीनों से अधिकारियों के चक्कर लगा कर थक चुकी है आखिर परेशान होकर नीतू सिंह ने 11 अगस्त को बीएसए मथुरा को पत्र देकर कहा था कि अगर उसके मानदेय का भुगतान 24 अगस्त तक नही होता है तो वह मजबूर होकर अपने मानदेय के भुगतान के लिए 25 अगस्त से बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल पर बैठ जाएगी। लेकिन इसके बाद भी ठै। मथुरा या किसी अधिकारी का दिल नहीं पसीजा और उसके मानदेय का भुगतान नही किया गया और न किसी अधिकारी द्वारा उन्हें कोई ठोस आश्वासन दिया गया। अब मजबूर होकर 25 अगस्त सोमवार सुबह 10 बजे से वह अपने मानदेय के लिए धरना प्रदर्शन ,भूख हड़ताल पर बैठेगी।

संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी ने कहा इससे पता चलता है कि अधिकारियों की शिक्षा मित्रों के प्रति कितनी गलत सोच है वह जानबूझकर शिक्षा मित्रों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं जिसे संघठन और जनपद के शिक्षा मित्र बिल्कुल बर्दास्त नहीं करेंगे। इसलिए संघठन जनपद के समस्त शिक्षा मित्रों को साथ लेकर नीतू सिंह के धरने में शामिल होकर उसकी इस लड़ाई में साथ रहेगा और हर हाल में नीतू सिंह को मानदेय का भुगतान करा कर ही रहेगा।

धड़ल्ले से चल रहा सट्टा कारोबार पर्ची लिखते वीडियो वायरल

शिकोहाबाद। सट्टा का अवैध कारोबार शिकोहाबाद नगर में खूब दिखाई देने लगा है। सट्टे की पर्ची लिखने का एक वीडियो कुछ दिनो से सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इधर प्रशासनिक ढिलाई के चलते सट्टे के कारोबार में लिप्त सटोरिए इसका फायदा उठाकर अपने इस अवैध कारोबार में चार चांद लगा रहे हैं। दिल्ली के सट्टे का काम फिर से जोर पकड़ने लगा है। कई बस्तियों में ये अवैध कार्य खुलेआम चल रहा है। वायरल हो रही वीडियो नगर के मोहल्ला गढ़ैया स्थित एक घर की बताई जा रही है, जिसमें साफ दिख रहा है कि कारोबार से जुड़े लोग कितने बेखौफ हैं। कुछ वर्ष पहले नगर के सट्टाकिंग कहे जाने वाले शकील मास्टर पर कार्यवाही कर कुछ समय के लिए सट्टे का कारोबार पर लगाम लगी थी,लेकिन एक बार फिर से नगर में ये अवैध कारोबार फलने -फूलने लगा है। मोहल्ला रूकनपुर, गढ़ैया के अलावा कटरा बाजार, विभिन्न चौराहों आदि इलाकों में सट्टा लगाने की बात कही जा रही है। इधर एक व्यक्ति ने सट्टा लगने का वीडियो बना लिया तथा कुछ दिन पहले इसे वायरल कर दिया। पिछले सप्ताह बनाए गए इस वीडियो में सट्टेबाज के घर में खुलेआम काम चल रहा है। जिसमें नाम व नंबर लिखकर पर्ची दे रहे हैं। इनके हाथ में बाकायदा डायरी व पेन आदि है। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं देखा जाए तो पुलिस छोटे- मोटे सट्टा लगाने वालों को पकड़कर इतिश्री कर लेती है। पुलिस को इस समय सट्टे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए तथा मुखबिरों के जरिए इन लोगों की गिरफ्तारी करनी चाहिए। धन के लालच में एक मध्यम तथा निम्न वर्गीय व्यक्ति सट्टा लगाने जाता है तथा कमाई का काफी धन इसी में बरवाद कर देता है।

एरियर घोटाले में डीबीएनएल के 2 एक्सइएन सहित 5 सस्पेंड

आगरा। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. (डीबीएनएल) में एरियर की आड़ में बड़ा घोटाला सामने आया है। ऑडिट में सामने आया कि एरियर बढ़ाकर 2 करोड़ से ज्यादा की धनराशि निकाली गई। इस मामले में दो अधिशासी अभियंताओं की संलिप्तता भी सामने आई है। दो क्लर्क और लेखाकार प्रत्यक्ष रूप से इस घोटाले में शामिल थे। इस पर डीबीएनएल के एमडी नितीश कुमार ने पांचों को निलंबित करते हुए लेखाधिकारी और लिपिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। घपले को पकड़ने में नाकाम रहे आगरा जोन के तत्कालीन अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार सिंह और विजय प्रकाश के निलंबन की संस्तुति मुख्य अभियंता वितरण ने की थी। रविंद्र कुमार मुख्यालय में और विजय प्रकाश झांसी में तैनात हैं। आगरा के कमला नगर स्थित टेस्ट डिवीजन में वेतन और एरियार के संबंध में ऑडिट की गई। इसमें सामने आया कि लेखाकार पवन कुमार ने मार्च 2024 से मई 2025 के बीच अपना सातवें वेतन आयोग का एरियर बढ़ाते हुए 1.18 करोड़ रुपये निकाले। इसके अलावा क्लर्क पिंकी देवी के खाते में 63 लाख और क्लर्क चिंगीराम को 17 लाख रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया। बताया जा रहा है कि पिंकी देवी और चिंगीराम ने कैश के साथ पोस्ट डेटेड चेक दिए। मगर, पवन कुमार ने रकम नहीं लौटाई। अधिशासी अभियंता (टेस्ट) यादवेंद्र ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट भेजते हुए मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद डीबीएनएल के एमडी ने इस प्रकरण में तीनों कर्मचारियों के साथ तत्कालीन अधिशासी अभियंता रविंद्र सिंह और विजय प्रकाश को निलंबित कर दिया।

● 2 करोड़ का घपला करने वाले बाबू सहित 6 पर गिरी गाज, मुकदमा दर्ज

जंक्शन से बच्ची चोरी करने वाला आगरा कैंट से गिरफ्तार

● जीआरपी पुलिस ने 36 घंटे के अंदर बरामद की बच्ची, मां को सौंपी बच्ची

मधुसूदन शर्मा

मथुरा। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन से अपहत हुई बच्ची को जीआरपी की टीम ने मात्र 36 घंटे में आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से बरामद कर अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी रविवार की शाम सीओ जीआरपी नजमुल हुसैन रिजवी द्वारा पत्रकारों को दी।

ज्ञात रहे कि गत दिवस मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर 01 वर्षीय मासूम सरस्वती अपनी मां पूजा और बड़ी बहन 4 वर्षीय गौरा के साथ प्लेटफार्म पर सो रही थी। रात में मां शौचालय गई, तभी पीछे से आए एक युवक ने सोती हुई सरस्वती को गोद में उठाया और निकल पड़ा। इसी दौरान पूजा वापस लौटी तो उसने अनजान व्यक्ति को बच्ची लेकर जाते हुए देख लिया। उसने शोर मचाया और यात्रियों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह वहां से गुजर रही संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में चढ़कर फरार हो गया।

सीओ जीआरपी ने बताया कि शुक्रवार की रात को करीब दस बजे जंक्शन रेलवे स्टेशन से अपहत की गई करीब एक वर्षीय बच्ची सरस्वती को जीआरपी की टीम ने आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के खेरिया पुल के निकट से बरामद कर उसे अपहरण करने वाले सतीश पुत्र दुर्गपाल सिंह गौड़ निवासी मौहल्ला मदीना कलौनी थाना मनिया धौलपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। बच्ची का अपहरण करने के बाद सतीश प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी यूपी संपर्कक्रांति ट्रेन में सवार होकर आगरा पहुंच गया था। बच्ची के अपहरण की घटना जंक्शन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। छोटी बच्ची के अपहरण की सूचना मिलने के बाद सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से अपहरणकर्ता सतीश की फोटो जीआरपी को मिल गई थी। जीआरपी की टीमें अपहरणकर्ता को पकड़ने और बच्ची को बरामद करने में जुट गई। यूपी संपर्कक्रांति का अगला ठहराव आगरा था। जीआरपी की टीम तुरंत आगरा के लिए रवाना हो गई। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। रविवार की दोपहर 2:50 बजे टीम ने अपहरणकर्ता सतीश को आगरा कैंट स्टेशन के खेरिया पुल के नीचे से पकड़ कर उसके कब्जे से बच्ची को बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में सतीश ने चैंकाने वाला कारण बताते कहा कि कहा कि उसके खुद के चार बेटे हैं और बेटी की चाहत में उसने सरस्वती को उठा लिया। हालांकि, पुलिस उसके इस बयान पर भरोसा नहीं कर रही है। मथुरा थाना प्रभारी जीआरपी यादराम ने कहा कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और हर पहलू को गंभीरता से खंगाला जाएगा।

घर के सामने से घूरा हटाने को बुजुर्ग काट रहा अधिकारियों के चक्कर

टूंडला। थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव टूला हिम्मतपुर निवासी एक बुजुर्ग खुद की जगह में अपने घर के सामने से दबंग विपक्षीगणों द्वारा डाले जा रहे, घूरा कूड़ा करकट को हटवाने के लिए लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहा है, और अधिकारियों से बार बार आश्वासन लेकर लौट आता है। पीड़ित बुजुर्ग रामसनेही पुत्र मटरू सिंह ने बताया कि उसके घर के सामने रहने वाले दबंग पड़ौसी अमर सिंह पुत्र भगवान सिंह व देवेंद्र उर्फ खलीफा भूरा उर्फ कृष्णपाल पुत्रगण अमर सिंह रेखा व राधा पुत्री अमर सिंह उसके घर के सामने घूरा कूड़ा करकट डालते हैं, मना करने पर भद्दी भद्दी गालियां देते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। एक बार इसी बात को लेकर उक्त दबंगों द्वारा उसके साथ मारपीट कर चुके है। उसके द्वारा बार बार समाधान दिवस तथा थाना पचोखरा, पुलिस अधीक्षक आदि को शिकायत कर कर के थक चुका है। हर बार अधिकारी उसको आश्वासन दे देते है, मगर पड़ौसी दबंगों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही जिससे उक्त दबंगों के हौसले बुलंद हैं। और वह मनमानी पर उतारू है, पीड़ित बुजुर्ग ने प्रशासन से उक्त दबंगों पर कार्यवाही करने और अपने घर के सामने से घूरा हटवाए जाने की मांग की है।

संक्षेप

बीते सप्ताह आयातित तेल कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। विगत सप्ताह विदेशी बाजारों में खाद्य तेल कीमतों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू बाजार में आयातित तेल, विशेषकर सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। छिटपुट त्योहारी मांग के बावजूद ऊंचे दाम पर लिवाली प्रभावित रहने से सरसों तेल-तिलहन तथा बेहद कमजोर कामकाज के बीच बिनौला तेल कीमतों में अपने विगत सप्ताहांत के मुकाबले गिरावट देखी गई। सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्व सप्ताहांत के स्तर पर स्थिर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि विगत सप्ताहांत के कारोबारी सत्रों में आयातित तेलों के भाव में मजबूती देखी गई। सोयाबीन डीगम के दाम भी आखिरी कारोबारी सत्रों में मजबूत रहे हैं। पाम-पामोलीन का भाव ऊंचा बोला जा रहा है और इन तेलों के भाव सोयाबीन के आसपास हो गये हैं। जाहिर है कि इस ऊंचे दाम पर पाम-पामोलीन खपेगा नहीं केवल भाव ऊंचा बना रह सकता है। इन परिस्थितियों में सोयाबीन तेल-तिलहन और पाम-पामोलीन के दाम में मजबूती देखी गई।

स्मार्टफोन स्पार्क गो 5जी की पहली सेल शुरू

नयी दिल्ली। टेक्नो का उद्देश्य भारत के हर कोने में सबसे बेहतर सिग्नल प्रदान करना है। इसके नए स्मार्टफोन स्पार्क गो 5जी की पहली सेल शुरू हो गई है। भारत में डिजिटल जनरेशन के लिए बनाया गया स्पार्क गो 5जी पूरे जनसमूह तक पॉवर, स्टाईल, विश्वसनीयता और भविष्य की टेक्नोलॉजी पहुँचा रहा है। इस डिवाईस की सेल 21 अगस्त से पूरे भारत में शुरू हो गई है। स्पार्क गो 5जी में दोगुनी बैटरी, दोगुनी परफॉर्मेंस और दोगुनी कनेक्टिविटी प्राप्त होती है। इसके बाद भी यह स्मार्टफोन बहुत स्लिम और स्टाईलिश है।

अटूट बंधन, रिश्ता दिल का रोडशो का यूपी चैप्टर शुरू

अयोध्या। मोदीकेयर लिमिटेड ने अपने भव्य रोडशो अटूट बंधन, रिश्ता दिल का के यूपी चैप्टर की शुरूआत की, जिसे समीर के. मोदी ने प्रयागराज स्थित प्रतिष्ठित चन्द्र शेखर आजाद पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उन्होंने भारत के सबसे महान क्रान्तिकारियों में से एक को श्रद्धांजली अर्पित की। 4 दिनों की यह ऐतिहासिक यात्रा उत्तर प्रदेश के 6 शहरों में तकरीबन 500 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। डायरेक्ट सैलिंग उद्योग में अपनी तरह का पहला यह रोडशो मोदीकेयर परिवार के साथ अटूट बंधन और आजादी एवं सफलता का जश्न मनाने की दिशा में मोदीकेयर की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके लिए हजारों अडवाइजर्स एक मंच पर इकट्ठा हुए।

वृहद ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ। इंडियन बैंक द्वारा संपूर्ण भारत देश में वृहद ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी क्रम में लखनऊ अंचल के अंतर्गत आने वाली सभी शाखाओं में ग्राहक दिवस मनाया गया। जिसमें सभी आयु वर्ग के ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान की। इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता ने मुख्य शाखा में उपस्थित सभी बैंक ग्राहकों का अभिवादन करते हुए, बैंक द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं, समस्त उत्पादों एवं बैंक द्वारा शुरू की गई 30 से अधिक डिजिटल यात्राओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साथ ही बैंक द्वारा विशेष जमा उत्पाद, इंड संपूर्ण प्लस वेतन खाता, इंड पेंशन प्राइम प्लस पेंशनर्स खाता, इंड एस्पायर, इंड प्रो एवं इंड शक्ति - महिलाओं के लिए विशेष बचत खाता जैसे नवीन जमा उत्पादों का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों को प्रेरित किया।

सीमित दायरे में रह सकता सोना

नयी दिल्ली। सोने की कीमतें अभी कुछ समय तक सीमित दायरे में रह सकती हैं, लेकिन अमेरिकी केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) के सितंबर में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दर कम करने की उम्मीदों के बीच कुल मिलाकर सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। विश्लेषकों ने कहा कि व्यापारी दूसरी तिमाही की जीडीपी और पीसीई महंगाई दर जैसे अमेरिका के कुछ प्रमुख आर्थिक आंकड़ों और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों के बयानों पर बारीकी से नजर रखेंगे। इन जानकारियों से उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति क्या होगी और सोने के बाजार की दिशा क्या रहेगी।

ब्याज दर पर फैसले से तय होगी बाजार की चाल

नयी दिल्ली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना से घरेलू शेयर बाजार में आशावाद बढ़ सकता है।

विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि निवेशकों का ध्यान भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क लगाने की समयसीमा नजदीक आने पर भी है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों, वैश्विक रुझानों और व्यापक आर्थिक आंकड़ों से इस सप्ताह शेयर बाजार के रुझान तय होंगे।

बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों से कुछ समर्थन मिलने की संभावना है, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अपने भाषण में ब्याज दरों में संभावित कटौती का संकेत दिया है, जिसके बाद अमेरिकी बाजारों में जोरदार उछाल आया और डॉलर सूचकांक कमजोर हुआ। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी योजना से संबंधित 27 अगस्त की समय सीमा होगी। स्पष्टता के अभाव में एफआईआई की भागीदारी कम रह सकती है। इसके साथ ही अमेरिका, चीन और भारत के व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी कड़ी नज़र रखी जाएगी। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को तेज बढ़त के साथ बंद हुए। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.89 प्रतिशत, नैस्डैक कंपोजिट 1.88 प्रतिशत और एसएंडपी 500 1.52 प्रतिशत चढ़ा। फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के जैक्सन हॉल भाषण से सितंबर में ब्याज दरों में कटौती का संकेत मिलता है। हमें उम्मीद है कि जीएसटी 2.0 सुधारों और घरेलू स्तर पर व्यापक आर्थिक मजबूती को लेकर आशावाद से भारतीय शेयर बाजारों को समर्थन मिलता रहेगा। वैश्विक स्तर पर भारत के खिलाफ अमेरिकी शुल्क कार्रवाई पर स्पष्टता आने और भारत तथा अमेरिका, दोनों के आगामी जीडीपी आंकड़े निवेशकों की धारणा को आकार देंगे। पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 709.19 अंक या 0.87 प्रतिशत उछला, जबकि निफ्टी 238.8 अंक या 0.96 प्रतिशत बढ़ा।

शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.72 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नयी दिल्ली। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह l,72,148.89 करोड़ रुपये बढ़ा। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा बढ़त के साथ शीर्ष पर रही।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 709.19 अंक या 0.87 प्रतिशत उछला। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस को लाभ हुआ। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के मूल्यांकन में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 48,107.94 करोड़ रुपये बढ़कर 19,07,131.37 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 34,280.54 करोड़ रुपये बढ़कर 6,17,672.30 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

मध्यप्रदेश को मिले 56,414 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

कटनी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य के कटनी जिले में आयोजित खनन सम्मेलन 2.0 के दौरान राज्य को आठ खनन कंपनियों से 56,414 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले।

उन्होंने शनिवार को सम्मेलन में कहा कि मध्यप्रदेश खनिज संसाधनों के मामले में कभी पीछे नहीं रहा और अब देश के खनन राज्य के रूप में खुद को विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से राज्य में उद्योग स्थापित करने का आग्रह किया और सरकार की ओर से उन्हें पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। यादव ने कहा कि सम्मेलन देश भर के उद्योगपतियों की मध्यप्रदेश में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्ताव राज्य को खनन क्षेत्र में और प्रगति करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, प्रसंस्करण और विकास के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। खनन क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई), ब्लॉकचेन और रिमोट सेंसिंग के उपयोग के लिए टेक्समिन आईएसएम, धनबाद के साथ एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राज्य ने खनिज अन्वेषण अनुसंधान के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईसर), भोपाल के साथ भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों की संख्या नहीं घटी

नयी दिल्ली। खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि केंद्र ने पंजाब में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत स्वीकृत 1.41 करोड़ लाभार्थियों में एक भी लाभार्थी को कम नहीं किया है, बल्कि राज्य सरकार से केवल समावेश मानदंडों के आधार पर लाभार्थियों की दोबारा जांच करने को कहा है ताकि पात्र दावेदारों को लाभ मिल सके।

जोशी ने यह बात पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दावे के बाद शनिवार को कही। मुख्यमंत्री ने कहा था कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एनएफएसए के तहत राज्य में आठ लाख से ज्यादा राशन कार्ड धारकों के नाम हटाना चाहती है, लेकिन उनकी सरकार ऐसा नहीं होने देगी। जोशी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, भगवंत मान को तथ्यों को सही से समझने की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाभार्थियों के लिए अनिवार्य ई-केवाईसी का निर्देश उच्चतम न्यायालय ने दिया था और केंद्र केवल राज्यों से इसे लागू करने के लिए कह रहा है। मंत्री ने कहा कि पंजाब को इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कई बार समय-सीमा बढ़ाई गई है। जोशी ने कहा कि कि एनएफएसए 2013 के तहत, पात्र लाभार्थियों की पहचान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और इसके लिए उनके अपने मानदंड हैं। इस प्रक्रिया में केंद्र सरकार की कोई भूमिका नहीं है। केंद्र सरकार ने केवल पंजाब सरकार के समावेश मानदंडों के आधार पर लाभार्थियों की दोबारा जांच करने को कहा है। इस तरह, इस योजना से नहीं जुड़े पात्र लाभार्थी को जोड़ा जा सकेगा। जोशी ने कहा कि सभी 1.41 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। इससे पहले, चंडीगढ़ में मीडिया को संबोधित करते हुए, मान ने दावा किया था कि उनकी सरकार को केंद्र से एक रिपोर्ट मिली है।

विनियमित आईपीओ-पूर्व कारोबारी मंच निवेशकों के लिए पारदर्शिता लायेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी की एक विनियमित आईपीओ-पूर्व कारोबारी मंच शुरू करने की योजना निवेशकों द्वारा गैर-सूचीबद्ध शेयरों की खरीद-बिक्री के तरीके को नया रूप दे सकती है। बाजार विशेषज्ञों ने यह बात कही। इस कदम से लंबे समय से अपारदर्शी और अघोषित बाजार के प्रभुत्व वाले क्षेत्र में पारदर्शिता आएगी और खुदरा निवेशकों के लिए जोखिम कम होंगे। इसके अलावा कर्मचारियों, खासकर ईएसओपी (कर्मचारी शेयर विकल्प) रखने वालों के लिए यह ढांचा एक बड़ा बदलाव ला सकता है। ईएसओपी का एक बड़ा हिस्सा आज भी अप्रयुक्त है, क्योंकि कर्मचारियों के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले नकदी विकल्पों तक पहुंच नहीं है। प्लैनिफाई गैर-सूचीबद्ध शेयरों की खरीद-बिक्री का कारोबार करती है। सेबी की प्रस्तावित प्रणाली के साथ इनके पास एक विनियमित वातावरण में अपनी होल्डिंग के मौद्रिकरण का एक सुरक्षित रास्ता होगा। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को आईपीओ-पूर्व शेयर कारोबार के लिए एक विनियमित मंच शुरू करने का संकेत दिया था।

सरकार कर रही 25,000 करोड़ रुपये की सहायता योजना पर विचार

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत वर्ष 2025 से 2031 तक के लिए निर्यातकों को लगभग 25,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने वाले उपायों पर विचार कर रही है।

सूत्रों ने बताया, इस प्रोत्साहन का मुख्य उद्देश्य निर्यातकों को आसान और किफायती ऋण उपलब्ध कराना है। वाणिज्य मंत्रालय ने यह प्रस्ताव वित्त मंत्रालय की व्यय वित्त समिति (ईएफसी) के पास भेजा है। यदि इन उपायों को मंजूरी मिल जाती है, तो ये भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न होने वाली वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। ईएफसी से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद वाणिज्य मंत्रालय केंद्रीय मंत्रिमंडल से संपर्क करेगा। प्रस्तावित मिशन का उद्देश्य अगले छह वर्षों (वित्त वर्ष 2025-31) में व्यापक,

समावेशी और टिकाऊ निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देना है। इसके तहत पारंपरिक तरीकों से आगे जाकर उन प्रमुख बाधाओं को दूर करने के नए उपाय खोजे जाएंगे, जिनका सामना भारतीय निर्यातक खासकर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) करते हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस मिशन को दो उप-योजनाओं के जरिए लागू करने का प्रस्ताव है जिसमें निर्यात प्रोत्साहन (10,000 करोड़ रुपये से अधिक) और निर्यात दिशा (14,500 करोड़ रुपये से अधिक) शामिल हैं। सरकार निर्यात प्रोत्साहन योजना के तहत जिन मुख्य बातों पर विचार कर रही है, उनमें अगले छह वित्त वर्षों (2025-2031) के लिए 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज समानीकरण समर्थन शामिल है। इसके अलावा, योजना में वैकल्पिक व्यापार वित्त साधनों को बढ़ावा देना, ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराना और निर्यातकों के सामने आने वाली नकदी की कमी को दूर करने के लिए अन्य वित्तीय व्यवस्थाएं करना भी शामिल है। इसी तरह, निर्यात दिशा योजना के तहत प्रस्तावित घटकों में निर्यात की गुणवत्ता मानकों के पालन के लिए समर्थन (लगभग 4,000 करोड़ रुपये), विदेशी बाजारों के विकास (4,000 करोड़ रुपये से अधिक), ब्रांडिंग, निर्यात के लिए भंडारण और लॉजिस्टिक, तथा अधिक से अधिक भारतीय उद्यमों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने के लिए क्षमता निर्माण शामिल है।

एसबीआई के बाद, बैंक ऑफ इंडिया ने आरकॉम अनिल अंबानी को धोखाधड़ी करने वाला बताया

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक के बाद, बैंक ऑफ इंडिया ने भी दिवालिया हो चुकी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित किया है और इस मामले में कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी लिया है।

शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने 2016 में कथित तौर पर धन के हेरफेर का हवाला दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बीओआई ने अगस्त 2016 में रिलायंस कम्युनिकेशंस को उसके चालू पूंजीगत व्यय और परिचालन व्यय तथा मौजूदा देनदारियों के भुगतान के लिए 700 करोड़ रुपये का ज ण दिया था। रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक के पत्र के बारे में बताया है। इसके अनुसार अक्टूबर 2016 में जारी की गई स्वीकृत राशि का आधा हिस्सा एक सावधि जमा में निवेश किया गया था, जिसकी स्वीकृति पत्र के अनुसार अनुमति नहीं थी। आरकॉम ने कहा कि उसे 22 अगस्त को बैंक ऑफ इंडिया से आठ अगस्त का एक पत्र मिला है, जिसमें बैंक द्वारा कंपनी, अनिल धीरजलाल अंबानी (कंपनी के प्रवर्तक और पूर्व निदेशक) और मंजरी अशोक कक्कड़ (कंपनी की पूर्व निदेशक) के ज ण खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के फैसले की जानकारी दी गई है। इससे पहले, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी इस साल जून में ऐसा ही किया था, जिसमें ऋण की शर्तों का उल्लंघन करते हुए लेनदेन करके बैंक के धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था। एसबीआई की शिकायत के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी के आवास से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ने रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी, जो एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के छोटे भाई हैं, द्वारा कथित हेराफेरी के चलते 2,929.05 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा किया है। इसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने शिकायत दर्ज की। एक बयान में सभी आरोपों और अभियोगों का पुरजोर खंडन किया।

पेज एक का शेष

आत्मनिर्भर भारत

इनके नामों का पहली बार खुलासा फरवरी 2024 में तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में किया गया था। मोदी ने गगनयान परियोजना की औपचारिक घोषणा 2018 में की थी। इस परियोजना का उद्देश्य तीन सदस्यीय चालक दल को 2027 में तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजना है। सिंह ने इसरो के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन में शामिल चार गगनयात्रियों को सम्मानित किया। उन्होंने बाद में अपने संबोधन में इन चारों गगनयात्रियों को देश के रत्न और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अग्रदूत बताया। वायु सेना सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह भी शामिल हुए। शुक्ला की पत्नी एवं पुत्र तथा तीन अन्य गगनयात्रियों के परिवार के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरिक्ष से प्राप्त प्रौद्योगिकियां भारत के हर गांव और हर खेत में काम आ रही हैं, फिर चाहे वह संचार उपग्रह हों या मौसम निगरानी हो या आपदा प्रबंधन हो। उन्होंने जोर देकर कहा, भारत अंतरिक्ष यात्रा में पीछे नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अंतरिक्ष खनन, गहन अंतरिक्ष अन्वेषण और ग्रहीय संसाधन मानव सभ्यता की दिशा को पुनर्परिभाषित करेंगे। सिंह ने कहा कि दुनिया एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुकी है जहां अंतरिक्ष अब केवल सैन्य शक्ति या तकनीकी कौशल का प्रतीक नहीं रह गया है, बल्कि मानव सभ्यता की सामूहिक यात्रा में एक नया मंच बन गया है। उन्होंने कहा, भारत ने दुनिया को हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है और आज हमारे वैज्ञानिक एवं अंतरिक्ष यात्री इसी संदेश को नयी ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। वह अन्य साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पिछले महीने एक्सिओम मिशन 4 के तहत 20 दिन के अंतरिक्ष प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौटे थे। उन्होंने साउथ ब्लॉक में सिंह से बृहस्पतिवार को मुलाकात की था जहां उन्होंने उनकी अंतरिक्ष यात्रा, कक्षा में उनके द्वारा किए गए प्रयोगों और भारत के अग्रणी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान पर चर्चा की थी। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला की यात्रा को असैन्य-सैन्य एकीकरण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, वह भारतीय वायु सेना की वर्दी पहनते हैं लेकिन अंतरिक्ष में उनकी यात्रा केवल सशस्त्र बलों या केवल भारत की ओर से नहीं, बल्कि समस्त मानवता के प्रतिनिधि के रूप में थी। इस ऐतिहासिक मिशन के माध्यम से असैन्य क्षेत्र में उनका योगदान इतिहास में सदैव अंकित रहेगा। सिंह ने अंतरिक्ष यात्रियों को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। बाद में शुक्ला ने आईएसएस की यात्रा के अपने अनुभव साझा किए।

झारखंडः पूर्व मुख्यमंत्री

किया गया है। चंपई सोरेन के आवास पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने घोषणा की थी कि वह विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। झारखंड में 20 से ज्यादा आदिवासी संगठनों, किसानों और जमीन मालिकों ने रविवार को उस जगह पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है जहां l,074 करोड़ रुपये की राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स)-2 अस्पताल परियोजना प्रस्तावित है। रिम्स-2 का तात्पर्य राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के विस्तार से है, जो राज्य की एक प्रमुख स्वास्थ्य सुविधा है। परियोजना स्थल नागरी की ओर जाने वाली सड़कों पर अवरोधक लगा दिए गए हैं। क्षेत्र के एक स्थानीय निवासी बसंत कुमार महतो (50) ने कहा कि उन्हें कांके के चांदनी चौक के पास रोक दिया गया। उन्होंने दावा किया, मैं रिंग रोड पर रहता हूं, लेकिन मुझे अपने घर जाने की अनुमति नहीं है। रांची जिला प्रशासन ने भी नागरी क्षेत्र में सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगाते हुए निषेधाज्ञा लगा दी है। परियोजना स्थल क्षेत्र में सार्वजनिक सभाओं और पांच या अधिक लोगों के जमा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस परियोजना के लिए 207 एकड़ भूमि आवंटित की है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने पिछले महीने दावा किया था कि रिम्स-2 में 2,600 बिस्तरों वाला अस्पताल होगा और इसमें 100 स्नातक एवं 50 स्नातकोत्तर सीट होंगी।

सिख गुरुओं ने

कीर्तन पाठ के जरिये इस आयोजन की शुरुआत हुई। इसी तरह गुरु नानक देव जी महाराज के 550वें प्रकाश पर्व पर भी मुख्यमंत्री आवास पर पहली बार गुरुवाणी का आयोजन हुआ था। योगी ने गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पैडलेगंज का यह गुरुद्वारा वर्षों से सिख संगत की आस्था का केंद्र रहा है। पहले यहां सुविधाओं का अभाव था, लेकिन अब पर्यटन विभाग और सरकार की मदद से इसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है। योगी ने गोरखपुर में सिख समुदाय की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आयोजन पूर्वी उत्तर प्रदेश के सिख समुदाय को एकजुट करने का अवसर है। इस दौरान सांसद रवि किशन शुक्ला, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, कालीबाड़ी के महंत रवींद्र दास समेत गुरुद्वारा कमेटी के वरिष्ठ सदस्य एवं सिख समुदाय के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

भारतीय आंकड़ों

लाइसेंस (यूएल) प्रदान किया है। यह लाइसेंस तब दिया गया जब अमेरिकी कंपनी ने एकीकृत लाइसेंस से जुड़े नियमों और शर्तों पर सहमति व्यक्त की। इसमें सुरक्षा शर्तें भी शामिल हैं जो सभी उपग्रह आधारित संचार सेवाएं देने वाली कंपनियों पर लागू होती हैं। मंत्री ने कहा, सुरक्षा शर्तों में अन्य बातों के साथ-साथ उपग्रह आधारित संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत में अर्थ स्टेशन गेटवे की स्थापना शामिल है, जिसमें भारत से आने वाले या भारत के लिए जाने वाले किसी भी उपयोगकर्ता ट्रैफिक को भारत के बाहर स्थित किसी भी गेटवे के माध्यम से नहीं भे जाएगा। देश के बाहर भारतीय आंकड़ों की कोई प्रतिलिपि या उसे पढ़ने के हिसाब से नहीं बनाया जाएगा, और भारतीय उपयोगकर्ता ट्रैफिक को विदेश में स्थित किसी भी सिस्टमासर्वर पर प्रतिबिंबित नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दूरसंचार विभाग ने उपग्रह-आधारित संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण सहित स्पेक्ट्रम आवंटन की शर्तों पर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से सिफारिशें मांगी थीं। ये सिफारिशें नौ मई को प्राप्त हो गईं। मंत्री ने कहा, उपग्रह-आधारित संचार सेवाएं एक उभरता हुआ क्षेत्र है और किसी भी नई आर्थिक गतिविधि की तरह, इससे देश में रोजगार सृजन की भी उम्मीद है, क्योंकि इसमें अन्य बातों के अलावा, उपयोगकर्ता टर्मिनल उपकरणों सहित दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव शामिल है।

चमोली आपदा

संवेदनशीलता के साथ उन्हें सहयोग मिले। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मुख्यमंत्री धामी को बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक कुलसारी में 12, प्राथमिक विद्यालय चेपड़ो में 36 और थराली अपर बाजार प्राथमिक विद्यालय में 20 लोगों को सुरक्षित ठहराया गया है। प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, दवाइयाँ और रुकने की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त कर दिया गया है और बिजली-पानी की आपूर्ति जल्द सामान्य होने की बात कही। मुख्यमंत्री धामी के साथ थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभिषेक गुप्ता और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

होशियारपुर

जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा शनिवार को की। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इस घटना पर दुख जताया।

थलसेनाध्यक्ष

प्रयासों की पृष्ठभूमि में भारत इस अफ्रीकी राष्ट्र के साथ अपने रक्षा संबंधों का विस्तार करने के लिए कदम उठा रहा है। थलसेना ने एक बयान में कहा, इस यात्रा का उद्देश्य भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करना है, जिसमें सेनाओं के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना, क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर दृष्टिकोण साझा करना और रक्षा औद्योगिक सहयोग के अवसरों की खोज करना शामिल है। भारत और अल्जीरिया ने सैन्य क्षेत्र में सहयोग के लिए पिछले साल नवंबर की शुरुआत में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। थलसेना ने कहा, थलसेना प्रमुख की यात्रा से दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने तथा साझा सुरक्षा हितों, क्षेत्रीय स्थिरता एवं रक्षा सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

सुप्रीम कोर्ट के

उतारने के लिए स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं और आशा कार्यकताओं की भागीदारी भी जरूरी मानी गई है। मोहल्ला-स्तर पर इन्हीं की मदद से कुत्तों की पहचान, मानवीय तरीके से पकड़ना, उपचार, टीकाकरण और पुनःस्थापन का काम तेज होगा। समुदाय की भागीदारी से विवाद भी कम होंगे और निगरानी बेहतर बनेगी। केंद्र का मानना है कि चुनौती केवल कुत्तों की बढ़ती संख्या नहीं है, बल्कि इनके काटने से लोगों में फैलने वाली बीमारी भी है। रैबिज जानलेवा है; इसलिए टीकाकरण जरूरी है। इसलिए राज्यों को निर्देश है कि वे विस्तृत मासिक रिपोर्ट पशु कल्याण बोर्ड को भेजें। इन्हीं रिपोर्टों पर तय होगा कि किस राज्य ने नियमों और अदालत के निर्देशों का पालन कितनी गंभीरता से किया।

एकीकृत हवाई

वालें, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और सशस्त्र बलों को बधाई दी। नयी हवाई रक्षा प्रणाली का उड़ान परीक्षण ऑपरेशन सिंदूर के साढ़े तीन महीने बाद हुआ है। सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा, मैं आईएडीडब्ल्यूएस को सफलतापूर्वक विकसित करने के लिए डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, इस अद्वितीय उड़ान परीक्षण ने हमारे देश की बहुस्तरीय हवाई रक्षा क्षमता को स्थापित किया है और यह दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाएगी। आईएडीडब्ल्यूएस के अंतर्गत एक केंद्रीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र सभी हथियार प्रणालियों का एकीकृत संचालन करेगी। डीआरडीओ ने कमान एवं नियंत्रण केंद्र बनाया है, जो वायु रक्षा कार्यक्रम के लिए नोडल प्रयोगशाला है। वीएसएचओआरएडीएस और डीईडब्ल्यू क्रमशः अनुसंधान केंद्र इमारत और उच्च ऊर्जा प्रणाली एवं विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित किए गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, उड़ान परीक्षणों के दौरान क्यूआरएसएएम, वीएसएचओआरएडीएस और उच्च ऊर्जा लेजर हथियार प्रणाली ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर तीन अलग-अलग लक्ष्यों को एक साथ निशाना बनाया और पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।

ऑस्ट्रेलिया की 276 रन की रिकॉर्ड जीत

ऑलराउंडर कूपर कोनोली ने 22 रन देकर पांच विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को झकझोर दिया

एजेंसी

मैके (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे में तेज गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए तेज शतक जड़े जिससे दक्षिण अफ्रीका को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। ट्रेविस हेड (142), कप्तान मिशेल मार्श (100) के बाद कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) के पहले एकदिवसीय शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 431 रन से वनडे में अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। यही टीम घरेलू टीम श्रृंखला के पहले दो मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 रन का आंकड़ा पार करने में विफल रही थी। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे ऑलराउंडर कूपर कोनोली ने 22 रन देकर पांच विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को झकझोर दिया जिससे मेहमान टीम 24.5 ओवर में 155 रन पर ऑल आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस 49 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। कोनोली ने अपनी बाएं हाथ की स्पिन से निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया और ऑस्ट्रेलिया को 276 रन से जीत दिलाई। तेज गेंदबाज शॉन एबॉट ने 27 रन देकर दो विकेट और जेवियर बार्टलेट ने 45 रन देकर दो विकेट झटके इससे पहले ऑस्ट्रेलिया अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर चार विकेट पर 434 रन से बस कुछ ही दूर रह गया जो उसने 2006 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाया था। उसके लिए दूसरी बार शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने वनडे पारी में शतक जड़े। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाले हेड और मार्श ने घरेलू टीम को 34 ओवर में बिना विकेट गंवाए 250 के स्कोर तक पहुंचा दिया। इन दोनों ने दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन गेंदबाजी के खिलाफ पहले विकेट के लिए ऑस्ट्रेलिया की चौथी सबसे बड़ी साझेदारी बनाई।

दक्षिण अफ्रीका ने केर्न्स और मैके में क्रमशः 84 रन और 98 रन की शानदार जीत से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार पांचवीं द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला पहले ही जीत ली थी जिसके बाद तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को इस मैच के लिए आराम दिया गया था। कागिसो रबाडा टखने की चोट के कारण पहले ही श्रृंखला से बाहर हो गए थे जिससे दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों के पास ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तीन बल्लेबाज़ों की आक्रामकता को नियंत्रित करने का अनुभव नहीं था। अपना तीसरा एकदिवसीय मैच खेल रहे क्वेना मफाका ने अपने छह ओवरों में 73 रन दिए। वियान मुल्डर काफी महंगे साबित हुए जिन्होंने अपने सात ओवरों में 93 रन दिए। सिनर सेनुरन मुथुसामी ने अपने नौ ओवरों में 75 रन देकर एक विकेट झटका। हेड ने 103 गेंद में 17 चौके और पांच छक्के से 142 रन जबकि मिचेल मार्श ने 106 गेंद में 100 रन बनाए जिसमें छह चौके और पांच छक्के जड़े थे। मार्नस लाबुशेन से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे गए कैमरन ग्रीन ने आखिरी 10 ओवरों में दबदबा बनाया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 60 गेंद में बिना विकेट गंवाए 126 रन जोड़े। ग्रीन ने 55 गेंद में छह चौके और आठ छक्के से नाबाद 118 रन बनाए। उन्होंने एलेक्स कैरी (नाबाद 50 रन, 37 गेंद) के साथ मिलकर 164 रन की तूफानी साझेदारी की।

ऐश्वर्य ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

शिमकेंट। भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रविवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। जूनियर पुरुष थ्रीपी स्पर्धा में एड्रियन कर्माकर ने फाइनल में 463.8 के एशियाई जूनियर रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। तोमर ने 462.5 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया।

चीन के वेनयू झाओ ने 462 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि जापान के नाओया ओकाडा ने 445.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। तोमर ने इस स्पर्धा में अपना दबदबा बनाए रखा और प्रतियोगिता के अधिकांश हिस्से में बढ़त बनाए रखी। इस 24 साल के निशानेबाज ने नीलिंग पोजीशन में बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन इसे प्रोन पोजीशन में दोहरा नहीं सके। उन्होंने हालांकि स्टैंडिंग दौर में अच्छा प्रदर्शन किया और 1.5 से अधिक अंकों की बढ़त के साथ प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्रवेश करने के बाद विजेता बने। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय निशानेबाजों में चैन सिंह चौथे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योराण फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले तोमर, चैन सिंह और श्योराण की भारतीय तिकड़ी ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। तोमर क्वालिफिकेशन में कुल 584 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे। तोमर का यह इसी स्पर्धा में दूसरा एशियाई खिताब था।

उन्होंने 2023 में भी स्वर्ण पदक जीता था। जकार्ता में 2024 सत्र में हालांकि उन्हें श्योराण से हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। अनुभवी चैन सिंह 582 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता श्योराण ने 581 अंकों के साथ सातवां क्वालिफाइंग स्थान हासिल किया। चीन के भी तीनों निशानेबाजों ने क्वालिफाई किया, जबकि अन्य दो स्थान क्रमशः जापान और कोरिया को मिले। भारत टीम स्वर्ण पदक से तीन अंक चूक गयी।

भारतीय तिकड़ी का कुल स्कोर 1747 था जो चीन के कुल स्कोर से तीन अंक कम था। इस बीच ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन दौर में प्रिसिशन चरण के बाद चौथे स्थान पर है। ईशा सिंह दूसरे स्थान पर रहीं। मनु इस सप्ताह की शुरुआत में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीत चुकी है। वेदांत वाघमारे जूनियर पुरुषों की 3पी स्पर्धा में 582 के स्कोर के साथ क्वालिफाइंग में दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एड्रियान 576 के स्कोर के साथ आठवां और आखिरी क्वालिफाइंग स्थान हासिल किया। सामी उल्लाह खान (575), रोहित कान्यान (575), गौरव देसले (569) और हितेश श्रीनिवासन (564) जैसे निशानेबाज क्वालिफाई नहीं कर पाए। वेदांत, एड्रियान और रोहित की तिकड़ी ने कुल 1733 के संयुक्त स्कोर के साथ टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

संक्षेप

गुकेश का सामना फिरोज़ा और प्रज्ञानानंदा का डूडा से

सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैम्पियन डी गुकेश सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा से भिड़ेंगे जबकि उनके हमवतन आर प्रज्ञानानंदा का सामना पोलैंड के डूडा जान-क्रिज्सटॉफ से होगा। प्रतियोगिता में विश्राम दिवस से पहले फैबियानो कारूआना दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ 3.5 अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद प्रज्ञानानंदा का नंबर आता है जो उनसे आधा अंक पीछे है। प्रज्ञानानंदा ने पहले राउंड में गुकेश पर एकमात्र जीत के बाद लगातार चार ड्रॉ खेले। अमेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद पांच खिलाड़ियों अमेरिकी जोड़ी वेस्ली सो और सैमुअल सेवियन, फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लग्रेव, फिरोजा और गुकेश का नंबर आता है। इन सभी के समान 2.5 अंक हैं। डूडा के दो अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर मौजूद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक आगे हैं।

स्नेहा, प्रणवी व हिताशी ने कट में जगह बनायी

गोटेनबर्ग (स्वीडन)। भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह, प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी यहां हिल्स ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन कट में जगह बनाने में सफल रहीं। पहली बार लेडीज़ यूरोपियन टूर में खेल रही स्नेहा ने पहले राउंड के 72 के स्कोर के बाद दूसरे राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं। प्रणवी (76-72) और हिताशी (74-75) क्रमशः संयुक्त 41वें और संयुक्त 53वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ी अमनदीप द्राल (77-77), त्वेसा मलिक (79-76), अवनि प्रशांत (72-84) और वाणी कपूर कट से चूक गईं, जो सात ओवर पार पर रहा था। वाणी दूसरे राउंड में रिटायर हो गईं थी। जर्मनी की लियोनी हार्म और स्वीडन की मेजा ऑर्टेनग्रेन संयुक्त बढ़त पर हैं।

सुब्रतो कप : असम, केरल बंगाल, सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली। असम, केरल, पश्चिम बंगाल और हरियाणा ने रविवार को 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट (जूनियर बालिका अंडर-17) के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। असम के बेतकुची हाई स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोवा के सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल को 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। केरल के लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल ने एक कड़े मुकाबले में मेघालय के नोंगजरी प्रेस्बिटेरियन सेकेंडरी स्कूल को 1-0 से हराया।

देवरिया ने दमदार प्रदर्शन से जीती ओवरऑल ट्रॉफी

लखनऊ। देवरिया के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पांचवीं उत्तर प्रदेश राज्य अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मेजबान लखनऊ ने कड़ी टक्कर दी लेकिन उसे उपविजेता ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। उत्तर प्रदेश अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में आयोजित चैंपियनशिप के तीसरे व अंतिम दिन देवरिया ने 268 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं मेजबान लखनऊ 186 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि वाराणसी को 160 अंक के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डा.सुधीर एम.बोबडे (आईएएस, अपर मुख्य सचिव- राज्यपाल, उत्तर प्रदेश) एवं विशिष्ट अतिथि डा.आरपी सिंह (खेल निदेशक, उत्तर प्रदेश) एवं डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन) ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र सिंह चौहान ने

पांचवीं उत्तर प्रदेश राज्य अंडरवाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप

धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गोवा फिन स्वीमिंग एसोसिएशन के सचिव अजय ग्रामोपाध्याय, उत्तर प्रदेश अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष रचना सिंह, सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेद्र सिंह चौहान, राष्ट्रीय खिलाड़ी सतीश यादव सहित अवनीश प्रताप सिंह, विनय बोस, मनदीप सिंह परमार व अन्य मौजूद थे।

भारोत्तोलन में मीराबाई चानू ने की वापसी

अहमदाबाद। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक साल के अंतराल के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी करेंगी और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी जिसमें भारतीय भारोत्तोलकों से पदकों की झड़ी लगाने की उम्मीद है। हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक में खेली थीं जिसमें वह एक किलोग्राम से पोडियम स्थान से चूक गई थीं। इकतीस वर्षीय मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है।

वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए वह अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें।

लखनऊ में यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के ट्रायल शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पहली बार प्रोफेशनल अंदाज में शुरू हो रही 'यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' के लिए लखनऊ में आयोजित चयन ट्रायल्स की शुरुआत रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देशीय हॉल में हुई। इस ट्रायल के

पहले दिन 250 खिलाड़ी उतरे मैदान में

पहले दिन करीब 250 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया जिसमें लखनऊ मंडल सहित गोरखपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, अयोध्या और आजमगढ़ मंडल के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का आयोजन 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय ने बताया कि यह प्रदेश के हैंडबॉल खिलाड़ियों को प्रोफेशनल मंच देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पहले ही दिन 250 खिलाड़ियों की भागीदारी बताती है कि युवाओं में

हैंडबॉल को लेकर गहरी उत्सुकता है। इस लीग से खिलाड़ियों को पहचान के साथ आर्थिक सुरक्षा भी मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि 25 अगस्त को देवीपटन, प्रयागराज, कानपुर, बस्ती, झांसी और चित्रकूट मंडल के खिलाड़ियों के लिए ट्रायल होंगे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन) ने कहा कि यूपी प्रो हैंडबॉल लीग प्रदेश में हैंडबॉल के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगी। मुझे विश्वास है कि इस पहल से उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी आने वाले वर्षों में न केवल राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनेंगे बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगे। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के हैंडबॉल कोच मोहम्मद तौहीद ने बताया कि इन ट्रायल्स के जरिए खिलाड़ियों का एक पूल तैयार किया जाएगा।

भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

ब्रिस्बेन। ऑफ स्पिनर एमी एडगर के पांच विकेट के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां एकमात्र अनधिकृत महिला टेस्ट के अंतिम दिन भारत ए को छह विकेट से हरा दिया। एडगर ने 57 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दिन के दूसरे ओवर में वीजे जोशीथा का विकेट लेकर अपना पांचवां विकेट हासिल किया, जिससे भारत ए की दूसरी पारी 286 रन पर सिमट गई और मेजबान टीम को 281 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ए ने अनिका लियरॉयड (72), रेचल ट्रेनामन (64) और मैडी डेक (68) के अर्धशतकों की बदौलत 85.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज ट्रेनामन और कप्तान ताहलिया विल्सन (46) ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी कर भारतीय आक्रमण पर दबाव बना दिया।

फुटबॉल : बार्सिलोना ने लेवांटे को 3-2 से हराया

एजेंसी

बार्सिलोना। बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मेजबान टीम लेवांटे पर 3-2 से जीत दर्ज करके अपना विजय अभियान जारी रखा। शीर्ष लीग में जगह बनाने वाले लेवांटे ने मध्यांतर तक दो गोल की बढ़त हासिल करके सबको चौंका दिया था। गत विजेता बार्सिलोना को दूसरे हाफ में पेड्री गोंजालेज और फेरान टोरेस ने बराबरी दिलाई। इसके बाद लेमिन यामल ने विजयी गोल करने में मदद की जब उनके क्रॉस पर लेवांटे के उनाई एल्गेज़ाबल ने गेंद को अपने ही नेट में पहुंचा दिया। यह आत्मघाती गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

इससे पहले लेवांटे के स्ट्राइकर इवान रोमेरो ने 15वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा। जोस लुइस मोरालेस ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड लगातार दूसरे मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया। उसने एल्चे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलकर अपनी बढ़त गंवा दी। एक अन्य मैच में मालोर्का ने सेल्टा विगो के साथ 1-1 से ड्रॉ खेल कर अंक बांटे।

भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में भूटान को 8-0 से रौंदा

अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने रविवार को यहां सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में मेजबान भूटान को 8-0 से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। अनुष्का (53वें, 61वें, 73वें) के शानदार प्रदर्शन के अलावा अभिस्ता बसनेट (23वें, 89वें) ने दो गोल किए जबकि पर्ल फर्नांडीस (71वें), दिव्यानी लिंडा (77वें) और वलैना जादा फर्नांडीस (90+2वें) ने गोल किए। भारतीय टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी लेकिन भारत ने दूसरे हाफ में दबदबा कायम करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। भारत ने टूर्नामेंट में अब तक 17 गोल किये हैं जबकि उसके खिलाफ कोई भी गोल नहीं हुआ है। टीम ने इस जीत के साथ ही अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। भारत के नाम अब तीन मैचों में नौ अंक हैं, जो बांग्लादेश और नेपाल से काफी आगे हैं। इन दोनों टीमों के तीन-तीन अंक है। भूटान का अभी खाता नहीं खुला है।

आर्सेनल की लीड्स पर बड़ी जीत, टॉटनहैम ने सिटी को पराजित किया

विक्टर ग्रोकेरेस ने आर्सेनल के लिए अपना पहला गोल दागा, जिससे उनकी टीम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में लीड्स को 5-0 से हराया। जुरियन टिम्बर ने 34वें मिनट में आर्सेनल के लिए कॉर्नर से गोल किया, जिसके बाद बुकायो साका ने हाफटाइम के पहले गोल करके घरेलू टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

ग्रोकेरेस ने शुरुआती दौर में एक आसान मौका गंवाने के बाद वापसी करते हुए दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद अपने घरेलू मैदान पर गोल किया। टिम्बर ने इसके बाद अपना दूसरा गोल किया। मैक्स डाउमैन ने बेंच से उतरते हुए दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन किया। वह 15 साल और 235 दिन की उम्र में एथन नवानेरी के बाद आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। इस किशोर खिलाड़ी ने स्टॉपेज टाइम में अपनी टीम के लिए पेनल्टी हासिल की, जिसे ग्रोकेरेस ने गोल में बदला। इस बीच टॉटनहैम ने नए कोच थॉमस फ्रैंक के नेतृत्व में प्रीमियर लीग सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने ब्रेनन जॉनसन और जोआओ पल्हिन्हा के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी पर 2-0 की प्रभावशाली जीत हासिल की।

डांगो औटारा ने अपने पहले मैच में गोल करके ब्रेंटफोर्ड को एस्टन विला पर 1-0 से जीत दिलाई जबकि बोर्नमाउथ ने वॉल्वरहैम्प्टन पर 1-0 की जीत के साथ अंक तालिका में अपना खाता खोला।

मेरठ मेवरिक्स ने नोएडा किंग्स को 41 रन से हराया

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टी-20 लीग 2025 के 14वें मुकाबले में रविवार को मेरठ मेवरिक्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नोएडा किंग्स को 41 रन से पराजित कर दिया। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में खेले गए इस मैच में मेरठ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में नोएडा की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर केवल 143 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ मेरठ मेवरिक्स ने अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी मेरठ मेवरिक्स की शुरुआत सामान्य रही। सलामी बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा ने 20 रन (15 गेंद) और रितुराज शर्मा ने 34 रन (19 गेंद) बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। मध्यक्रम में कप्तान रिंकू सिंह बड़ी पारी नहीं खेल पाए और केवल 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हालांकि, इसके बाद युवा बल्लेबाज दिव्यांश राजपूत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 28 गेंदों पर नाबाद 53 रन ठोक दिए। उनकी पारी में चौकों और छक्कों की झड़ी देखने को मिली। अंत में रितिक वात्स (24 रन, 18 गेंद) और यश गर्ग (13 रन, 5 गेंद) ने भी तेज रन जोड़कर स्कोर को 184 तक पहुंचा दिया। 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने

उतरी नोएडा किंग्स की शुरुआत लड़खड़ाती रही। सलामी बल्लेबाज अनिकेश चौधरी मात्र 9 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रवि सिंह (28 रन, 24 गेंद) और सत्यम संगू (20 रन, 20 गेंद) ने थोड़ी उम्मीद जगाई, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। मध्यक्रम में प्रशांत वीर ने 39 रन (37 गेंद) और करन शर्मा ने 37 रन (24 गेंद) की पारियां खेलीं, लेकिन कोई भी बल्लेबाज पारी को संभालने और अंत तक टिकने में नाकाम रहा। पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर केवल 143 रन ही बना पाई। मेरठ मेवरिक्स की जीत में गेंदबाजों का बड़ा योगदान रहा। टीम के लिए सबसे घातक गेंदबाज रहे जीशान अंसारी, जिन्होंने 4 ओवर में केवल 17 रन देकर 4 विकेट झटके। उनके अलावा कार्तिक त्यागी ने 2 विकेट और विशाल चौधरी ने 2 विकेट हासिल किए। नोएडा के बल्लेबाज जीशान के सामने पूरी तरह असहाय नजर आए। मैच का निर्णायक मोड़ तब आया जब नोएडा की टीम को 10 ओवर में 90 रन चाहिए थे और हाथ में 7 विकेट बचे थे। इसी समय जीशान अंसारी ने लगातार विकेट निकालकर मैच मेरठ की झोली में डाल दिया। उनके शानदार स्पेल ने नोएडा की उम्मीदों को पूरी तरह तोड़ दिया। दिव्यांश राजपूत को उनकी नाबाद अर्धशतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उनके ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर मेरठ ने बड़ा स्कोर खड़ा किया, जिसका पीछा करना नोएडा के लिए मुश्किल साबित हुआ। इस जीत के साथ मेरठ मेवरिक्स ने टूर्नामेंट में अपना अभियान और मजबूत कर लिया है।

संसद के सत्र में व्यवधान ठीक नहीं

केंद्रीय गृहमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना, कहा- सदन में निष्पक्ष होने चाहिए तर्क-वितर्क

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि संसद या विधानसभाएं चर्चाओं और परिचर्चाओं के स्थान हैं, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सत्र को चलने नहीं देना ठीक नहीं है। शाह ने यह टिप्पणी ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए की। इससे तीन दिन पहले संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों के बाद बार-बार व्यवधान और स्थगन के कारण बहुत कम कामकाज हो पाया। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि जब संसद में सीमित चर्चा-परिचर्चा होती है, तो राष्ट्र निर्माण में सदन का योगदान प्रभावित होता है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में चर्चा-परिचर्चा होनी ही चाहिए, लेकिन किसी के संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सदन को चलने न दिया जाए, यह ठीक नहीं है।

शाह ने कहा विपक्ष को हमेशा संयमित रहना चाहिए। विरोध जताने के नाम पर अगर सदन को दिन-प्रतिदिन या सत्र-दर-सत्र चलने नहीं दिया जाएगा, तो यह ठीक नहीं है। देश को इस पर विचार करना होगा, लोगों को इस पर विचार करना होगा और निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस पर विचार करना होगा। शाह ने कहा कि सभी परिचर्चाओं में कुछ न कुछ सार्थकता होनी चाहिए और सभी को अध्यक्ष पद की गरिमा व सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें जनता के मुद्दों को उठाने को लेकर एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के तर्क निष्पक्ष होने चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन का संचालन संबंधित सदन के नियमों और विनियमों के अनुसार हो। हस्तिनापुर में महाभारत की पात्र द्रौपदी के अपमान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ है, देश को भयावह परिणाम देखने को मिले हैं। गृह मंत्री ने स्वतंत्रता के बाद से भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की सराहना की और कहा कि यहां लोकतंत्र की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सत्ता बदलने के दौरान यहां खून की एक बूंद भी नहीं गिरी है, जबकि कई देशों में लोकतांत्रिक स्थिति समय बीतने के साथ-साथ खराब होती गई। उन्होंने कहा कि यदि संसद या विधानसभाओं में चर्चा नहीं होगी तो ये इमारतें बेजान बनी रहेंगी। उन्होंने कहा, अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी सदस्य इन भवनों में विचार व्यक्त करते हैं, तभी यह एक जीवंत इकाई बनती है, जो देश और राज्यों के हित में काम करती है।

स्पीकर को अभिभावक के साथ-साथ सेवक भी बताते हुए शाह ने कहा कि लोकतंत्र में लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए विचार-मंथन सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून का उद्देश्य हमेशा जनता का कल्याण, देश का समावेशी विकास, प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करना, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा होना चाहिए। शाह ने केंद्रीय विधान सभा के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि 100 वर्ष पहले आज ही के दिन, महान स्वतंत्रता सेनानी विट्ठलभाई पटेल को केंद्रीय विधान सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

वोट चोरी के बाद सत्ता चोरी में जुटी भाजपा : खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गिरफ्तारी को हथियार बनाकर 30 दिनों के भीतर विपक्षी सरकारों को गिराने और लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक लाकर वोट चोरी के बाद अब सत्ता चोरी में जुटी है। खरगे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने के प्रावधान वाले विधेयक नागरिकों से अपनी सरकार चुनने या हटाने का अधिकार छीन लेते हैं तथा यह शक्ति प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी संस्थाओं को दे देते हैं।

❍ पीएम, सीएम, मंत्रियों को हटाने वाले विधेयकों पर खरगे

उन्होंने कहा यह लोकतंत्र पर बुलडोजर चलाने जैसा है। खरगे ने यहां इंदिरा भवन में हरियाणा और मध्यप्रदेश की जिला कांग्रेस समितियों (डीसीसी) के नवनियुक्त अध्यक्षों के साथ बैठक में अपने शुरुआती संबोधन में यह टिप्पणी की। उन्होंने जिला कांग्रेस प्रमुखों को बूथ और मंडल समितियों के गठन में विशेष सावधानी बरतने तथा यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि इन समितियों के सदस्य पार्टी के प्रति वफादार हों और कांग्रेस की विचारधारा से न भटकें। खरगे ने कहा, जिला अध्यक्ष अपने अधीन ब्लॉक समिति बनाता है। वह मंडल और बूथ समितियां बनाता है। जब आप ये समितियां बनाते हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि इसमें शामिल सभी सदस्य पार्टी के प्रति वफादार और मेहनतकश हों। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे कांग्रेस की विचारधारा से न भटकें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसे लोगों की जरूरत है, जिन्हें अगर कोई प्रलोभन भी दे, तो भी पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा न डगमगाए। खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने अपने मजबूत संगठन के कारण लंबे समय तक देश पर शासन किया और मंत्रियों के लिए यह जरूरी था।

संक्षेप

राहुल गांधी को एक और हार का सता रहा डर

शिमला। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस उनके नेतृत्व में पहले ही लगभग 90 चुनाव हार चुकी है और अब उन्हें आगामी बिहार चुनाव में एक और हार का डर सता रहा है। हमीरपुर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ठाकुर ने आरोप लगाया कि राहुल हर चुनावी हार के बाद वीवीपैट या ईवीएम को दोष देते हैं औरै अब, चुनावों से पहले ही, वह निर्वाचन आयोग के बारे में निराधार बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी नेताओं ने देश की संवैधानिक संस्थाओं में विश्वास खो दिया है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के कार्यकाल के दौरान संवैधानिक संस्थाओं को मज़बूत करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ सख्त कानून लाने के प्रयास किए हैं।

केवल आधार से कोई मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हो सकता : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को विपक्ष पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि शीर्ष अदालत ने यह नहीं कहा कि सिर्फ आधार ही मतदान का अधिकार पाने के लिए वैध दस्तावेज हो सकता है। उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि बिहार में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बाहर किए गए मतदाता अन्य दस्तावेजों के साथ आधार जमा कर सकते हैं।

भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि आधार केवल पहचान और निवास का प्रमाण है, परंतु यह नागरिकता स्थापित नहीं करता। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कहीं भी यह नहीं कहा कि इसे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए वैध दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जाए।

निर्वाचन आयोग गोदी आयोग बना : तेजस्वी

एजेंसी

अररिया (बिहार)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रकोष्ठ के रूप में काम करने का आरोप लगाया और कहा कि निर्वाचन आयोग गोदी आयोग बन गया है। तेजस्वी यादव बिहार के अररिया में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के दीपांकर भट्टाचार्य और इंडिया गठबंधन के घटक दलों के अन्य प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यादव ने कहा, निर्वाचन आयोग अपनी विश्वसनीयता खो चुका है। बिहार में मतदाता सूची का उसका विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। यह लोगों के वोट चुराने का प्रयास है।

निर्वाचन आयोग भाजपा के एक प्रकोष्ठ के रूप में काम कर रहा है। यह गोदी आयोग बन गया है। इसके अधिकारी भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार कर रहे हैं। यादव ने कहा हम निर्वाचन आयोग को बिहार में आगामी चुनाव में भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए वोट चुराने नहीं देंगे।

बिहार में इंडिया के घटक दल एकजुट होकर काम कर रहे : राहुल गांधी

एजेंसी

अररिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सभी घटक दल आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं और इसके सार्थक परिणाम मिलेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अररिया में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के अंत में होने वाले चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन जल्द ही एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा। गांधी ने कहा इंडिया गठबंधन जल्द ही बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा। विपक्षी गठबंधन के सभी घटक दल वैचारिक और राजनीतिक रूप से एकजुट होकर काम कर रहे हैं और सार्थक परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा मैं इसे इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच एक अच्छी साझेदारी कहता हूं।

रूसी तेल पर ट्रंप के विचारों को भारत गंभीरता से ले : निक्की

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा कि भारत को रूसी तेल पर ट्रंप की बात को गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही हेली ने कहा कि भारत को समाधान खोजने के लिए व्हाइट हाउस के साथ काम करना चाहिए। हेली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा व्यापार संबंधी मतभेदों और रूसी तेल आयात जैसे मुद्दों से निपटने के लिए कठोर बातचीत की आवश्यकता है।

उन्होंने एक्स पर उस लेख का एक अंश पोस्ट किया, जो उन्होंने पिछले सप्ताह न्यूजवीक के लिए लिखा था। यह लेख राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में आए तनाव पर था। हेली को दोनों देशों के बीच शुल्क को लेकर तनाव के बीच भारत का पक्ष लेने के लिए अपनी

पार्टी के भीतर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अपने लेख में हेली ने कहा भारत रूस से भारी तेल खरीद रहा है, जिसे लेकर ट्रंप निशाना साध रहे हैं, जो सही है। इससे व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए धन जुटाने में मदद मिल रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि भारत के साथ एक अहम स्वतंत्र और लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि चीन जैसे विरोधी की तरह। हेली ने विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों, भारत और अमेरिका के बीच दशकों पुरानी मित्रता और सद्भावना पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा यह मौजूदा उथल-पुथल से आगे बढ़ने के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है। हेली ने कहा कि अमेरिका और भारत को सबसे महत्वपूर्ण बात, यानी हमारे साझा लक्ष्यों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। चीन का सामना करने के लिए अमेरिका के पास भारत के रूप में एक मित्र होना चाहिए। हेली ने अपने लेख में कहा भारत अकेले ही चीन जैसे पैमाने पर उन उत्पादों का निर्माण करने की क्षमता रखता है, जिनका यहां (अमेरिका में) शीघ्रता से या कुशलतापूर्वक उत्पादन नहीं किया जा सकता।

अमेरिकी सहायता बंद, दक्षिण अफ्रीका में एचआईवी के इलाज के लिए जूझ रहे लोग

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। अमेरिका की ओर से मिलने वाली विदेशी सहायता बंद होने के बाद दक्षिण अफ्रीका में ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) से पीड़ित हजारों लोग इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनियाभर में एचआईवी संक्रमितों की सबसे अधिक संख्या दक्षिण अफ्रीका में है। छह महीने पहले अमेरिका की ओर से दी जाने वाली वाली विदेशी सहायता बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद निशुल्क एचआईवी सेवाएं प्रदान करने वाले कई गैर-लाभकारी क्लीनिक 24 घंटे अंदर बंद कर दिए गए थे। जिसके कारण जोहानिसबर्ग में यौनकर्मियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई थीं। क्लीनिकों के बंद होने की खबर फैलते ही एचआईवी पीड़ित और वे लोग तुरंत जीवन रक्षक दवाएं खरीदने पहुंच गए, जिन्हें एचआईवी होने का खतरा है। देश भर में बंद हुए 12 क्लीनिकों में 63,000 से ज्यादा लोगों का इलाज किया जा रहा था। ऐसे में 2,20,000 से ज्यादा लोगों को अपनी दैनिक एचआईवी दवा लेने में रुकावट का सामना करना पड़ा।



Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com